RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 140
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं अपनी समूची सफलता यात्रा के लिए डीआईडी का शुक्रगुजार हूं
विविध-11

# बंगाल विधानसभा में विधायकों में मारपीट, एक की नाक तोड़ी

सौगर सेन गुप्ता। कोलकाता

- बीरभूम नरसंहार मामले पर चर्चा को लेकर भिड़े तृणमूल व भाजपा के विधायक
- सुवेंदु अधिकारी समेत भाजपा के पांच विधायक निलंबित, विरोध में निकाला मार्च
- अग्निकांड पीड़ित एक और महिला ने तोड़ा दम

**बीरभूम** नरसंहार मामले को लेकर बंगाल विधानसभा में सोमवार को भारी हंगामा हुआ। इस दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के विधायकों के बीच बहस हिंसा में बदल गई और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों ओर से कई विधायकों को चोटें आई हैं, जबकि पिटाई से नाक टूट जाने के कारण तृणमूल विधायक असित मजूमदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सदन में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी पर मजूमदार की नाक तोड़ने का आरोप लगा है। बीरभूम जिले के रामपुरहाट में पिछले हफ्ते छह महिलाओं व दो बच्चों समेत आठ लोगों को आग में जिंदा जलाकर मार डाला था। आगजनी में 65 प्रतिशत जली एक अन्य महिला ने सोमवार को दम तोड़ दिया। मारपीट तब शुरू हुई जब अधिकारी ने रामपुरहाट हिंसा पर चर्चा की मांग की, लेकिन स्पीकर बिमान बनर्जी ने उनके अनुरोध को ठुकरा दिया। इस पर भाजपा के विधायक नारेबाजी करते हुए सदन में अध्यक्ष की कुर्सी के पास जमा हो गए और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान की मांग करने लगे। इसी दौरान सत्ता पक्ष के विधायक भी अपनी कुर्सियों से उठ खड़े हुए। दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। मार्शलों ने उन्हें अलग करने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते विधायक एक-दूसरे पर मुक्के बरसाने लगे। इसी दौरान हुगली के विधायक असित मजूमदार की नाक पर चोट लगी। उनका चश्मा भी टूट गया। बाद में उन्हें अत्याधुनिक एसएसकेएम अस्पताल के वुडबर्न वार्ड में भर्ती कराया गया।

मजूमदार ने अपनी नाक से खून बहने पर मीडियाकर्मियों से कहा कि एक वरिष्ठ व्यक्ति होने के नाते मैं दोनों पक्षों से शांत होने का अनुरोध कर रहा था, उसी समय सुवेंदु अधिकारी ने मुझे मारा और मेरे चश्मे का शीशा और नाक तोड़ दी। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि वह केवल दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश कर रहे थे और वास्तव में उन्होंने अपनी पार्टी के लोगों को सुरक्षित सदन से बाहर निकाला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों को सदन में तैनात किया था, जिन्होंने हमारे साथ धक्का-मुक्की की। यदि मैं अपने विधायकों को बाहर नहीं निकालता तो हमारे विधायक बुरी तरह घायल हो गए होते। भाजपा विधायक मनोज तिग्गा ने बाद में शिकायत की कि टीएमसी विधायकों ने उनकी पिटाई की और उनके कपड़े फाड़ दिए।

बाद में अध्यक्ष ने अधिकारी समेत चार अन्य विधायकों मनोज तिग्गा, शंकर घोष, नरहरि महतो और दीपक महतो को कथित कदाचार के लिए निलंबित कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह बंगाल के इतिहास में अभूतपूर्व घटना है। विधानसभा विचारों के आदान-प्रदान की जगह होती है, लेकिन इस अभद्र आचरण ने सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा को ठेस पहुंचाई है। विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे संसद में भाषण के दौरान प्रधानमंत्री को परेशान नहीं करते हैं, लेकिन वे प्रतिदिन विधानसभा में हंगामा करते हैं। आज चीजें चरम पर पहुंच गईं। उन्होंने जिस तरह से महिला गार्ड पर हमला किया है, यह बहुत बुरा बर्ताव है। बेहतर होता कि ऐसी घटना नहीं हुई होती। ( शेष पेज 8 )

## बंगाल के राज्यपाल ने शाह से की मुलाकात



**कोलकाता।** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और बंगाल में चल रहे राजनीतिक हालात को लेकर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि धनखड़ ने शाह के सामने रामपुरहाट सामूहिक हत्याकांड के बारे में पूरी जानकारी रखी। इस बीच सोमवार को भाजपा सांसद सौमित्र खान ने मांग की कि बिगड़ती कानून-व्यवस्था को देखते हुए राज्य में अनुच्छेद 355 का इस्तेमाल किया जाए।

# आधुनिक तकनीक से सुरक्षित होगा अपराधियों का रिकॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- भारी विरोध के बीच लोकसभा में दंड प्रक्रिया पहचान विधेयक 2022 पेश
- विपक्ष ने बिल को बताया असंवैधानिक, सरकार बोली-आधुनिक तकनीक अपनाना समय की मांग

**सरकार** ने विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच लोकसभा में सोमवार को दंड प्रक्रिया (पहचान) विधेयक, 2022 पेश किया। विधेयक में किसी अपराध के मामले में गिरफ्तार और दोषसिद्ध अपराधियों का रिकॉर्ड रखने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की अनुमति देने का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक पेश करते हुए गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि मौजूदा अधिनियम को बने 102 साल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उसमें सिर्फ फिंगर प्रिंट और फुटप्रिंट लेने की अनुमति दी गई, जबकि अब नई प्रौद्योगिकी आई है और इस संशोधन की जरूरत पड़ी है। उन्होंने कहा कि इससे जांच एजेंसियों को मदद मिलेगी और दोषसिद्धि भी बढ़ेगी। कानून मंत्रालय और सभी संबंधित पक्षों के साथ लंबी चर्चा के बाद यह विधेयक लाया गया है।

विपक्षी सदस्यों ने सरकार के इस कदम को अवैध एवं असंवैधानिक करार दिया। सदन में कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी, अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय और आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने दंड प्रक्रिया (पहचान) विधेयक पेश करने के लिए मत विभाजन कराने पर जोर दिया। सदन में हुए मत विभाजन में 58 के मुकाबले 120 मतों से विधेयक को पेश करने की मंजूरी दी गई। इस विधेयक को हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। मिश्रा ने विपक्ष के सदस्यों की आपत्ति के जवाब में कहा कि मौजूदा प्रस्ताव किसी भी दृष्टि से मनमाना नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने जब लखीमपुर खीरी मामले को लेकर मिश्रा पर कुछ टिप्पणी की तो मिश्रा ने कहा कि मैंने 2019 में नामांकन पत्र भरा था। अगर मैं एक भी मिनट के लिए जेल गया हूं, मेरे खिलाफ एक भी मामला हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

इस बीच, विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह अनुच्छेद 20 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस सदन को यह चर्चा करनी चाहिए कि क्या सत्तापक्ष को यह अधिकार है कि वह ऐसा विधेयक लाए जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात करता हो। आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने आरोप लगाया कि इस विधेयक के जरिए संविधान के कई अनुच्छेदों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर मान लीजिए मेरे खिलाफ कोई मामला दर्ज होता है तो मेरा डीएनए जांचा जाएगा। इसका क्या मतलब है। यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने दावा किया कि अगर यह कानून यहां से पारित होता है तो यह न्यायपालिका में नहीं ठहर पाएगा।

तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने कहा कि फिंगर टेस्ट करने और जैविक नमूने लेने की क्या जरूरत है, क्या अपराध अचानक से बढ़ गए हैं। यह विधेयक मानवाधिकारों का हनन करता है और संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। उन्होंने गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं आग्रह करता हूं कि गृह मंत्री (अमित शाह) इस बारे में समझाएं। टेनी जी क्या समझाएंगे। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि देश की शीर्ष अदालत ने पुट्टूस्वामी मामले में जो निजता के अधिकार की बात कही थी, यह विधेयक उसका उल्लंघन करता है और यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। ( शेष पेज 8 )

# श्रमिक संगठनों की हड़ताल का बैंक परिवहन और खनन क्षेत्र पर असर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कर्मचारियों,** किसानों और आम लोगों पर प्रतिकूल असर डालने वाली सरकार की कथित गलत नीतियों के विरोध में श्रमिक संगठनों की दो दिन की देशव्यापी हड़ताल के पहले दिन सोमवार को बैंकिंग कामकाज, परिवहन और खनन एवं उत्पादन पर असर देखा गया। देश के प्रमुख श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा की तरफ हड़ताल का आह्वान किया गया है। हड़ताल के पहले दिन पश्चिम बंगाल और केरल में इसका खास असर देखा गया।

हालांकि, जरूरी सेवाएं काफी हद तक अप्रभावित रहीं लेकिन बैंकिंग कामकाज पर कई हिस्सों में असर पड़ा और खनन गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। बिजली एवं ईंधन आपूर्ति पर हड़ताल का कोई खास असर नहीं देखा गया लेकिन श्रमिक संगठनों ने दावा किया कि झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के कोयल खनन वाले इलाकों में कामगार इसका हिस्सा बने हैं। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की महासचिव अमरजीत कौर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हड़ताल को असम, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, पंजाब, राजस्थान, गोवा और ओडिशा के औद्योगिक क्षेत्रों से बढ़िया समर्थन मिला है। एटक के अलावा श्रमिक संगठन सीटू और इंटक समेत कुल 10 संगठन हाल में किए गए श्रम सुधारों और निजीकरण की कोशिशों का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा मनरेगा के लिए बजट आवंटन बढ़ाने और संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने की भी मांग है। पश्चिम बंगाल में हड़ताल में शामिल लोगों ने जगह-जगह प्रदर्शन करने के अलावा वाहनों एवं ट्रेनों के आवागमन को भी बाधित करने की कोशिश की। केरल में भी परिवहन निगम की बसों के अलावा ऑटोरिक्शा एवं निजी बसें नहीं चलीं लेकिन जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति, अस्पताल एवं एम्बुलेंस सेवाएं इससे अछूती रहीं। ( शेष पेज 8 )



श्रमिक संगठनों की हड़ताल के पहले दिन नई दिल्ली में एक बैंक शाखा के बाहर नारे लगाते कर्मचारी

# चंडीगढ़ में केंद्रीय सेवा नियमावली का विरोध

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

- पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने पंजाब पुनर्गठन अधिनियम की भावनाओं के विरुद्ध बताया
- शिरोमणि अकाली दल ने भी केंद्र से फैसले पर पुनर्विचार करने का किया अनुरोध

**पंजाब के** मुख्यमंत्री भगवंत मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्रीय सेवा नियमावली लागू किए जाने संबंधी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोमवार को दावा किया कि केंद्र का यह फैसला पंजाब पुनर्गठन अधिनियम की भावनाओं के विरुद्ध है। शाह की इस घोषणा पर भाजपा के कुछ विरोधी दलों ने त्वरित प्रतिक्रिया जताई है। कुछ नेताओं ने इसे पंजाब के अधिकारों पर एक और बड़ा कुठाराघात करार दिया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) नियमावली में बदलाव किए थे।

मान ने ट्वीट कर कहा कि केंद्र सरकार चंडीगढ़ प्रशासन में अन्य राज्यों एवं सेवाओं के अधिकारियों और कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से ला रही है। यह पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 की भावना के खिलाफ है। चंडीगढ़ पर अपने अधिकारपूर्ण दावे के लिए पंजाब संघर्ष करेगा। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) केंद्र के इस फैसले का विरोध करेगी तथा इस मुद्दे पर सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-नीत केंद्र सरकार पंजाब-विरोधी फैसले कर रही है। ( शेष पेज 8 )

## पाकिस्तान में इमरान खान के खिलाफ आया अविश्वास प्रस्ताव

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में नेता प्रतिपक्ष और पीएमएल-एन के नेता शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। इसके साथ ही खान को पद से हटाने की प्रक्रिया संसद के निचले सदन में शुरू हो गई है। दो दिन के अवकाश के बाद जब सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो उपाध्यक्ष कासिम खान सूरी ने सदस्यों से पूछा कि जो प्रस्ताव के समर्थन में हैं वे खड़े हो जाएं ताकि उनकी गिनती की जा सके। शरीफ ने सबसे पहले प्रस्ताव पेश किया कि उन्हें संसद के निचले सदन में प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखने की अनुमति दी जाए, जिसे 161 मतों से मंजूरी दे दी गई। इसके बाद शरीफ ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जो प्रधानमंत्री को पद से हटाने की संवैधानिक प्रक्रिया का पहला चरण है। चूंकि प्रस्ताव पर मतदान तीन से सात दिन के भीतर होना चाहिए, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष असद कैसर की अनुपस्थिति में अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष सूरी ने कार्यवाही 31 तक स्थगित कर दी।

# योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रियों को बंटे विभाग

- गृह समेत 34 विभाग मुख्यमंत्री के पास
- केशव को ग्राम्य विकास, ब्रजेश को स्वास्थ्य, जितिन को लोकनिर्माण विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने पहले कार्यकाल की ही तरह गृह, गोपन, नियुक्ति, कार्मिक जैसे 25 महत्वपूर्ण विभागों के साथ अपने पास 34 विभाग रखे हैं। सीएम ने इस बार न्याय विभाग अपने पास रखा है जबकि पिछली बार यह विभाग ब्रजेश पाठक के पास था। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को लोनिवि के बजाए इस बार ग्राम्य विकास विभाग दिया गया है। मनोरंजन कर, खाद्य प्रसंस्करण तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग पिछले कार्यकाल की भांति इस बार केशव के पास ही यथावत रखा गया है। केशव मौर्य इस बार विधान सभा का चुनाव हार गए हैं। बीजेपी ने पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए इस बार यह जिम्मा केशव को दिया है। ग्राम्य विकास में केंद्र से जुड़ी कई योजनाओं का समावेश होता है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास होता है। लोनिवि इस बार कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए जितिन प्रसाद को दिया गया है। दूसरे डिप्टी सीएम के तौर पर ब्रजेश पाठक को चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग दिया है। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,593 | ↑ | 231 | |
| निफ्टी | 17,222 | ↑ | 69 | |
| सोना | 51,545 | ↓ | 331 | /10g |
| चांदी | 68,331 | ↓ | 505 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गोरखा जनमुक्ति मोर्चा ने अलग गोरखालैंड की मांग छोड़ी

**दार्जीलिंग, कोलकाता।** अलग राज्य (गोरखालैंड) की मांग को लेकर 15 साल पहले अस्तित्व में आए गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) ने आखिरकार इस मुद्दे को छोड़ने और क्षेत्र के लिए राजनीतिक समाधान तलाशने का फैसला किया है। जीजेएम ने सोमवार को अपना रुख बदलते हुए कहा कि गोरखा समुदाय और पहाड़ी आबादी के लिए पश्चिम बंगाल के दायरे में रहना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसे एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तौर पर देखा जा रहा है, जिसके राज्य के उत्तरी हिस्से के लिए दूरगामी परिणाम होने की संभावना है। सोमवार को जीजेएम के एक प्रतिनिधिमंडल ने हमरो पार्टी के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक की, जो उत्तर बंगाल की पांच दिवसीय यात्रा पर है।

# मुसीबतों के साथ किराए से महंगा पड़ रहा अपना घर

पहली किस्त

- दिल्ली-एनसीआर की ऊंची इमारतों में सोसायटी के नाम पर हो रही अनाप-शनाप वसूली, बिल्डर करते हैं मनमानी
- अपने ही फ्लैट में 4,000 से 10000 रुपये प्रति माह भुगतान करने के लिए मजबूर

सौरव गुप्ता। नई दिल्ली

**दिल्ली-एनसीआर** की ऊंची इमारतों में रहने वाले हजारों निवासियों से बिल्डर्स सोसायटी और रखरखाव के नाम अनाप-शनाप वसूली कर रहे हैं। इतना ही नहीं, इन इमारतों में मूलभूत सुविधाओं और मुश्किलों का भी सामना करना पड़ रहा है। बिल्डरों की यह वसूली इतनी ज्यादा है कि लोगों को अपना घर किराए के मकान से महंगा लगने लगा है। अपने घर के लिए मेहनत की गाढ़ी कमाई लगाकर फ्लैट खरीदने के बाद भी सुविधाओं के नाम पर 4,000 से 10000 रुपये प्रति माह भुगतान करने के लिए मजबूर हैं। नोएडा एक्सटेंशन में स्टेलर वन सोसायटी के निवासी एकांश देसौर कहते हैं कि दिल्ली में किराए का आवास मेरे अपने फ्लैट से बेहतर था। पहले मैं 7000 रुपये किराया देता था, लेकिन अब जीवन भर की कमाई लगाने के बाद अपना फ्लैट खरीदने के बाद भी किराए से अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। सोसायटी का रखरखाव के लिए प्रतिमाह 4000 के अलावा फिक्स मीटर चार्ज, डीजी मासिक चार्ज के साथ हर महीने बिजली का बढ़ा देने को मजबूर हूं। इसके अलावा मुझे ईएमआई के रूप में 22,000 रुपये का भुगतान करना होता है।

एकांश तो उदाहरण मात्र हैं, क्योंकि लगभग सभी गगनचुंबी इमारतों के निवासियों की समस्याएं एक जैसी हैं। पायनियर के एक रियलिटी चेक में, बड़ी इमारतों में रहने वाले निवासियों के दर्द को जानने के लिए कई सोसायटी का दौरा करने पर पता चला कि वे बिल्डरों का उत्पीड़न सहने को मजबूर हैं और उनके खिलाफ कुछ भी कर पान में असमर्थ हैं। उनका कहना है कि सोसायटियों में फ्लैट खरीदने के बाद भी उनको हर काम के लिए दर-दर भटकने पड़ता है।

नोएडा सेक्टर 76 के आम्रपाली प्रिसिंले सोसायटी के एक अन्य निवासी केशव दुदानी ने कहा कि तीन बेडरूम-हॉल फ्लैट का रखरखाव लगभग 2100 रुपये प्रति माह है, लेकिन यदि आप समय पर भुगतान नहीं करते हैं तो रखरखाव विभाग आपके फ्लैट की बिजली काट की धमकी देने लगते हैं और प्रतिदिन के हिसाब से विलंब शुल्क वसूलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सोसायटी की सेवा बहुत खराब है। ( शेष पेज 8 )



प्रतीकात्म चित्र

# विल स्मिथ और सर्वश्रेष्ठ फिल्म कोडा का रहा जलवा

ऑस्कर पुरस्कार

भाषा। लॉस एंजिलिस

**अमेरिकी** सिनेमा जगत में प्रतिष्ठित माने जाने वाले ऑस्कर पुरस्कार समारोह में कोडा फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीतकर इतिहास रचा, वहीं जेन कैंपियन ने मनोविज्ञान पर आधारित अपनी फिल्म द पावर ऑफ द डॉग के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अकादमी पुरस्कार हासिल किया और विल स्मिथ ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेसिका चेस्टन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर अपने नाम किया। इस बीच समारोह में हुई एक अजीब घटना ने सभी को चौंका के रख दिया जब सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले विल स्मिथ ने मंच पर हास्य कलाकार क्रिस रॉक को थप्पड़ मार दिया। हालांकि, यह घटना विल स्मिथ को ऑस्कर मिलने से पहले हुई। दरअसल, क्रिस रॉक ने कार्यक्रम के दौरान विल स्मिथ की पत्नी जेडा पिंकेट को लेकर मजाक किया था। इसे लेकर विल स्मिथ बेहद नाराज हो गए सीधे मंच पर गए और क्रिस रॉक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद विल स्मिथ को किंग रिचर्ड फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर पुरस्कार मिला। ऑस्कर पाने के बाद अपने भाषण में विल स्मिथ रो पड़े और मंच पर क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ( शेष पेज 8 )



आस्कर मिलने के बाद प्रसन्न मुद्रा में फिल्म कोडा के कलाकार

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 मार्च 2022



# पेट्रोल पंप कर्मियों से दिनदहाड़े 25 लाख लूटे

## बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिस्टल से आतंकित कर दिया वारदात को अंजाम, फरार

● एसएसपी ने जांच के लिए पांच टीमें बनाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर में सोमवार दोपहर बदमाशों ने एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। पेट्रोल पंप के कर्मचारी दोपहर 3 दिनों का कैश इकट्ठा करके एचडीएफसी बैंक में जमा करने जा रहे थे। तभी पीछे से दो बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उनको ओवरटेक किया और बैग में रखी 25 लाख की नकदी लूटकर भाग हो गए। जब पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने अंधाधुन 3 राउंड फायरिंग की। जिसके बाद कर्मचारी दहशत में आ गए।

यह मामला मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुरम का है। जहां पर एक इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप है। पंप पर तैनात एक कर्मचारी ने बताया कि वह सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे पेट्रोल पंप पर 3 दिनों का इकट्ठा कैश लेकर एचडीएफसी बैंक में जमा करने जा रहा था। पेट्रोल पंप के कर्मचारी पप्पू कुमार के साथ एक और साथी सनी शुक्ला था। पीछे से पेट्रोल पंप का मैनेजर रितेश कुमार और वहीं पर काम करने वाले एक कर्मचारी ऋषभ शर्मा दूसरी बाइक पर पीछे-पीछे जा रहा था।

कर्मचारी ने बताया कि जैसे ही वह गोविंदपुरम बी ब्लॉक में पहुंचे, तभी पीछे से स्प्लेंडर और अपाचे मोटरसाइकिल पर 3 बदमाश उनके सामने आकर रुके। वह कुछ समझ पाते उससे पहले ही बदमाशों ने उनकी कनपटी पर पिस्टल लगा दी। बदमाशों ने बैग में रखा 25 लाख रुपया उनसे छीन लिया। जब बैंक मैनेजर रितेश कुमार ने इसका विरोध किया तो उन्होंने अंधाधुन 3 राउंड फायरिंग की। जिसके बाद वह चारों दहशत में आ गए। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। दिनदहाड़े गोविंदपुरम में ऐसी वारदात होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद एसएसपी भी मौके पर पहुंच गए। एसएसपी ने इस मामले में पांच टीमें गठित करके जांच के आदेश दिए हैं। इस टीम में पुलिस के उच्च अधिकारी भी शामिल हैं। एसएसपी पवन कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि 3 बदमाशों ने पेट्रोल पंप का 25 लाख रुपए कैश लूटा है। इस मामले में पुलिस ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा पेट्रोल पंप मैनेजर की शिकायत पर दर्ज किया गया है।


घटना के दौरान सीसीटीवी में कैद हुई बदमाशों की तस्वीर।

# एमएलसी के बेटे से लूट में व्यापारी नेता गिरफ्तार

● परिजनों ने थाने में किया हंगामा, लगाए मुर्दाबाद के नारे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पिछले साल दिसंबर में भाजपा एमएलसी के बेटे के साथ लूट व मारपीट के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने तुराब नगर निवासी व्यापारी नेता प्रमोद उर्फ राजू छाबड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के विरोध में परिजनों व व्यापारियों ने थाने में हंगामा कर दिया। मामला बढ़ता देख व्यापारी नेता को सिहानी गेट थाने लाया गया, लेकिन यहां आकर भी लोगों ने बखेड़ा कर दिया। परिजनों व व्यापारियों ने एमएलसी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। पुलिस का कहना है कि जांच में आरोप साबित होने पर राजू छाबड़ा को गिरफ्तार किया गया है।

थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर के धूम मानिकपुर निवासी अविनाश शर्मा भाजपा एमएलसी श्रीचंद शर्मा के बेटे हैं। उन्होंने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया था कि वह 5 दिसंबर की शाम साढ़े 4 बजे कार से रमतेराम रोड पर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से सियाज कार में सुभाष छाबड़ा का बेटा राजू छाबड़ा उतरकर आया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह वीडियो बनाने लगे तो तुराबनगर निवासी सुभाष छाबड़ा 4.5 अज्ञात लोगों संग आए और उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपियों ने डंडों से उनकी कार क्षतिग्रस्त करते हुए उसमें रखे 5 लाख रुपये और सोने की चेन लूट ली।

पुलिस ने राजू छाबड़ा व अन्य लोगों के खिलाफ लूट और हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया था। इसके बाद व्यापारी नेता पक्ष की महिला ने भी लूट और छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कनेक्शन के लिए मेगा ड्राइव आयोजित




नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक ईको विलेज-2 सोसाइटी में रविवार को निवासियों ने एनपीसीएल की डायरेक्ट बिजली कनेक्शन के लिए एक मेगा ड्राइव का आयोजन किया। इसमें वॉलिंटियर्स ने निवासियों को एनपीसीएल के कनेक्शन फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया। मेगा ड्राइव में वॉलिंटियर्स ने पीडीएफ के रूप में कनेक्शन फॉर्म को खुद प्रिंट करवाया। सोसाइटी के निवासी अनुपम मिश्रा और दिगपाल सिंह ने बताया कि मेघा ड्राइव में 800 लोगों ने फॉर्म भरे और 500 लोग वालंटियर से ले गए। उन्होंने बताया कि बिल्डर की मेंटेनेंस एजेंसी सोसायटी के निवासियों से 7.50 रुपए प्रति यूनिट लेती है, लेकिन एनपीसीएल का टैरिफ इससे कम है। वहीं, अगर किसी निवासी को अपने फ्लैट पर बिजली का लोड बढवाना हो तो इसके लिए सुपरटेक 20 हजार रुपये लेते हैं। साथ ही जीएसटी भी अलग से देनी होती है।


कार्यक्रम के दौरान नोएडा मीडिया क्लब में उपस्थित पत्रकार।

### 15 पत्रकारों का सामूहिक जन्मदिन मनाया

नोएडा। औद्योगिक नगरी नोएडा में पत्रकारों की सबसे बड़ी संस्था नोएडा मीडिया क्लब ने रविवार को अपने सदस्यों का सामूहिक जन्मदिन मनाया। संस्था के जिन सदस्यों का जन्मदिन मार्च के महीने में आया है, वे इस कार्यक्रम में खास आकर्षण के रूप में मौजूद रहे। सेक्टर 29 के नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित समारोह का आयोजन संस्था की कल्चरल एवम आयोजन कमेटी ने किया था। इस समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार और क्लब के संरक्षक विनोद शर्मा ने की। वहीं संचालन का जिम्मा कल्चरल कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने संभाला। नोएडा मीडिया क्लब में 324 पंजीकृत सदस्य हैं, जिनमें से 15 लोगों का जन्मदिन मार्च महीने में आया। कार्यक्रम में जन्मदिन वाली छहों शख्सियतों को कमेटी की ओर से कढ़ी के पत्ते का पौधा देकर सम्मानित किया गया। इनमें से 6 लोग न्यूज 24 चैनल के एग्जीक्यूटिव एडिटर अभिषेक आनंद, अमन इंडिया के एडिटर अकरम चौधरी, टीवी 100 न्यूज चैनल के ब्यूरो चीफ प्रवीण बहल, हिंदुस्तान के चीफ सब एडिटर शैलेंद्र झा, अमर उजाला के फोटो जर्नलिस्ट लाल सिंह और कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# 86 केंद्रों पर मेगा टीकाकरण अभियान शुरू

## प्रशासनिक अधिकारियों ने की अपील, अभिभावकों के साथ बच्चे भी लें सुरक्षा डोज

● सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा वैक्सीनेशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सोमवार से मेगा टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। पूरे जनपद में 86 केंद्रों पर कोरोना वायरस से बचने के लिए वैक्सीन लगाई जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अभिभावक अपने बच्चों को भी कोरोना वैक्सीन लगवाएं। बच्चे स्कूल जाने भी लगे हैं, इसलिए स्कूलों को काफी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी टीकाकरण किया जा रहा है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनील दोहरे ने बताया कि सोमवार से शुरू हुए मेगा टीकाकरण के तहत जनपद के 86 केंद्रों पर कोरोनारोधी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसमें बच्चों के टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा 20 केंद्र 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए आरक्षित किए गए हैं, जबकि 75 केंद्रों पर कोवाक्सीन और बच्चों को को कोर्बेवैक्स लगाई जाएगी।

बच्चों के टीकाकरण के लिए जन्म की तारीख से जुड़ा प्रमाण पत्र साथ ले जाना जरूरी है। केंद्र पर टीका सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। उन्होंने जनपद के लोगों से अपील किया है कि वे इस अभियान के तहत अपने और अपने बच्चों का टीकाकरण जरूर करवाएं और कोरोना वायरस से सुरक्षित रहें। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया है।


फाइल फोटो

# दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत मामले में जांच पूरी

● ठेकेदार व अवर अभियंता को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर में निर्माणाधीन नाले की खुदाई के दौरान पब्लिक स्कूल की दीवार ढहने से 3 मजदूरों की मौत होने के मामले में नगर निगम की जांच पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट के बाद ठेकेदार और अवर अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि रैनबो पब्लिक स्कूल प्रताप विहार की दीवार कमजोर होने के कारण यह हादसा हुआ।

उधर, इस प्रकरण में पुलिस में ठेका फर्म के दो कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर ठेकेदार और जूनियर इंजीनियर के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

बता दें कि प्रताप विहार में 22 मार्च की देर रात निर्माणाधीन नाले की दीवार एकाएक भरभरा कर गिर पड़ी थी। मलबे की चपेट में 5 मजदूर आ गए थे। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई थी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, केस दर्ज

नोएडा। कथित नौकरी दिलाने के नाम पर तीन महिलाओं समेत चार लोगों ने कई लोगों से लाखों रुपए की ठगी की। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तेजवीर नामक व्यक्ति ने थाना सेक्टर 58 में रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि सेक्टर 62 स्थित एक कार्यालय के कुछ लोगों ने उससे संपर्क किया तथा उसे एक कंपनी में नौकरी दिलाने की पेशकश की।

शिकायत के अनुसार इन लोगों ने इंटरव्यू आदि के नाम पर तेजवीर से करीब 10 हजार ले लिए और कई लोगों से इसी प्रकार से ठगी की और बाद में कार्यालय बंद करके फरार हो गए। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# नायब तहसीलदार के दफ्तर में लगी आग

● कई दस्तावेज जले, दमकल की तीन गाडियों ने पाया काबू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

तहसील परिसर में सोमवार सुबह नायब तहसीलदार के दफ्तर में आग लग गई। आग के चलते ऑफिस में रखे कई दस्तावेज जल जाने की खबर है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल विभाग की 3 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

आग की सूचना पाकर एसडीएम विनय कुमार सिंह और प्रशासन के अन्य अधिकारी तहसील परिसर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। एसडीएम ने बताया की दफ्तर के अंदर क्या सामान जलकर राख हुआ है इसकी जांच कराई जा रही है। हालांकि, उनका कहना है कि नायब तहसीलदार के दफ्तर में ज्यादा महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं थे। इस दफ्तर में पूर्व के चुनावों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के प्राप्त फॉर्मों को रखा गया था। आग पर काबू कर लिया गया है।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

**जबकि,**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंजू श्रीवास्तव/धनंजय कुमार/ एलबीएनओडी00002841393 | फ्लैट नंबर सी–103, प्रथम तल, फ्रेंच अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर जीएच–07बी, सेक्टर–16बी, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), नोएडा/ 22–03–2022 | 19–06–2021 रू. 26,34,754/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | रूपिन्दर कौर/मनीष कुमार/ एलबीएफडीबी00002382038 | प्लॉट नंबर 3075, प्रथम तल, ब्लॉक–जे, सैनिक कालोनी एक्सटेंशन नंबर 2, सेक्टर–49, फरीदाबाद, हरियाणा/ 23–03–2022 | 16–06–2021 रू. 39,18,186/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | प्रेम बेनीवाल/लखपत सिंह/ एलबीएफडीबी00002361547/ एलबीएफडीबी00002361549 | फ्लैट नंबर बी–602, छठा तल, दि गोल्फ एन्क्लेव सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर जीएच–27, सेक्टर–21सी, पार्ट–III, फरीदाबाद, हरियाणा/ 23–03–2022 | 16–10–2021 रू. 83,08,376/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | गौरव खन्ना/राजेश खन्ना/आशा खन्ना/साई गौरव एसोसिएट्स प्रा. लि. /रितु खन्ना एलबीडीईएल00002318846 | फ्लैट नंबर एस012, भू तल, ब्लॉक–एस, सिलेक्ट होम्स, सेक्टर–90, गुरूग्राम/ 23–03–2022 | 24–06–2021 रू. 2,17,44,602/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | निखिल/निमिषा आहूजा/ एलबीएनओडी00002958474 | अपार्टमेंट नंबर 1501, 14वां तल, टावर–के, गोदरेज समिट, सेक्टर–104, गुरूग्राम, हरियाणा/ 23–03–2022 | 16–08–2021 रू. 1,60,93,683/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | राजबीर सिंह/मीना/एक्वलाइट इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड/ एलबीएफडीबी00005076082 | प्लॉट नंबर 823, भू तल, सेक्टर–बी, ग्रीनफील्ड्स, सराय ख्वाजा, फरीदाबाद, हरियाणा/ 23–03–2022 | 16–08–2021 रू. 1,41,25,012/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | ज्ञानेन्द्र कुमार जेना/कल्पना जेना/जेटीके लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड/जितेन्द्र कुमार जेना/ एलबीएफडीबी00002422249 | फ्लैट नंबर 502, 5वां तल, टावर सी 1, डिप्लोमैटिक ग्रीन्स, सेक्टर–110ए तथा 111, गुरूग्राम, हरियाणा/ 23–03–2022 | 23–06–2021 रू. 1,26,55,973/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | विक्रम पॉल/बनिता पॉल/ एलबीएनओडी00002263659 | एनजीपी–174, डीएलजी न्यू टाउन हाइट्स, 17वां तल, टावर–पी, सेक्टर–90, गुरूग्राम/ 23–03–2022 | 23–06–2021 रू. 1,11,41,273/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | ज्ञानेन्द्र कुमार जेना/कल्पना जेना/जेटीके लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड/जितेन्द्र कुमार जेना/ एलबीएफडीबी00002422178 | फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, टावर ए 3, डिप्लोमैटिक ग्रीन्स, सेक्टर–110ए तथा 111, गुरूग्राम, हरियाणा – 122001/ 23–03–2022 | 23–06–2021 रू. 89,71,340/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | अजय कुमार खन्ना/प्रेम प्रकाश/ एलबीजीयूआर00004072552/ एलबीजीयूआर00004072563 | प्लॉट नंबर 2167, सेक्टर 7डी, फरीदाबाद/ 23–03–2022 | 30–08–2021 रू. 29,79,161/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | पुनीत कुमार शर्मा/सीमा/ एलबीएनओडी00001720913 | मकान नंबर 135, सेक्टर–37, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद/ 23–03–2022 | 06–07–2021 रू. 20,55,363/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | दीपक खंडेलवाल/दीप्ति/ एलबीएफडीबी00002993646/ एलबीजीयूआर00005336276 | यूनिट नंबर 21, लोअर ग्राउंड फ्लोर, सेंट्रली एयरकंडीशन्ड बिल्डिंग, चार्मवुड प्लाजा, इरोस गार्डन कालोनी, सूरज कुंड, फरीदाबाद, हरियाणा/ 23–03–2022 | 19–06–2021 रू. 23,84,731/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | सुमीत सूरी/पाली सूरी/ एलबीएफडीबी00001184102/ एलबीएफडीबी00001198548/ एलबीएफडीबी00001426566 | 122, ब्लॉक–1, सनराइज टावर सीजीएचएसजीएच–7, सेक्टर–45, फरीदाबाद, हरियाणा/ 23–03–2022 | 19–06–2021 रू. 15,52,575/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | कृष्ण कुमार/मुकेश कुमार/ एलबीएफडीबी00002892673 | प्लॉट नंबर बी–103, प्रथम तल, सेक्टर–82, फ्लोरिडा ग्रुप हाउसिंग स्कीम भाटोला, फरीदाबाद/ 23–03–2022 | 19–06–2021 रू. 15,16,051/– | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 29 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# मंदिर तोड़फोड़ मामले में 20 लोगों से पूछताछ पुलिस के हाथ खाली

नोएडा। जिले के बहलोलपुर गांव में करीब 1 सप्ताह पहले मंदिर के अंदर तोड़फोड़ हुई थी। इस मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नोएडा पुलिस ने इस मामले में 20 लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की गई, लेकिन अभी तक पुलिस इस बात का पता नहीं लगा पाई है कि किन लोगों ने मंदिर के अंदर तोड़फोड़ की है।

बता दें कि बीते 11 मार्च को बहलोलपुर गांव में स्थित एक शिव मंदिर के अंदर तोड़फोड़ की गई थी। मंदिर में खून के भी निशान मिले थे। जिसके बाद हिंदू संगठन के लोगों ने

# रजिस्ट्री, मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोगों का हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसायटी के निवासियों ने बिल्डर के मार्केटिंग ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। निवासियों ने विला की रजिस्ट्री और मूलभूत सुविधाएं ना मिलने की वजह से यह प्रदर्शन किया। निवासियों को मूलभूत सुविधा ना मिलने की वजह से काफी परेशानियां हो रही हैं।

जिस पर बिल्डर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। निवासियों द्वारा बिल्डर से कई बार बैठक करने के लिए कहा गया, लेकिन बिल्डर इसके लिए तैयार नहीं हो रहा है। जिसके बाद पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टे सोसाइटी के निवासियों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो यह प्रदर्शन जारी रहेगा।

आपको बता दें कि पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टे सोसाइटी में करीब 2 हजार विला हैं। जिनमें से ज्यादातर विला की रजिस्ट्री 4 साल पहले ही हो गई थी, लेकिन अभी तक 300 खरीदार ऐसे हैं जिनके विला की रजिस्ट्री नहीं हुई है।

खरीदार लंबे समय से विला की रजिस्ट्री के लिए मांग कर रहे हैं, लेकिन बिल्डर द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। साथ ही बिल्डर से जब बैठक करने के लिए कहा जाता है, तो बिल्डर तैयार नहीं होता। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा का बिल्डर पर 150 करोड़ रुपए का बकाया है। जिस कारण बिल्डर रजिस्ट्री नहीं करा पा रहा है और इसका कोई समाधान भी नहीं निकाल रहा है।


बिल्डर के खिलाफ हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते निवासी।

# नमामि गंगे की तर्ज पर यमुना नदी का सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नमामि गंगे की तर्ज पर यमुना नदी की सफाई के लिए भी अभियान शुरू हो गया है। जिले के मकनपुर खादर गांव में यमुना नदी के घाट की सफाई की गई। इससे पहले गांव में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिला पंचायती राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने यमुना नदी की सफाई करने से पहले यमुना नदी की आरती की। ग्रामीणों के साथ यमुना नदी की सफाई में पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।

जिला पंचायती राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार विश्व की पवित्र नदियों गंगा और यमुना की सफाई को प्रतिबद्ध है। नमामि गंगे की तर्ज पर यमुना नदी की सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले के जिन गांवों से होकर यमुना नदी गुजर रही है। वहां तटों की सफाई के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# नए नोएडा में अतिक्रमण से मिलेगी मुक्ति

● विदेशों की तरह मिलेगी कई सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नये नोएडा को बसाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर जिले के गांव की जमीन इसके अंतर्गत आ रही है। जिसको देखते हुए नए नोएडा का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। नया नोएडा भारत और विदेशों के टॉप औद्योगिक शहरों की सुविधाओं से संजोकर बसाया जाएगा।

यहां अमेरिका के शिकागो की तरह ट्रांसपोर्ट हब मिलेगा, तो दूसरी तरफ यह पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त होगा। इसके लिए मास्टर प्लान तैयार कर रही स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) भारत व विदेशों के टॉप औद्योगिक शहरों का अध्ययन कर रही है। यह मास्टर प्लान जून 2022 तक तैयार होने की उम्मीद है।

गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर जिले में दादरी, नोएडा और गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र डीएनजीआईआर बसाया जाएगा। जिसमें गौतमबुद्ध नगर के बीच और बुलंदशहर जिले के 60 गांव आते हैं। इसे बसाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। मास्टर प्लान तैयार करने का काम स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर एसपीए नई दिल्ली को दिया गया है। एसपीए ने अभी तक प्राधिकरण को दो रिपोर्ट सौंपी हैं। प्राधिकरण को दी हुई पहली रिपोर्ट काम शुरू करने और वास्तविक स्थिति को लेकर है और दूसरी रिपोर्ट सर्वे और मौजूद कनेक्टिविटी के विकल्प पर है।

रिपोर्ट के मुताबिक अथॉरिटी ने नक्शे में न्यू नोएडा का खाका खींचा है। इसके मुताबिक ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) के दोनों तरफ न्यू नोएडा क्षेत्र का दायरा होगा।

# 31 मार्च को खुलेगा नोएडा हेलीपोर्ट का टेंडर

## स्पोर्ट्स एडवेंचर के अलावा मनोरंजन के लिए पिकनिक स्पॉट भी बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 151 में प्रस्तावित हेलीपैड के निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण ग्लोबल टेंडर 31 मार्च को खुलेगा। यह टेंडर चुनाव आचार संहिता के पहले प्राधिकरण ने जारी किया था। अथॉरिटी का यह प्रोजेक्ट पीपीपी मॉडल का है। इसकी डीपीआर की मंजूरी शासन से मिली हुई है। खास बात यह है कि नोएडा हेलीपोर्ट का निर्माण भी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर किया जाएगा।

आपको बता दें कि नोएडा में यह देश का सबसे बड़ा हेलीपोर्ट बनने जा रहा है। डीपीआर के मुताबिक अनुमानित लागत 43.12 करोड़ रुपए है, जो भी एजेंसी हेलीपोर्ट को तैयार करेगी, प्राधिकरण उसे यह हेलीपोर्ट 30 साल के लिए संचालन को देगी। करीब 5 वर्षों से इस परियोजना पर नोएडा विकास प्राधिकरण काम कर रहा था। अब जल्द ही इस हेलीपोर्ट का निर्माण शुरू होगा।


फाइल फोटो

प्राधिकरण का फोकस अब सेक्टर-151ए के डवलपमेंट पर है। इसी के चलते यहां 120 एकड़ जमीन को एनसीआर के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। जिसमें 90 एकड़ में गोल्फ कोर्स, 20 एकड़ में स्पोर्ट्स एडवेंचर पार्क और 10 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर हेलीपैड बनाया जाएगा। 2004 से नोएडा में हेलीपैड बनाने पर विचार चल रहा है, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। तीनों प्रॉजेक्टों के निर्माण पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हेलीपैड में कई हेलीकॉप्टर एक साथ उतरने की सुविधा होगी। शहर में मल्टिनैशनल कंपनियों के निवेश और आए दिन सीएम व पीएम का कार्यक्रम होने के चलते हर बार हेलीकॉप्टर उतारने के लिए अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ती है। इसी जरूरत को देखते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। करीब 170 करोड़ की लागत से बनने वाले गोल्फकोर्स के बनने से पहले ही मेंबरशिप खोलने का प्लान है। स्पोर्ट्स एडवेंचर पार्क में मनोरंजन के विभिन्न संसाधन होंगे। इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

नोएडा हेलीपोर्ट का उपयोग बहुउद्देशीय होगा। यहां से कमर्शियल उड़ान होंगी। जिनके लिए बेल.412 हेलीकॉप्टर उपयोग होते हैं। इन हेलीकॉप्टर्स में 12 यात्री सवार हो सकते हैं।

# कंपनी में दूसरी मंजिल से गिरकर कर्मचारी की मौत

नोएडा। सेक्टर.63 थानाक्षेत्र की एक कंपनी की दूसरी मंजिल पर काम करते समय कर्मचारी नीचे गिर गया। उसके साथियों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि गाजियाबाद के विजयनगर निवासी 23 वर्षीय बंटी सोनी सेक्टर-63 जे ब्लॉक स्थित एक कंपनी में सहायक के तौर पर काम करता था। बंटी शनिवार शाम किसी काम से बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर गया था, यहां से वह संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गया। साथी उसे नजदीक के अस्पताल ले गए, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मुख्यमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी से विस में हंगामा

## बेंच पर चढ़कर नारे लगाने वाले भाजपा के 3 विधायक निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

विधानसभा में सोमवार का दिन काफी हंगामेदार रहा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हुए हंगामे और नारेबाजी के बीच भाजपा के तीन विधायकों अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और अजय महावर को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही विस कार्यवाही भी 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही आप विधायक केजरीवाल के खिलाफ भाजपा नेता की टिप्पणी पर नारेबाजी करते हुए सदन के वेल में घुस गए। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही आम आदमी पार्टी के विधायक मोहिंदर गोयल ने गुप्ता के माफी मांगने और उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाया जाना चाहिए। विपक्ष के नेता को माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद, आप के नेता आसन के सामने आ गए और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने मोहिंदर से लिखित में अपनी बात रखने को कहा और आप विधायक की नारेबाजी के बीच सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर अध्यक्ष ने गोयल द्वारा पेश निंदा प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और उसे ध्वनिमत से पारित किया गया।

गोयल ने कहा, हम अच्छे लोग हैं, हमारे स्वयंसेवक शरीफ हैं। अन्यथा, ऐसी टिप्पणी सिर कलम करने लायक है। उन्होंने गुप्ता को चुनौती दी कि वे ऐसी टिप्पणी भाजपा शासित राज्यों के किसी मुख्यमंत्री के खिलाफ करें। सदन में विपक्ष के नेता रामवीर बिधूड़ी ने कहा, अगर किसी ने भी किसी आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया है, तो वह उसकी निंदा करते है। अगर आदेश गुप्ता के खिलाफ लगे आरोपों में थोड़ी भी सच्चाई होगी, तो वह मुख्यमंत्री से हाथ जोड़कर माफी मांगेंगे लेकिन अगर हमारी पार्टी के किसी नेता की निंदा की होगी, तो मोहिंदर गोयल को सदन में माफी मांगनी होगी। अध्यक्ष ने बिधूड़ी को बाद में टिप्पणी का वीडियो दिखाने के लिए कहा और निलंबित भाजपा विधायकों को सदन की कार्यवाही में फिर से शामिल होने की अनुमति दी।

# भाजपा को द कश्मीर फाइल्स से प्रेम, हमें कश्मीरी पंडितों से : सिसोदिया

### बोले जब विधानसभा में कश्मीरी पंडितों के कल्याण की बात आई तो विपक्षी सदस्य सदन से उठकर चले गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

द कश्मीर फाइल्स पर छिड़े विवाद के बीच उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विधानसभा में कहा कि भाजपा को कश्मीर फाइल्स की चिंता है, कश्मीरी पंडितों की नहीं। देशभर के कश्मीरी पंडित कश्मीर वापस जाने का मौका चाहते हैं। भाजपा 8 साल से सत्ता में है, उन्होंने कश्मीरी पंडितों के लिए क्या किया। जब विधानसभा में कश्मीरी पंडितों के वेलफेयर की बात आई है तो भाजपा नेता सदन से उठकर चले गए।



विपक्षी पार्टी के इस दोहरे चरित्र का सदन में पर्दाफाश करते हुए सिसोदिया ने कहा कि भाजपा केवल कश्मीर फाइल्स की बात करती है और वह कश्मीरी पंडितों के दु:ख-दर्द व उनके वेलफेयर की। केंद्र सरकार, कश्मीरी पंडितों पर झूठी राजनीति करने के बजाय उनकी बेहतरी के लिए 3 मांगों को पूरा करें। केंद्र सरकर विस्थापितों का पुनर्वास करें, फिल्म से कमाएं 200 करोड रुपए कश्मीरी पंडितों के वेलफेयर के लिए खर्च करें और पूरा देश कश्मीरी पंडितों के दु:ख-दर्द से वाकिफ हो सके।

सिसोदिया ने कहा कि आज भाजपा के ऊपर यह बहुत बड़ा सवाल है कि 32 साल बाद भी कश्मीरी पंडितों को अपने ही देश में विस्थापित होकर क्यों रहना पड़ रहा है। भाजपा हमेशा अपने घोषणा पत्रों में लिखती रही है कि सत्ता में आने के बाद कश्मीरी विस्थापितों की मदद कर उनका पुनर्वास करने का काम करेगी, लेकिन पिछले 8 सालों से केंद्र सरकार में है और कुछ समय से कश्मीर में सरकार में होने के बाद भी भाजपा आज तक यह क्यों नहीं करवा सकी। यह भाजपा की घोर असफलता है।

सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वाले केजरीवाल से सीखें कैसे किया जाता है कश्मीरियों के लिए काम, कश्मीरी टीचर्स को किया नियमित, विस्थापित परिवार के हर सदस्य को प्रतिमाह देती है 3250 रुपए कश्मीरी विस्थापित टीचर्स 25 सालों से दिल्ली सरकार के स्कूलों में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते रहे। इस दौरान कांग्रेस और भाजपा की सरकारें रही। एक बार तो अरुण जेटली ने बजट भी पेश किया, लेकिन दोनों सरकारों में किसी की यह हिम्मत नहीं हुई कि उन्हें परमानेंट कर सकें। कश्मीरी पंडित दफ्तरों के धक्के खाते रहे, लेकिन भाजपा के नेताओं ने उनसे मिलने की जहमत तक नहीं उठाई। एक वाकया बताते हुए कहा कि एक महिला शिक्षक इस बात पर रोने लगी कि उन्होंने अपना घर, जमीन छोड़ी लेकिन उसके बाद भी अपने ही देश में उनके साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है और नौकरी के ऊपर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। केजरीवाल को जब कश्मीरी विस्थापित शिक्षकों पर हो रहे इस अन्याय का पता चला तो उन्होंने कहा कि कश्मीरी विस्थापित हमारे भाई-बहन हैं, वो आनन-फानन में आए, इसलिए कोई कागजात नहीं ला पाए।

### द कश्मीर फाइल्स की कमाई पीड़ितों पर हो खर्च

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि द कश्मीर फाइल्स फिल्म की कमाई (200 करोड़ रुपये) का इस्तेमाल विस्थापित कश्मीरी पंडितों के कल्याण और उनके घरों के पुनर्निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कश्मीरी पंडितों के दर्द को देश के लोगों को महसूस करना चाहिए न कि उसे करोड़ों रुपये में बेचा जाना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि फिल्म के जरिए अर्जित की गई इस बड़ी राशि का इस्तेमाल या तो एक नई कल्याणकारी योजना में किया जाना चाहिए अथवा कश्मीरी पंडितों के लिए काम करने वाले मौजूदा फाउंडेशन को दी जानी चाहिए। सिसोदिया ने कहा, उन्होंने अब तक फिल्म नहीं देखी है, क्योंकि वह बजट में व्यस्त थे।

# गर्मी आते ही गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी भीषण आग

### धुआं फैलने से आसपास के इलाके में रहने वालों को सांस लेने में हो रही परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पर्यावरण मंत्री ने दिए जांच के आदेश

पूर्वी दिल्ली स्थित गाजीपुर लैंडफिल साइट में सोमवार को लैंडफिल साइट पर भीषण आग लग गई। इस घटना के बाद उठे धुएं के गुबार का असर आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आग इतनी भीषण थी कि इसका धुआं नोएडा सेक्टर-16 से भी देखा जा सकता है। आग बुझाने के लिए दमकल की नौ गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची।

विभाग के मुताबिक, गाजीपुर लैंडफिल साइट में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दोपहर 2.30 बजे मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अतुल गर्ग के अनुसार आग बुझाने के प्रयास जारी हैं और अभी इसमें कुछ और घंटे लग सकते हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग सका है। आगजनी के इसके चलते लोगों ने सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की थी।

आसपास के इलाकों में रहने वाले बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रूप से बीमार मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। धुएं के कारण एनएच-9 पर दृश्यता भी काफी कम हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है लैंडफिर साइट पर आए दिन आग लगी रहती है। गर्मियों में यहां आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। उधर, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को इस घटना के संबंध में 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।


लैंडफिल साइट पर लगी आग को बुझाता दमकलकर्मी। फोटो : रंजन डिमरी

### डेंगू के इस साल 55 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले एक हफ्ते के दौरान डेंगू के तीन नए मामले दर्ज किए गए। इसी के साथ दिल्ली में इस साल डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 55 हो गई। एक नगर निकाय की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इस साल 19 मार्च तक शहर में डेंगू के कुल 52 मिले थे, लेकिन पिछले एक हफ्ते के दौरान तीन नए मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट में बताया गया कि डेंगू के 23 मामले जनवरी में, 16 मामले फरवरी में और 16 मामले इस महीने 26 मार्च तक दर्ज किए गए। डेंगू के ज्यादातर मामले जुलाई और नवंबर के बीच दर्ज किए जाते हैं, लेकिन यह अवधि मध्य दिसंबर तक भी खिंच सकती है।

### हाईकोर्ट के दो नए जजों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के दो नए न्यायाधीशों ने सोमवार को पद की शपथ ली जिससे अदालत में कुल न्यायाधीशों की संख्या 35 हो गई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने न्यायमूर्ति पूनम ए बंबा और न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पद की शपथ दिलाई, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश की अदालत में हुआ जिसमें उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश, वकील और शपथ लेने वाले नए न्यायाधीशों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम ने एक फरवरी को हुई अपनी बैठक में न्यायमूर्ति बंबा और न्यायमूर्ति शर्मा को पदोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जो दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायिक अधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। केंद्र सरकार ने 24 मार्च को वरिष्ठता के क्रम में न्यायमूर्ति बंबा और न्यायमूर्ति शर्मा की नियुक्ति को अधिसूचित किया था।

# घर-घर राशन योजना दिल्ली में अटकी, पंजाब में हुई लागू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में इस नीति के कार्यान्वयन में बाधा पहुंचाने की कर रही कोशिश : केजरीवाल

घर-घर राशन पहुंचाने की योजना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को ऐलान किया है कि लोगों के घर-घर राशन पहुंचाया जाएगा और इससे गरीबों को बहुत फायदा होगा। जब पंजाब सरकार लोगों के लिए नीति लागू कर देगी, तो अन्य राज्यों के लोग भी इसकी मांग करने लगेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में इस नीति के कार्यान्वयन में बाधा पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

वह दिल्ली में भी इसे लागू करने की पिछले चार साल से कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए सबकुछ कर लिया था, लेकिन केंद्र सरकार दिल्ली में इस नीति को लागू करने में बाधा डालने की कोशिश कर रही है,जो सही नहीं है। इस संबंद्ध में भाजपा या केंद्र सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।


केजरीवाल ने एक कहावत का हवाला देते हुए कहा कि एक विचार जिसका समय आ गया है, उसे रोका नहीं जा सकता। इस विचार (घर-घर राशन पहुंचाने की योजना) का समय आ गया है। वे (केंद्र की भाजपा सरकार) इसे दिल्ली में लागू नहीं करने देंगे, लेकिन इसे पंजाब में लागू किया जाएगा और पूरा देश इसे देखेगा। पूरे देश के लोग इसकी मांग करेंगे। इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा।

# एलपीजी सिलेंडर फटने से दो किशोर झुलसे

### गैस रिसाव के बाद परिजनों ने हटा दिया था रेग्युलेटर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के रणजीत नगर इलाके में स्थित एक मकान में एक एलपीजी सिलेंडर फट जाने से दो किशोर झुलस गए हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसे रविवार रात नौ बजकर चार मिनट पर गली नंबर 211 में विस्फोट होने की सूचना मिली। उसने बताया कि परिवार के सदस्यों को सिलेंडर से गैस रिसने की गंध आई थी, जिसके बाद उन्होंने उसका रेग्युलेटर हटा दिया था, लेकिन बाद में उन्होंने माचिस की एक तीली जलाई और तभी सिलेंडर में आग लग गई।


प्रतीकात्मक फोटो

पुलिस ने बताया कि इस दौरान 16 वर्षीय अंशुमान 30 फीसदी और 18 वर्षीय रितेश 45 फीसदी तक झुलस गया। दोनों को सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बाद में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भेज दिया गया।

● एम्स में चल रहा घायलों का इलाज

जिस मकान में सिलेंडर फटा, उसके पड़ोस में रहने वाले आदिफ रिजवी (26) ने बताया कि सिलेंडर रात करीब नौ बजे फटा। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कर रहे रिजवी ने कहा कि मैं अपने कमरे में पढ़ रहा था। मुझे लगा कि भूकंप आया है और मैं तुरंत कमरे से बाहर भागा। हमने मेरे कमरे के पास वाले मकान से धुआं निकलता देखा। बाद में, हमें विस्फोट के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस को फोन करके घटना की जानकारी दी। मेरे मकान मालिक भूतल पर रहते हैं और विस्फोट के कारण उनके मकान का दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरुषों को मासिक धर्म के दर्द का कराया आभास

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस पीतमपुरा स्थित पैसिफिक मॉल में 600 से अधिक पुरुषों पर कृत्रिम रूप से ट्रांसक्यूटेनियस इलेक्ट्रिकल नर्व स्टिमुलेशन मशीन का उपयोग कर उन्हें महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द का आभास कराया गया। त्वचा की सतह पर विद्युत आवेग भेजे गए जिससे पुरुषों को मासिक धर्म के दर्द का अनुभव हुआ। यह आयोजन लोगों को पीड़ा की उन स्थितियों के बारे में बताना था जो महिलाएं विशेष रूप से इस समय के दौरान पेशेवर कार्यस्थल पर भी उठाती हैं। कामकाजी महिलाओं की स्थिति का जो लोग मजाक उड़ाते हैं उन्हें भी जागरूक करना था। कृत्रिम अवधि दर्द सिम्युलेटर का अनुभव 10 सेकंड से 30 सेकंड तक चला। इस कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन का भी ध्यान रखा, सभी प्रतिभागियों के लिए एक पारंपरिक नुक्कड़ नाटक, ऊर्जावान भांगड़ा फ्लैशमॉब, शानदार नृत्य और संगीतमय लाइव गायन का प्रदर्शन किया गया।



### स्पाइसजेट का विमान बिजली के खंभे से टकराया

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्पाइसजेट का एक विमान बिजली के खंभे से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। विमान जब जम्मू जाने के लिए पार्किंग स्थल से पीछे की ओर जा रहा था तभी उसका एक पंख बिजली के खंभे से टकरा गया। इस दुर्घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्पाइसजेट के बोइंग 737-800 विमान को सोमवार की सुबह पीछे की ओर ले जाया जा रहा था, तभी उसका दाहिना पंख हवाई अड्डे के खुले क्षेत्र में बिजली के खंभे से टकरा गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान को दिल्ली से सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर रवाना होना था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि 28 मार्च, 2022 को स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 160 दिल्ली और जम्मू के बीच संचालित होने वाली थी। विमान को पीछे की ओर ले जाने के दौरान उसके दाहिने पंख का पिछला किनारा एक खंभे के संपर्क में आ गया, जिससे पंख को नुकसान हुआ। उड़ान को संचालित करने के लिए इसकी जगह अन्य विमान की व्यवस्था की गई है।


कार्यक्रम के दौरान नजफगढ़ जोन के अतिरिक्त आयुक्त एए ताजिर।

### मैजेंटा लाइन पर मेट्रो सेवा प्रभावित, एक घंटा परेशान रहे यात्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन के एक हिस्से पर सोमवार को सिग्नल से संबंधित कुछ समस्या के कारण मेट्रो सेवाएं बाधित रहीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मैजेंटा लाइन दिल्ली के जनकपुरी पश्चिम स्टेशन को नोएडा के बॉटनिकल गार्डन स्टेशन से जोड़ती है। डीएमआरसी ने ट्वीट किया कि मैजेंटा लाइन पर जनकपुरी पश्चिम और टर्मिनल-1 आईजीआई के बीच सेवाओं में देरी। अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सिग्नल संबंधी कुछ दिक्कतों के कारण देरी हुई है।

# सीसीटीवी को लेकर आठ साल से झूठ बोल रही सरकार : कांग्रेस

### मुख्यमंत्री केजरीवाल व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के बयान अलग-अलग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जवाबदेही से सीसीटीवी कैमरों पर सीएम केजरीवाल के पूर्व में दिए बयान से अलग है। इससे साफ हो गया है कि अरविन्द केजरीवाल पिछले 8 वर्षों से दिल्ली की जनता को गुमराह करने के लिए झूठ बोल रहे हैं। यह आरोप कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने 4 दिसम्बर 2021 में मीडिया के सामने बयान दिया कि हम 1 लाख 40 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहे है और 2 लाख 75 सीसीटीवी कैमरे लग चुके है, मतलब मुख्यमंत्री अनुसार 4 लाख 25 हजार सीसीटीवी कैमरे दिल्ली में लगाए जाऐंगे, जबकि आज बजट सत्र 2022 में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दिल्ली में 2 लाख 75 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके है।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और अपराध को कम करने की दृष्टि से अरविन्द केजरीवाल सत्ता में आते ही दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने के बयान दिए था जिसके प्रचार में लाखों रुपये विज्ञापन पर खर्च कर दिए थे।

# दक्षिणी निगम ने ग्रासरूट फुटबॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● कार्यशाला में 60 शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

दक्षिणी निगम ने दिल्ली स्थित एनजीओ इलेक्टी स्पोर्टस ट्रस्ट के सहयोग से ग्रासरूट फुटबॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कोच द एजुकेटर' की शुरूआत की। कार्यक्रम के अंतर्गत निगम प्राथमिक विद्यालय के 60 शिक्षकों ने 14 से 26 मार्च 2022 तक फुटबॉल खेल से संबंधित प्रेक्टिकल और थ्योरी सत्र में भाग लिया।

10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में इलेक्टी स्पोर्टस ट्रस्ट के प्रशिक्षकों व विशेषज्ञों ने निगम शिक्षकों को विभिन्न फुटबॉल विषयों जैसे कि फुटबॉल तकनीकों का परिचय, आयु विशिष्ट प्रशिक्षण, पोषण व आहार आदि के बारे में शिक्षित किया गया।

दक्षिणी निगम के नजफगढ़ जोन में 3 वर्षों के लिये पायलट प्रोजेक्ट की योजना बनाई गयी और ग्रासरूट फुटबॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कोच द एजुकेटर' से 4 से 10 की आयु के 5000 से अधिक लड़के और लड़किया लाभान्वित होंगे। कार्यशाला के समापन समारोह में अतिरिक्त आयुक्त एए ताजीर, नजफगढ़ जोन के अध्यक्ष सत्यपाल मलिक, पार्षद राजदत्त गहलोत, निदेशक (शिक्षा) प्रदीप कुमार व निगम के अन्य उच्च अधिकारियों ने भाग लेकर, शिक्षिकों का प्रोत्साहन बढ़ाया।

# हस्पशिल्प प्रेमियों की पहली पसंद है दिल्ली हॉट

### हथकरघा कारीगरों को अपना हुनर दिखने के लिए मंच प्रदान करता है : सिसोदिया

**28वां स्थापना दिवस**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आईएनए स्थित दिल्ली हाट वर्षों से हजारों हस्तशिल्प व हथकरघा कारीगरों को अपना हुनर दिखने के लिए मंच प्रदान करता रहा है। साथ ही हस्तशिल्प प्रेमियों के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है।

ये ओपन-एयर मार्केट प्लेस लोगों को न केवल खरीदारी का एक शानदार अनुभव देता है बल्कि क्राफ्ट, खान-पान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय कला और विरासत को दुनियाभर के खरीददारों व दर्शकों तक पहुंचाता है।



दिल्ली सरकार ने आईएनए स्थित दिल्ली हाट का 28वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि शहर के बीचोबीच ये अनूठा बाजार भारतीय संस्कृति-सभ्यता की समृद्धि को दिखाता है। साथ ही यह कई राज्यों के कलाकारों को कलाप्रेमियों और खरीददारों से सीधे जुड़ने का अवसर देता है। दिल्ली हाट दिल्ली के उन नागिनों में से है कि जब दिल्ली में परिवार का कोई दोस्त या रिश्तेदार आता है तो उसे यहां लेकर जरुर जाते है। आज दिल्ली वालों व सरकार को इस पर गर्व है। दिल्ली हाट में आना हमेशा एक सुखद एहसास दिलाता है और यहां से जुडी यादें दिल में बसी होती है।

वर्तमान जरूरतों को पूरा करते हुए शहर के भीतर लोगों एक पारंपरिक ग्रामीण हाट या ग्रामीण बाजार का माहौल देता है जहाँ लोग भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, खान-पान, परिधान, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि का लुत्फ उठा सकते हैं।

# बिजनेस ब्लास्टर्स से बच्चों को मिली कुछ नया करने की प्रेरणा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● शिक्षामंत्री ने पंडारा रोड स्थित सर्वोदया कन्या विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र ईएमसी व बिजनेस ब्लास्टर्स जैसे कार्यक्रम की मदद से काफी कुछ सीख रहे हैं। इससे उन्हें लीक से हटकर कुछ नया करने का मौका मिलता है। साथ ही वे यह भी सीख रहे हैं कि आपसी सहयोग के साथ कैसे समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। किसी काम को अंजाम तक ले जाने में सफलता और असपलता भी लर्निंग का एक बहुत अहम् हिस्सा होता है।

शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को सर्वोदय कन्या विद्यालय पंडारा रोड का औचक निरीक्षण किया व स्कूल में चल रहे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के प्रगति को परखा। इस दौरान उन्होंन छात्रों से उनके पढ़ाई को लेकर चर्चा की। छात्रों ने उनसे उपरोक्त बातें साझा की। सिसोदिया ने स्कूल में हैप्पीनेस करिकुलम की क्लास का निरीक्षण भी किया।

# अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुरुग्राम में हुआ शुभारंभ

### उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने की खेलों के शुरकी औपचारिक घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन विजेताओं को पुरस्कृत करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव, सूरजपाल अम्मू।

**सोमवार** को सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम मे अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने प्रतियोगिता की औपचारिक घोषणा करते हुए शुरुआत की। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सूरजपाल अम्मू भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

खेलों का आगाज हरियाणवी नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति व जिम्नास्टिक खिलाड़ियों द्वारा कला प्रदर्शन के हैरतअंगेज करतब से किया गया। खेल भावना व टीम भावना को सर्वोपरि रखते हुए खेलों में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन, हार या जीत मात्र खेल का हिस्सा होता है।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला पधारने पर सभी खिलाड़ियों का स्वागत है। कहा कि तीन दिवसीय इन प्रतियोगिताओं में निश्चित तौर पर ही खिलाड़ी अच्छी स्मृतियां लेकर अपने प्रदेश लौटेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी क्षमता को पहचानते हुए खेलों में अपना बेस्ट देने का प्रयास करें और टीम भावना से खेलों में प्रदर्शन करें।

उन्होंने खिलाड़ियों का आह्वान करते हुए कहा कि खिलाड़ी इन तीन दिवसीय खेलों में मेडल लेकर जाए या ना जाए, लेकिन खेल भावना से खेलों में प्रदर्शन करते हुए यहां से अच्छी यादें जरूर साथ लेकर जाएं। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों को शपथ भी दिलवाई कि वे खेल के नियमों का आदरपूर्वक पालन करते हुए मादक पदार्थों से दूर रहेंगे और सच्ची खेल भावना से खेल के गौरव तथा अनुशासन की पालना करते हुए अपने राज्य व विभाग के गौरव व सम्मान को बनाए रखेंगे।

**देश भर से 840 एथलीट ले रहे हैं प्रतियोगिता में भाग** : प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न प्रदेशों व केंद्र शासित राज्यों से भाग लेने वाली 34 टीमो के लगभग 840 एथलीट्स ने मार्चपास्ट किया। उपायुक्त के समक्ष प्रतिभागी खिलाड़ियों की 800 मीटर दौड़ करवाई गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को उपायुक्त ने सम्मानित किया।

# ऐतिहासिक होगी वैश्य शोभा एवं कलशयात्रा : उमेश अग्रवाल

### सेक्टर-5 के महालक्ष्मी मंदिर में यह जानकारी संयुक्त रूप से दी गई

**गुरुग्राम।** दो अप्रैल को वैश्य दिवस एवं नव संवत्सर पर आयोजित होने वाली शोभा एवं कलशयात्रा अपने आप में एक अनूठी एवं ऐतिहासिक होगी। यह जानकारी गुरुग्राम के पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव उमेश अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष डॉ. मन्दीप किशोर गोयल ने सोमवार को सेक्टर-5 के महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान संयुक्त रूप से दी।

उमेश अग्रवाल ने बताया कि शोभा एवं कलशयात्रा को लेकर पूरे शहर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस शोभा एवं कलशयात्रा की थीम पीला रंग रखी गई है। शोभायात्रा में शामिल होने वाली सभी महिलाएं पीली रंग की साड़ी धारण कर शामिल होंगी। कलश यात्रा में शामिल होने वाली ग्यारह सौ महिलाएं भूतेश्वर मंदिर चौक से इस शोभा यात्रा की अगुवानी करेंगी, जो कि सदर बाजार होते हुए गुरुद्वारा रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी। इस शोभा यात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां भी निकलेंगी।





गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल।

जिलाध्यक्ष डॉ. मन्दीप किशोर गोयल ने बताया कि यह शोभायात्रा सेक्टर में निर्माणाधीन महालक्ष्मी देवी जी के मंदिर से प्रारंभ होगी एवं चिंतपूर्णी माता मंदिर होते हुए न्यू कॉलोनी मोड़, पटौदी चौक, भूतेश्वर मंदिर चौक व सदर बाजार होते हुए गुरुद्वारा रोड़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी। इस पत्रकार वार्ता में जिला महासचिव अरूण अग्रवाल एवं गजेन्द्र गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर पदाधिकारी पार्टी की मजबूती के लिए काम करे : सुधीर सिंगला



**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने यहां राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला गुरुग्राम के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने पार्टी के हित में, पार्टी की मजबूती के लिए काम करने को प्रेरित किया। विधायक सुधीर सिंगला ने भारतीय जनता पार्टी देश का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। केंद्र में सरकार होने के साथ देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार है। हाल ही में हुए चुनावों में जनता के पार्टी को मिले समर्थन से साफ हो जाता है कि देश आज भी भाजपा के नेताओं, नीतियों में विश्वास रखता है। ऐसे में इस विश्वास को मजबूत बनाए रखने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से कहा कि कर्मचारियों का सीधा जुड़ाव आम जनता से होता है। जो भी सेवारत कर्मचारी हैं, उन्हें बेहतर काम के लिए प्रेरित करें, ताकि जनता को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि भाजपा का मकसद सत्ता पर काबिज होना नहीं, बल्कि आम जनता को बेहतर सुविधाएं देना, अच्छी कानून व्यवस्था देना और आंतरिक व बाहरी तौर पर सुरक्षित रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिसका आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। सभी को समान लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी देश की जनता भाजपा को चुने, इसके लिए हम सभी पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार बेहतरी से करें। जनता सुविधाओं का लाभ लेती है। जहां किसी तरह की शिकायत आती है तो वहां पर कर्मचारी प्रकोष्ठ पदाधिकारी जाकर जनता के काम करवा सकते हैं। इस आयोजन के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक एमआर लारोइया, सह-संयोजक हरीश को बधाई दी।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकाल किया जागरुक





**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय की एनएसएस शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कैंप के समापन अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान पर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में एनएसएस शाखा की प्रमुख नीलम वशिष्ट सहित एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया और घर-घर जाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली लोगों को जागरुक करते हुए गुरुग्राम विश्वविद्यालय से चलकर गांव समसपुर और तिगरा के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। जागरूकता अभियान के इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने लोगों को बेटियों द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के बारे में जानकारी देकर बेटी बचाने एवं बेटी पढ़ाने का आह्वान किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में दहेज प्रथा, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओं जैसे नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही घर-घर जाकर कन्या भ्रूण हत्या रोकने की भी अपील की। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्राचीन भारत के गौरवमयी इतिहास पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में स्त्री-शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व को लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि, जब तक हमारे देश की स्त्रियां शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर नहीं होंगी तब तक भारत का सम्यक विकास संभव नहीं है। प्रो. दिनेश ने स्त्री को परिवार, समाज एवं देश के विकास की केंद्रीय धुरी के रूप में परिभाषित करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डीन अकादमी अफेयर्स प्रो.एमएस तुरान, डॉ. ममता भटनागर, सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दायर पेंटेंट्स में से 97 फीसदी आवेदन तक भी नहीं पहुंचते



**गुरुग्राम।** भारत सरकार के कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट, डिजाइन और ट्रेड मार्क्स प्रो. उन्नत पंडित ने कहा कि दायर किए गए पेटेंट्स में से 97 फीसदी दुनिया में आवेदन के चरण तक नहीं पहुंच रहे हैं। उपयोगकर्ताओं को शोध का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस तरह के शोध संसाधनों की सरासर बर्बादी हैं। यह बात उन्होंने एसजीटी यूनिवर्सिटी में सोमवार को नर्चरिंग इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एंड इनोवेशन फॉर न्यू इंडिया पर बोलते हुए कही। प्रो. पंडित ने समस्या की पहचान, समाधान खोजने, शोध को प्राथमिकता देकर और अंत में विचारों पर कार्य करके एक बौद्धिक संपदा बनाने की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नए विचारों के सृजन से शुरू होने वाले पेटेंट दाखिल करने की प्रक्रिया और भारतीय पेटेंट नीति के अनुसार परीक्षा सहित अनुमोदन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दुनिया को इनोवेशन की ताकत के बारे में तब पता चला जब एक छोटे से वायरस ने पूरी दुनिया को खतरे में डाल दिया। लॉकडाउन के चलते हर एक इंसान अपने घर के अंदर पैक हो गए थे। लोगों ने विभिन्न संभावनाओं को तलाशने का व उनका उपयोग करना शुरू कर दिया और नए विचार उत्पन्न किए। उस समय कई महान विचार सामने आए। उन्होंने कहा कि इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेल हर विश्वविद्यालय एवं कॉलेज में स्थापित किए जाने चाहिए। क्योंकि इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एक स्तंभ की तरह है जो शोधकर्ताओं को उचित दिशा-निर्देश देते हुए गाइड करते हैं। उन्होंने शोध की अहमियत पर जोर डालते हुए कहा कि कुछ साल पहले तक जब मोबाइल नए दौर पर आए ही थे, तब 16 रुपये प्रति मिनट इनकमिंग कॉल के लिए देने पड़ते थे।

# गुरुग्राम में सात साल बाद लगेगा सरस मेला



गुरुग्राम में सरस मेला को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### नौ से 20 अप्रैल तक आयोजित होगा सरस मेला

### साल 2013 में इससे पहले लगाया गया था मेला

### सेक्टर-29 एचएसवीपी मैदान में होगा आयोजन

**शहर** के सेक्टर-29 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) में 9 से 20 अप्रैल तक सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लेकर उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों की एक बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह में बुलाकर उन्हें आयोजन संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी। इससे पहले गुरुग्राम में सरस मेला वर्ष 2013 में आयोजित किया गया था।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनाए गए स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित कर उन परिवारों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में वे शिल्पकार भी अपना सामान बिक्री के लिए लाएंगे जिनके कौशल विकास में मिशन तथा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलाय द्वारा सहयोग दिया गया है।

इस प्रकार इस मेले में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा देशभर के अलग-अलग प्रदेशों से शिल्पकार भाग लेंगे और अपने तैयार उत्पादों की बिक्री करेंगे। इसके लिए सैक्टर-29 के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मैदान में लगभग 150 स्टॉल बनाई जाएंगी। फरीदाबाद के सूरजकुंड शिल्प मेले की तर्ज पर इस सरस मेले में भी प्रतिदिन लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

यह मेला शिल्पकारों के उत्पादों की बिक्री के अलावा सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मेले में आने वाले लोगों के लिए मेला परिसर में फूड कोर्ट तथा बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों का भी प्रबंध किया जाएगा।

बैठक में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को प्रबंधों की जिम्मेदारी सौंपी। मेला परिसर में बिजली का अस्थाई कनेक्शन लगाने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, वहीं पेयजल प्रबंधो, स्वच्छता और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करने के लिए गुरुग्राम नगर निगम को कहा गया है।

मेला के दिनों में ऐहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मेला परिसर में उपलब्ध रहेगी। यही नहीं, मेले में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए मेला परिसर में मोबाइल एटीएम की व्यवस्था भी अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा की जाएगी। मेला देखने आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

# गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**गुरुग्राम।** सेक्टर-102 स्थित एमार एमजीएफ की गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी के आरडब्ल्यूए चुनाव हुए लगभग तीन महीने हो चुके हैं, लेकिन बिल्डर खातों समेत कोई भी दस्तावेज चुनकर आए प्रतिनिधियों को नहीं सौंप रहा। आरडब्ल्यूए का कहना है कि बिल्डर के अहसयोग के कारण, पानी और बिजली की आवश्यक सेवाओं को बनाए रखना बहुत कठिन है। जिला रजिस्ट्रार को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन किसी स्तर पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा। संदीप फोगाट, उप-प्रधान रश्मि सिंह, सचिव पल्लवी, सह-सचिव अनुराधा, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सैनी, सीपी सिंह, डा. सुरेंद्र अरोड़ा, उदय आदि ने शिकायत की है लेकिन नतीजा शून्य निकला है।

# सोहना के गांव गुंडवास के समीप अरावली पहाड़ी में लगी आग

### गाड़ी का रास्ता न होने से अग्निशमन कर्मचारियों हो रही भारी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के गांव गुंडवास व सांप की नंगली में लगती अरावली पहाड़ी की चोटी पर आग लगने से ग्रामीणों में हड़कंप मचा। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां आग पर काबू करने के लिए पहुंची। लेकिन आग तक गाड़ी का रास्ता न होने के कारण अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को भारी परेशानियां हो रही हैं।

सोमवार को नगर परिषद के गांव गुंडवास से लगती अरावली पहाड़ी की करीब 200 मीटर की उंचाई पर दोपहर बाद आग लग गई। आग तेज हवा चलने से तेजी से सूखी झाड़ियों और एक से दो फुट ऊंची वाली घास में तेजी से बढ़ रही है। अरावली पहाड़ी में लगी आग की सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को फोन करके दी। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए सोहना से दो गाड़ियों को लेकर मौके पर पहुंचे है, लेकिन आग तक गाड़ियों के पहुंचने का रास्ता नहीं मिल रहा है। जिससे के चलते आग तेजी से अरावली में फैलती जा रही है।



सोहना के गांव गुंडवास के समीप अरावली पहाड़ी में लगी आग से उठतीं तेज लपटें।

**आग से करीब 500 मीटर पहले खड़े रहे फायर टेंडर** : अग्निशमन विभाग के सोहना प्रभारी जयवीर भड़ाना ने बताया कि पहाड़ी के दोनों तरफएक-एक गाड़ी को तैनात किया है। लेकिन आत तक पहुंचने का गाड़ियों के लिए रास्ता नहीं है। गाड़ी आग से करीब 500 मीटर पहले खड़ी है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पा रहा है। उन्होने बताया कि ग्रामीण भी आग पर काबू पाने के लिए पहाड़ी पर चढ़कर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक यह नहीं मालूम की आग कितने क्षेत्र में फैल चुकी है।

# बहुत दिनों से लंबित पड़ी मांगों को लेकर दर्जनभर यूनियनों के कर्मचारियों ने दिखाई एकता

### कर्मचारियों ने एकजुट होकर जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया

### सड़कों पर उतरते हुए बाजारों में सरकारों के खिलाफ नारेबाजी की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** की सड़कों पर उतरे दर्जनभर यूनियनों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश व केन्द्र सरकार के खिलाफ गरजते हुए अपनी पुरानी मांगों को पूरा करने की मांग की। मंगलवार को कर्मचारी यूनियनों की जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में जुटी रहीं।

कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, बंद की गई पेंशन प्रणाली को लागू करने, निजीकरण को तुरन्त प्रभाव से बंद करके पक्की नौकरियां निकालने समेत अन्य मांगों को लेकर दर्जनभर यूनियनों में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने प्रदेश व केन्द्र सरकार के खिलाफ दो दिन की हड़ताल करते हुए मांगों को पूरा करने पर जोर दिया।



सोहना में नगर परिषद कार्यालय में दो दिन की हड़ताल में शामिल सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ता।



सोहना स्थित बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में शामिल हुए अलग-अलग यूनियनों के कार्यकर्ता।

इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल नगर परिषद के सफाई कर्मचारी यूनियन से लेकर जनस्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हरियाणा टूरिज्म निगम, मार्केट कमेटी सहित अन्य विभागों में बनी कर्मचारियों की यूनियन कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया। सभी यूनियन के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने सर्व कर्मचारी संघ को अपना समर्थन देते हुए बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में पहुंचे। जहां सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने एकता का परिचय दिया। नगर परिषद की सफाई कर्मचारी यूनियन समेत आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरते हुए बाजारों में सरकारों के खिलाफ नारेबाजी की।

#### शहर में हुआ चक्का जाम

**शहर** की सड़कों पर उतरे कर्मचारी यूनियनों पदाधिकारियों द्वारा निकाली गई रैलियों से बाजारों में जाम का दो से तीन घंटा तक माहौल बना रहा। सबसे ज्यादा जाम का माहौल अग्रसेन मार्ग पर देखने को मिला।

“ **मंगलवार** को अपनी ताकत कर्मचारी जिला स्तर पर दिखाएंगे। जहां पर हजारों की संख्या में कर्मचारी अलग-अलग यूनियनों के बैनर तले एकजुट होकर सरकारों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजाएंगे।

**रामलाल शर्मा**

# 'सेलेब्रिटी बिरयानी ब्रांड' लॉन्च करने को बिग स्पून ने जाकिर खान के साथ साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### बिगस्पून द्वारा लॉन्च, महफिल बिरयानी बाय जाकिर खान एक बिस्पोक डिलीवरी-ओनली ब्रांड होगा

**मल्टी-ब्रांड** क्लाउड किचन स्टार्टअप, बिगस्पून ने भारत के शीर्ष कलाकार, जाकिर खान के साथ साझेदारी में अपने नए डिलीवरी-ओनली 'सेलेब्रिटी ब्रांड', महफिल बिरयानी बाय जाकिर खान के लॉन्च की घोषणा की। महफिल बिरयानी बाय जाकिर खान भारत में दर्ज किया गया अब तक का सबसे बड़ा सिंगल-डे एफएंडबी लॉन्च होगा, जो 28 शहरों में कंपनी के स्वामित्व व संचालन के 66 आउटलेट्स से एक साथ शुरू होगा। कंपनी अगली तिमाही में महफिल ब्रांड का विस्तार कर इसे 100 से ज्यादा आउटलेट्स तक और साल 2022 में इसे 200 आउटलेट्स तक ले जाना चाहती है। कंपनी मटका और प्रीमियम कंटेनर पैकेजिंग विकल्पों में विस्तृत बिरयानी फ्लेवर और क्षेत्रीय व्यंजन के साथ क्षेत्रीय स्टार्टर एवं साईड्स, स्थानीय डेजर्ट्स एवं बेवरेज प्रस्तुत करेगी। यह क्षेत्रीय व्यंजन, लिमिटेड-पीरियड उत्पाद, एवं अनुभव पर आधारित सामान अपने मेन्यू में शामिल करती रहेगी और सभी प्रमुख भारतीय शहरों में मौजूद होगी। बिगस्पून ने भारत के अग्रणी वैकल्पिक निवेश प्लेटफॉर्म, ग्रिप के साथ दो मिलियन डॉलर की लीज एवं इन्वेंटरी फाईनेंसिंग पार्टनरशिप पर हस्ताक्षर किए, जिसके एक हिस्से ने महफिल के लॉन्च व विस्तार में योगदान दिया। इन्वेंटरी के अलावा, संपत्ति एवं टेक हार्डवेयर के लिए किचन एवं ऑपरेशनल कैपेक्स के लिए पूंजी ग्रिप द्वारा दी गई। बिग स्पून हाउस ऑफ ब्रांड्स है, जिसके पोर्टफोलियो में आठ अपने स्वामित्व के और 6 पार्टनर ब्रांड्स हैं। वर्तमान में कंपनी 14 राज्यों और 30 से ज्यादा शहरों में मौजूद है, और इसके कदम अगली तिमाही में दोगुना विस्तार कर लेंगे। फूड डिलीवरी बाजार जल्द ही 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा वार्षिक आकार का हो जाएगा और यह वृद्धि मुख्यत: टियर दो एवं टियर तीन शहरों में होगी।

लॉन्च के अवसर पर कपिल मथरानी, को-फाउंडर एवं सीईओ, बिगस्पून ने कहा, 'बिरयानी एक दशक से देश में सबसे ज्यादा ऑर्डर किया जाने वाला फूड आईटम है, लेकिन फिर भी यह काफी बंटा हुआ बाजार है, जिसका मुश्किल से 20 प्रतिशत हिस्सा ही संगठित है। प्रेरणा खत्री, एग्जिक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, ओएमएल ने कहा, 'महफिल बिरयानी के लॉन्च के लिए जाकिर और बिगस्पून के बीच साझेदारी करवाकर हम बहुत उत्साहित हैं।

# 50 लाख की फिरौती मांगने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गुरुग्राम।** खुद को कुख्यात सरगना बताकर फोन पर 50 लाख रुपये मांगने व रुपए ना देने की सूरत में जान से मारने की धमकी देने वाले शातिर आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ फेस-4 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने अवैध हथियार सहित काबू किया है।

आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने की योजना रची थी। इस घटना के संदर्भ में बीती 26 मार्च को पुलिस थाना सुशांत लोक में रोहित कपूर निवासी डीएलएफ फेस-5 ने शिकायत दी थी। उसने कहा था कि एक अज्ञात नम्बर से उसके पास वाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम पहले तो नीरज बताया। जब दुबारा से उसका नाम पूछा तो उसने बताने से इंकार कर दिया। उसने दो दिन के अन्दर 50 लाख रुपये देने की मांग की। यह रुपये नहीं देने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस उपायुक्त अपराध राजीव देसवाल, एसीपी प्रीतपाल ने इस मामले में दोषी को तुरंत पकड़ने के निर्देश दिए। आरोपी को कादरपुर चौक गुरुग्राम से अवैध हथियार सहित काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपी की पहचान दीपक उर्फ मीठी पुत्र बिरेन्द्र उर्फ गैला निवासी गांव फज्जुपुर नीमका जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है।



फिरोती मांगने वाले आरोपी के बारे जानकारी देती गुरुग्राम पुलिस।

# आधा भारत सम्पूर्ण निद्रा से वंचित

### सर्वेक्षण के अनुसार 53 प्रतिशत भारतीयों को अपने निद्रा क्रम के परीक्षण को उपकरणों की आवश्यकता है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यह** सिद्ध हो चुका है कि गुणवत्तापूर्ण निद्रा उत्तम शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करती है। हालांकि रात्रि में सम्पूर्ण निद्रा आज एक समस्या हो गई है। हाल ही में 5,000 लोगों पर एक निद्रा आधारित अध्ययन किया।

इस अध्ययन में सुखद तथा दुखद दोनों बिंदु सामने आए। सुखद यह रहा कि सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश भारतीयों का मानना था कि रात की अच्छी नींद सभी के लिए जरूरी है। 81 प्रतिशत लोगों का मानना था कि नींद के चक्र ने उनके जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। यह एकमात्र सकारात्मक था जो सर्वेक्षण से निकला था। हमने महसूस किया कि भारतीय सोने में सबसे अधिक समय लेते हैं (औसत समय लगभग 90 मिनट है)। यह कई कारणों से हो सकता है, जिसमें तनाव, सोने से पहले स्क्रीन-टाइम और अन्य शामिल हैं। इसके अलावा, 59 प्रतिशत ने खर्राटों को अच्छी रात की नींद का संकेत माना, जो ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के बारे में जानकारी की कमी को दर्शाता है। इसके अलावा, सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत लोगों ने अस्वस्थ निद्रा चक्र को भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाया। हालांकि दुखद यह रहा कि समस्या को स्वीकार करने के बावजूद केवल 53 प्रतिशत ने उन उपकरणों का उपयोग करके अपनी नींद की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है जो उनकी सहायता कर सकते हैं।






ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति है जहां आपके गले की मांसपेशियां शिथिल हो जाती हैं। इसका सबसे आम लक्षणों जोर से खर्राटे लेना, नींद के दौरान हवा के लिए हांफना, प्रात:कालीन सिरदर्द, निद्रा में बाधा, जागृत अवस्था में एकाग्रता में कमी और उद्विग्नता है। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया को सामान्य श्वास, धीमी या उथली श्वांस, जोर से खर्राटे लेने के रूप में देखा जाता है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल : कर्मचारियों की गेट मीटिंग से चरमराई व्यवस्था


निगम मुख्यालय के गेट पर ताला जड़ते कर्मचारी।


सड़क जाम कर पुलिसकर्मी को लौटाया।


बीके अस्पताल के सामने सड़क बंद होने से परेशान हुए लोग।


हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते नेता सुभाष लांबा।


निगम कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता नरेश शास्त्री।


हड़ताल के दौरान जोश के साथ नारेबाजी करते बैंक कर्मचारी।


निगम मुख्यालय का गेट फांदकर जाते लोग।


बीके अस्पताल में हड़ताल के कारण मरीजों को ऐसे हुई भारी परेशानी।


हड़ताल के कारण खाली पड़ा मुख्य डाकघर।



बस के अभाव में बल्लभगढ़ बस अड्डे से लौटते यात्री।


हड़ताल के दौरान बीके अस्पताल के शौचालय में हुआ महिला का गर्भपात।

### बस न मिलने पर निजी बस और ऑटो का इस्तेमाल, कर्मचारी न होने पर टाले ऑपरेशन

### नगर निगम और बैंक बंद होने से पब्लिक हुई परेशान, कुछ उद्योगों में भी कामकाज ठप

**कविता।** फरीदाबाद

**हरियाणा** रोडवेज, नगर निगम, बिजली निगम, जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, बीएंडआर, सिंचाई, एजुकेशन, राजस्व, विकास एवं पंचायत विभाग, वन, बीज विकास निगम, इंडस्ट्री, खनिज, हरियाणा टूरिज्म निगम समेत सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारी सोमवार से दो दिवसीय हड़ताल पर है। पहले दिन की गेट मीटिगों से परेशानी हुई। जिसका असर सूरजकुंड मेले में ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों और रोडवेज बस से आने दर्शकों को परेशानी हुई।

रोडवेज को बसों का चक्का जाम होने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। शनिवार और रविवार से बंद पड़े बैंकों में पैसे जमा व निकासी समेत अन्य कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को वापस लौटना पड़ा। नगर निगम में लोग ताला लगे गेट को फांदकर अंदर पहुंचे, लेकिन कार्यालय न खुले होने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। डाकघर में भी कर्मचारियों की हड़ताल से लोग परेशान नजर आए। शहर के सिविल अस्पतालों के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे। पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल हो गया। सिविल अस्पतालों में जहां कर्मचारियों की कम संख्या के कारण ऑपरेशन टाल दिए गए। वहीं ओपीड़ी में लोग लड़ते नजर आए। चिकित्सक भी कर्मचारियों की कम संख्या के कारण परेशान रहे। उनका कहना था कि औजार तक उन्हें स्वयं साफ करने पड़ रहे है। ऐसा ही सिविल अस्पताल समेत पूरे जिले में देखने को मिला।

**नहीं मिली बस :** रोडवेज के कर्मचारियों ने सुबह चार बजे से हड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने दस बजे के बाद कर्मचारियों को बस अड्डे से बाहर निकाल दिया। बाहर आकर कर्मचारी नारेबाजी करने लगे। वहीं बसों का चक्का जाम होने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई। उन्होंने निजी बसों और मंहगे दामों में ऑटो का सहारा लिया।

**मेला की बस बंद :** हड़ताल के कारण सूरजकुंड मेले में जाने वाले कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को भारी परेशानी हुई। जो लोग रोडवेज की बसों के जरिये पहुंचते थे, वह नहीं पहुंच सके और ऑटो चालकों को इसका फायदा मिला। उन्होंने 100 से 200 रुपये दर्शाकों से वसूले। वहीं एक से आधा किलोमीटर तक दर्शकों को पैदल चलना पड़ा।

**नगर निगम में ताला जड़ा :** नगर निगम कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू करते ही निगम मुख्यालय पर ताला जड़ दिया। जिससे यहां आए लोग गेट फांदकर अंदर जाते नजर आए। लेकिन जब उनसे वापस बाहर आने पर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि अंदर सभी दफ्तर बंद हैं कोई काम नहीं हुआ।

**बंद कर दी सड़क:** निगम और आशा वर्करों द्वारा निमम मुख्यालय और बीके अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया गया। जिसके कारण दोनों तरफ की सड़क पर पूरा जाम लग गया। यहां से निकलने वाली पब्लिक और पुलिस समेत मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी।

**बैंक और कम्पनी बंद :** नीलम-बाटा रोड़ स्थित केनरा बैंक की मुख्य शाखा के बाहर ट्रेड यूनियन और बैंक यूनियन के कर्मचारियों ने हड़ताल की। जिसमें पीएनबी समेत केनरा बैंक कर्मचारियों और कुछ कम्पनी के कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

**ऑपरेशन कैंसिल :** बीके के ऑपरेशन थियेटर के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हो गए। जिस कारण यहां डिलीवरी और अन्य सर्जरी व ओर्थो से सम्बंधित ऑपरेशन कैंसल कर दिए। वहीं एक डिलीवरी अर्जेंट में चिकित्सक ने करवाई। जिसे शिफ्ट करने के लिए चिकित्सक ने कर्मचारियों से गुहार लगाई और ऑपरेशन के बाद औजारों को स्वयं साफ किया।

**शौचालय में गर्भपात :** बीके अस्पताल के प्रथम तल पर पहुंची छह माह की गर्भवती डबुआ निवासी पूजा का गर्भपात होने पर नार्मल करने की बात कही थी। लेकिन वह कर्मचारियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर बिना किसी को बताए शौचालय पहुंच गई और वही गर्भपात वहीं हो जाने पर चिकित्सक और स्टाफ मौके पर पहुंचे। पूजा ने कहा कि अचानक डिलीवरी हो गई। इसमें किसी की कोई गलती नहीं है।

**डाकघर बंद :** शहर में मौजूद डाकघरों में भी हड़ताल का असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण डाकघरों में पहुंचे लोग निराश होकर लौटते नजर आए।

## पुलिस आयुक्त से जजपा नेता ने की मुलाकात


पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा को बुके देकर स्वागत करते जन नायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया।

**फरीदाबाद।** जजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया के नेतृत्व में फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा से शिष्टाचार भेंट की।

इस मुलाकात में जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, प्रदेश सचिव व्यापार सेल आशुतोष गर्ग, राकेश गर्ग अध्यक्ष व्यापार सेल, वरिष्ट नेता राजेश रावत मुख्य रूप से मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा का बुके देकर जजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष शहर की कुछ समस्याओं को रखा। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने उचित कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि शहर की सुरक्षा पूरी तरह से चाक-चौबंद है। इस मौके पर राजेश भाटिया जिलाध्यक्ष ने कहा कि जजपा कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

## शहीदों की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहीदों की याद में छठवां रक्तदान शिविर का आयोजन भड़ाना चौक, नंगला एनक्लेव पार्ट टू स्थित कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर 36 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

यह रक्त डिवाइन ब्लड बैंक को दिया जाएगा। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एनआईटी के पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. डीएस नांदल तथा कोषाध्यक्ष धारा सिंह नांदल द्वारा बुके भेंट किया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने कहा कि सभी रक्तवीरों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि आज विश्व ने भले ही तरक्की की हो मगर रक्त केवल मानव शरीर में निर्मित होता है, किसी फैक्ट्री में नहीं।

## अपग्रैड स्टडी अब्रॉड दक्षिण एशिया के गोइंग-अब्रॉड स्पेस में सबसे बड़ा प्लेयर बनने को तैयार

### वर्ष 2023 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर राजस्व हासिल करने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अपग्रैड** अब्रॉड, एशिया की अग्रणी उच्च एडटेक कंपनी अपग्रेड के स्टडी अब्रॉड वर्टिकल ने पिछले हफ्ते अमिताभ बच्चन के साथ एक उच्च डेसिबल अभियान शुरू किया। अभियान के माध्यम से पहले वर्ष के दौरान विदेश में अध्ययन करने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर को सही मिश्रण के साथ ऑनलाइन सीखने और उसके बाद ऑन-कैंपस शिक्षा शुरू करने की घोषणा की गई। पिछले आठ महीनों में, अपग्रेड अब्रॉड में 1500 शिक्षार्थी नामांकित हुए हैं और इसमें 18 और सहयोगी विश्वविद्यालयों को शामिल किया है। स्टडी अब्रॉड वर्टिकल ने वर्ष 2023 तक इस सेगमेंट में सबसे बड़ा प्लेयर बनने, 25,000 से अधिक शिक्षार्थियों को नामांकित करने और 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वार्षिक राजस्व हासिल करने का लक्ष्य रखा है। अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले छात्रों में भारत दुनिया के शीर्ष दो देशों में है। ऐसे छात्रों की संख्या वर्ष 2016 में 440,000 से बढ़कर 2019 में 770,000 हो गई है और 2024 तक इसके सालाना 1.8 मिलियन छात्रों की सीमा पार कर जाएगी। अपग्रैड के शिक्षार्थी अपनी उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जर्मनी को चुन सकते हैं।

अपग्रैड अब्रॉड के प्रेसिडेंट अंकुर धवन ने कहा, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करने का एकमात्र तरीका शिक्षार्थियों को उनकी पसंद के किसी भी वैश्विक विश्वविद्यालय से अध्ययन करने का मौका देना है और इसे पहले से कहीं अधिक किफायती और सुलभ बनाना है। अपग्रेड की पहले ऑनलाइन शिक्षा शुरू करने और फिर ऑन-कैंपस सीखने की पहल अभिनव है और हमने इस मार्केट में प्रवेश करने की समुचित तैयारी कर ली है।

अपग्रैड के एमडी एवं सह-संस्थापक मयंक कुमार ने कहा, पिछले आधे दशक में दुनिया बहुत बदल गई है और अधिकांश भारतीय अपने देश में ही रहना चाहते हैं या काम करने और अपना भविष्य बनाने के लिए अपने देश वापस आना चाहते हैं।

भारत एक प्रमुख उदाहरण है क्योंकि यह असंख्य अवसरों का देश है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उच्च शिक्षा और विशेषज्ञता हासिल करने के लिए विदेश जाकर बसना वैश्विक एक्सपोजर है, लेकिन हमारा मानना है कि अपग्रैड ने उच्च महत्वाकांक्षा के साथ कई शिक्षार्थियों के जीवन को बदलने के लिए सही साझेदारी की पेशकश का सही मिश्रण बनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृता हॉस्पिटल में सिक्योरिटी टीम को वस्त्र वितरण



**फरीदाबाद।** अमृता हॉस्पिटल में सोमवार को माता अमृतनंद मयी देवी की अनुकम्पा, स्वामी निजामृतानंदजी पुरी के आशीर्वाद से ब्रह्मचारी अनिल द्वारा 150 से अधिक सिक्योरिटी टीम के सदस्यों को घर-परिवार की महिलाओं के लिए साड़ियां व अमृता पाठशाला के बच्चों को ड्रेस सूट, बिस्कुट, टॉफी भेंट कर उन्हें आनंद, आत्मीयता व हर्ष की अनुभूति दी गयी। मुख्य कार्यालय में आयोजित गरिमा पूर्ण समारोह में अम्मा के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पण हॉस्पिटल की टीम व खुशियों का खजाना के सदस्यों ने किया। अमृता पाठशाला के बच्चों ने सुन्दर कविताओं व गीतों से मन मोह लिया। स्वामी अनिलजी ने अम्मा व अमृता हॉस्पिटल का परिचय देते हुए कहा कि शुभारम्भ हेतु तैयार यह हॉस्पिटल मानव मात्र के स्वास्थ्य हेतु वरदान होगा। यहां चिकित्सा व्यवसाय नहीं सेवा होगी। खुशियों का खजाना टीम की उमा गर्ग ने बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनने के प्रेरक सूत्र प्रदान किये। इंजिनियर अरुण जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। आने वाले अथितियों का आभार इंजिनियर प्रवीण विष्ट ने किया। सुबह सुबह कार्यक्रम सम्पन्न कराने में टीम जे एस एन ने सराहनीय योगदान दिया।

### ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने दिया ईमानदारी का परिचय



**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस में तैनात पुलिस कर्मी के द्वारा गुमशुदा मोबाइल को उसके मालिक को लौटाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक प्वाइंट बाटा चौक पर तैनात पुलिसकर्मी नाका पर ड्युटी कर रहा था। उसे ड्युटी पर आज सुबह समय करीब 10 बजे रोड पर एक मोबाईल फोन पडा हुआ एक व्यक्ति को मिला जो दूसरा व्यक्ति उस फोन को अपना बता रहा था। जो दोनो में फोन को लेकर बहस होने लगी। ड्युटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने दोनों से बहस का कारण पूछा तो दोनो फोन को अपना बता रहे थे। जिनसे फोन में लगी सिम का नम्बर पूछने पर दोनों नही बता पाए तो पुलिसकर्मी ने फोन को अपने पास रख लिया। कुछ समय बाद फोन पर एक कॉल हुई जिसने बताया की यह मेरा फोन है जिसको पुलिसकर्मी ने फोन का नाम पूछा तो वही फोन था जिससे बात हो रही थी। पुलिस कर्मी ने बताया कि वह ट्रैफिक पुलिस में तैनात है उसकी ड्युटी बाटा चौक पर है और उसका फोन उसके पास है। फोन का मालिक सेक्टर-15 फरीदाबाद में रहता है। जिसे पुलिस कर्मी ने फोन मालिक को बुलाकर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फोन को उसके मालिक के हवाले कर दिया। फोन का मालिक फोन वापिस पाकर बहुत प्रसन्न हुआ और उसने इसके लिए पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

### सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो भेजने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना खेड़ी पुलिस की टीम ने एक फेसबुक और व्हाट्सएप पर आइकन फोटो लगाकर अश्लील फोटो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी आशिश कुमार स्थाई रूप से दिल्ली के ओखला फेस वन का रहने वाला है तथा स्थाई रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ का रहने वाला है। आरोपी ड्राइवरी का काम करता है।आरोपी ने को शिकायतकर्ता के रिलेटव की फोटो फेसबुक से लेकर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर ग्रुप का आइकन फोटो लगाने के बाद उस पर अश्लील फोटो वायरल की और निकली फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने पर थाना खेड़ी पुल में आईटी एक्ट में 2 मार्च को मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को थाना खेड़ी पुल एरिया से गिरफ्तार किया गया है।

## हड़ताली कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके चौक पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**केन्द्रीय** ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संघों के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मियों को पक्का करने, जन सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, खाली पड़े लाखों पदों को भरने, लेबर कोड्स, बिजली संशोधन बिल व एनईपी को रद्द करने, कौशल रोजगार निगम भंग करने, लिपिक का वेतन 35400 करने, ग्रुप डी से ग्रुप सी में पदोन्नति कोटा बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने और पदोन्नति की सीमा घटाकर 2 साल करने आदि मांगों को लेकर सोमवार से शुरू हुई दो दिवसीय हड़ताल का जिले में व्याप्त असर रहा।

मंगलवार को भी हड़ताल जारी रहेगी। विभिन्न विभागों के हड़ताली कर्मचारी बीके चौक नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित हुए और वहां आम सभा का आयोजन किया। सभा में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान अशोक कुमार, सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण सिंह खाडिया,नपाकसंघ के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रधान देवन्द्री शर्मा, आशा की प्रधान हेमलता, सीटू के प्रधान निरंतर पराशर व कोषाध्यक्ष सुधा पाल, सकसं के नेता करतार सिंह, रमेश चंद्र तेवतिया व सुभाष देसवाल मौजूद थे। सभा में आंगनवाड़ी कर्मियों की हड़ताल व मांगों का पुरजोर समर्थन किया और मुख्यमंत्री से राजहठ छोड़कर उनकी मांगों का समाधान कर हड़ताल समाप्त करवाने की मांग की।

हरियाणा रोड़वेज कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चे ने बड़े सबेरे ही बसों का चक्का जाम कर दिया। तमाम प्रयासों के बावजूद डिपों से कोई भी बस बाहर नहीं निकल पाई। नगर निगम के बल्लभगढ़, ओल्ड व एनआईटी मुख्यालय पूर्णत: बंद रहे। बीके चौक पर आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और परिसंपत्तियों को बेचना राष्ट्रहित नहीं है।

उन्होंने सवाल किया कि एक देश में एक चुनाव और एक देश एक चुनाव की वकालत करने वाले जबाव दे कि एक देश एक दो प्रकार की पेंशन और एक देश में तीन चार तरह की नौकरी क्यों है । उन्होंने कौशल रोजगार निगम भंग कर ठेका प्रथा समाप्त कर ठेका कर्मियों को सीधे विभागों के रोल पर करने, समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

## पुलिस की सतर्कता से शांतिपूर्ण चल रहा मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सूरजकुंड** में आयोजित किए जा रहे 35वें हस्तशिल्प मेले का आज 10वां दिन है, जिसमें आमजन के साथ-साथ पुलिस फोर्स में भी इस मेले के लिए पूरा उत्साह है। आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस की तरफ से सभी इंतजाम पूरे किए जा चुके हैं और पुलिस फोर्स मेले को शांतिपूर्वक संपन्न करवा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा के लिहाज से मेले में 2500 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है जिसमें 25 से अधिक डीएसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। उचित प्रबंधन के लिए मेले को 8 जोनों में बांटा गया है जिसमें प्रत्येक जोन में आवश्यकता के अनुसार अधिक से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है जो नागरिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। मेले के दौरान 24 पुलिस नाके लगाए गए हैं जो मेले में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखेंगे। नागरिकों के सामान की सुरक्षा के लिहाज से मेले में 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनकी कंट्रोल रूम द्वारा 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही बच्चों तथा नागरिकों के गुम हुए सामान को उन तक वापस पहुंचाने के लिए लॉस्ट एंड फाउंड टीम भी तैनात की।


दर्शकों की जांच करते पुलिसकर्मी

## खेलने का अधिकार बने मूल अधिकार

**खिलाड़ी** तैयार करने के लिए भारत को खेलों को मूलाधिकार का दर्जा देने पर विचार करना चाहिए। ऐश्ले बार्टी आस्ट्रेलिया में विख्यात टेनिस खिलाड़ी बनीं, वीमेन सिंगल्स में पहले स्थान पर रहीं तथा 25 साल की आयु में उन्होंने खेलों से सन्यास ले लिया। हालांकि, भारत में सभी लोग खेलों के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं, पर यहां से यह देखने में बहुत दूर की बात लगती है। वास्तव में हम यथार्थ से बहुत दूर हैं। उदाहरण के लिए, पिछले सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए पेश एक मामले र गौर किया जा सकता है। याचिका में सुझाव दिया गया था कि खेलों को मूलाधिकार का दर्जा दिया जाए। सर्वोच्च न्यायालय को काफी महत्वपूर्ण मान कर इसकी सुनवाई की। लेकिन इसे इस तर्क पर टाल दिया गया कि खेलों व शारीरिक साक्षरता में से क्या श्रेष्ठ है। शारीरिक साक्षरता में योग व संबंधित गतिविधियां आती हैं। हालांकि, अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे दूसरी तारीख पर सुनने का फैसला किया है। यह रास्ता खेलने वाले राष्ट्र के लिए उपयुक्त नहीं है। क्या हमें खेलों को मूलाधिकार बना देना चाहिए? क्या इससे हमारे भीतर सहभागिता की भावना, टीम भावना, एकजुटता, सहिष्णुता व न्यायोचित कार्य, व्यक्तिगत विकास में योगदान तथा संपूर्णता की भावना पैदा होगी? क्या खेलने का अधिकार एक स्वीकृत राष्ट्रीय पहल बन जाएगी और इससे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पदक जीतने वाली प्रतिभा को बढ़ावा मिलेगा? यह बहस पहली बार हमारे सामने नहीं आई है। 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस विषय पर विचार किया था तथा एक याचिका पर आदेश देते हुए कहा था कि युवा पीढ़ी में खेलों के



मूल्य समाहित करने से 'धैर्य, सद्भावना व मित्रता' पैदा तथा प्रोत्साहित होगी।

अदालत ने केन्द्र, यूजीसी, एनसीईआरटी व भारतीय खेल अधिकरण को नोटिस जारी कर कहा था कि वे खेलों के साथ मूलाधिकारों जैसा व्यवहार करें। याचिका में खेलों के लिए उपयुक्त माहौल बनाने तथा खेल शिक्षा व प्रशिक्षण को प्राथमिक स्कूलों से ही बच्चों को देने के निर्देश की प्रार्थना की गई थी। इस शिक्षा से उनको न केवल पदक मिलेंगे, बल्कि वे अपने जीवन में मजबूत, न्यायप्रिय व प्रतिबद्ध नागरिक भी बनेंगे। लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि इसके बाद से चीजों में जरा भी परिवर्तन आया है। हालांकि, हम विरले ही राष्ट्रीय खेल नीति पर बहस करते हैं, पर हम कभी कम्युनिस्ट देशों की खेल नीतियों के खिलाफ फैसले देने से हिचकते नहीं हैं। हालांकि, इन देशों की आलोचना पूरी तरह निराधार भी नहीं है। चाहे रोमानिया हो अथवा रूस या चीन, खेलों की गारंटी व उनका समर्थन राज्य द्वारा किया जाता है। सरकार पूरे खेल ढांचे का संचालन करती है जिसमें छात्रों के चयन से लेकर उनको ओलम्पिक तक पहुंचाना शामिल है। प्रशिक्षण कठोर होता है तथा अनेक छात्र उसके दबाव में झुक जाते हैं। औसतन लगभग 900 बच्चों में से एक खिलाड़ी तैयार होता है। राज्य केवल चैम्पियनों का समर्थन करती है तथा बाकी को छोड़ देती है। इसका कारण राज्य की यह समझदारी है कि विशिष्ट खिलाड़ी एक सामाजिक स्थिति है जिसके विशेषाधिकार होते हैं। हालांकि, यूरोप में प्रशिक्षण इतना कठिन नहीं है, पर खेलों के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जाता है। भारत में हमें राष्ट्रीय बहस के लिए इस मुद्दे को सार्वजनिक दायरे में लाना चाहिए। क्या केन्द्र व राज्यों की सक्रिय सहभागिता के लिए खेलों को समवर्ती सूची में लाया जाना चहिए? क्या शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए? आखिरकार हमें कहीं तो शुरुआत करनी होगी।

# यूक्रेन प्रकरण से चीन के लिए सबक

बीजिंग बीआरआई प्रगति को आर्थिक विस्तार का आवश्यक तत्व मानता है, वहीं रूसी राजनेता विस्तृत यूरेशिया की अवधारणा पर काम कर रहे हैं।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)



यूक्रेन की वर्तमान पहेली से ये सवाल पैदा हो रहे हैं कि रूस पर प्रतिबंध लगाने से भू-आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ेगा तथा क्या इससे चीन की बार्डर रोड इनीशियेटिव-बीआरआई परियोजनाओं व संबंधित निवेशों पर संदेह पैदा हो सकते हैं। यदि इस प्रकरण से पैदा अमेरिका-विरोधी दृष्टिकोण को और बल मिलता है तो व्यापार युद्ध और तेज होंगे, रास्ते बंद होंगे व प्रतिबंध लगेगें तथा बीआरआई परियोजनाओं को चीन की रणनीतिक संकुचित दृष्टि कहा जा सकता है? इसके साथ ही क्या दोनों देशों के बीच 'कोई सीमा नहीं' की घोषणा रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन का रणनीतिक शिकंजा था जिसका उद्देश्य न केवल चीन की परीक्षा लेना, बल्कि विस्तृत यूरेशियाई सपना पूरा करने के लिए मजबूत वित्तीय व सैनिक सुरक्षा आश्वासन प्राप्त करना था। क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद 'रूसी जमीनों पर कब्जा करने वाले' के रूप में पुतिन की प्रशंसा हुई और उनकी घरेलू स्वीकार्यता भी बढ़ गई। इससे महाशक्ति के रूप में रूस का दर्जा भी मजबूत हुआ। इसके लिए पूरब में चीन के साथ बेहतर संबंध जरूरी थे। जब बीजिंग बीआरआई प्रगति से स्वयं अपना विज्ञापन करने में व्यस्त था और उसे वह अपने आर्थिक विस्तार का आवश्यक तत्व मानता था, उसी समय विशिष्ट रूसी राजनेता वर्ग विस्तृत यूरेशिया की अवधारणा पर काम करते हुए अपनी पश्चिमी सीमाओं पर ध्यान दे रहा था।

मध्य एशिया में 2015 तक रूस आर्मीनिया, बेलारूस, कजाखिस्तान व किर्गिजिस्तान को ईईयू के ढांचे में एकजुट करने में सफल हुआ था जो सक्रिय रूप से एक मुक्त व्यापार क्षेत्र, कस्टम्स यूनियन तथा मजबूत समन्वित साझा आर्थिक नीति से जुड़ा था। इसके साथ ही पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करते हुए ईईयू, एससीओ व एशियान के बीच समानता पैदा करने के प्रयास हुए तथा इन्होंने स्वयं को अनिवार्य क्षेत्रीय समन्वयक के रूप में पेश किया। इस उद्देश्य से रूस एआईआईबी में शामिल हुआ तथा चीन-रूस संबंध मजबूत हुए। मई, 2018 में ईईयू सदस्यों और चीन ने व्यापार एवं आर्थिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही चीन ने रूस को विभिन्न ईईयू-बीआरआई परियोजनाओं के ढांचे तथा रूसी उत्तरी समुद्री मार्ग विकसित करने के लिए कुल 77 बिलियन चीनी युवान आबंटित किए। पिछले कुछ साल से चीन चीन-यूरोप मार्ग को स्थायित्व का मार्ग बताने तथा पूरब और दक्षिण में 'वुल्फ वैरियर' या आक्रामक राजनीति करने में लगा है। दोनों के बीच खेल में चीन ने केवल यूरेशिया के आर्थिक आयाम पर ध्यान दिया जहां वह परिवहन गलियारे के माध्यम से अपने घरेलू उत्पादन तथा नागरिकों के लिए रोजगार सुनिश्चित कर सके। दूसरी ओर रूस ने परस्पर निर्भरता का भ्रम पैदा करने के साथ ही विस्तृत यूरेशिया की अवधारणा पेश की और इसे मजबूत करने के लिए काम किया।

इस संबंध में गौर करने वाला एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि जहां चीन ने पूरब और दक्षिण में अपने संबंधों में तनाव पैदा किए, वहीं रूस ने सुनिश्चित किया कि उसकी सद्भावना बनी रहे, फिर चाहे वह जापान हो या भारत अथवा दक्षिण चीन सागर विवाद में उसकी तटस्थता। इस प्रकार रूस ने बेलारूस व यूक्रेन के अलावा अपने ऊर्जा संसाधनों से पश्चिम को ऊर्जान्वित करने का प्रयास किया। इसके साथ ही उसने 2019 में मध्य एशिया में काफी निवेश किया तथा चीनी नेशनल आयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन एंड डेवलमेंट कंपनी लिमिटेड-सीएनओडीसी में 10 प्रतिशत निवेश बीआरआई ढांचे के अंतर्गत आर्कटिक एलएनजी 2 परियोजना में निवेश बढ़ाया। इस प्रकार पुतिन ने अपना आर्थिक प्रभाव क्षेत्र बढ़ाया।

रूस अच्छी तरह अपने भूमि मार्ग का महत्व समझता है। 2021 में यूरोप व चीन के बीच कंटेनर परिवहन में 47 प्रतिशत वृद्धि हुई। विभिन्न लाजिस्टिक एजेंसियों का अनुमान है कि ट्रांस-साइबेरियन कारीडोर के माध्यम से कार्गो शिपमेंट 2023 में एक मिलियन टीईयू तक पहुंच जाएगा, लेकिन वर्तमान संकट इसके रास्ते में आ गया है। प्रतिबंधों के कारण रूस, बेलारूस व पोलैंड के बीच रास्ता अगले कुछ साल तक बंद रहेगा। ऐसे में चीन के लिए जरूरी हो गया है कि वह व्यापार के लिए कुछ अन्य विकल्पों पर विचार करे। चीन को धीरे से यह भी समझ में आया है कि वह केवल एक पक्ष के साथ पूरी तरह न जुड़े। मध्य एशिया-पश्चिम एशिया गलियारा इसका प्रमुख उदाहरण है। चीन ने तुर्की में बाकू-त्बिलिसी-कार्स यानी बीटीके रेलवे मार्ग के माध्यम से रणनीतिक पहुंच बढ़ाई है जिससे वह रूस को पीछे छोड़ कर केवल 15 दिन में माल एशिया से यूरोप को भेज सकता है। वर्तमान समय में यह बीजिंग के लिए पहला विकल्प है। मध्य या तुर्की, जार्जिया व अजरबैजान से हो कर गुजरने वाला ट्रांस-काकेशश परिवहन गलियारा अब रूसी रेलवे पर प्रतिबंध के बाद चीन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इससे जुड़ी एक और समस्या ढांचागत व लाजिस्टिक सीमायें हैं। यदि ट्रांस साइबेरियन रूट का आधा माल भी इस रास्ते पर आ गया तो यह उससे निपट नहीं सकेगा और इस कारण समस्या बनी रहेगी। वर्तमान समय में तुर्की, अजरबैजान व आर्मीनिया कार्स होकर जाने वाले एलजीडीआर-दिलुचू-नाखाचीवेन रेलवे परियोजना का प्रयोग करते हैं। रूस, यूरोपियन परिषद तथा नाटो ने इंटरनेशनल नार्थ-साउथ गलियारे-आईएनएसटीसी के अंतर्गत इसे बढ़ावा दिया था क्योंकि इससे न केवल स्थानीय स्तर पर शांति सुनिश्चित होती थी, बल्कि सबके लिए परिवहन खर्च कम था। संकट के पहले तुर्की ने विस्तृत मार्ग का सुझाव दिया था जो इसे बीआरआई फंडिंग से बनने वाले दक्षिणी गलियारे से ईरान व पाकिस्तान को जोड़ता था। यह चीन के लिए दूसरा विकल्प है। परिवहन के लिए तुर्की तक पहुंचने के पहले इसे किर्गिजिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमानिस्तान व ईरान से गुजरना होगा। इसमें मुख्य ढांचागत बाधा रेलवे पटरियों के बीच स्पेस या गेज है। वर्तमान समय में बीटीके रेलवे मार्ग का मिलन बिंदु जार्जिया में अखिलकेलेक है। भौगोलिक रूप से नया विकल्प अजरबैजान, आर्मीनिया व जार्जिया को अलग छोड़ता है जिसका नतीजा हितों का टकराव हो सकता है।

मध्य व दक्षिण के गलियारों को जोड़ने के चीनी रास्ते में भू-राजनीतिक मुद्दे बाधा बन रहे हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि अमेरिका ईरान और पाकिस्तान या दोनों में से किसी एक के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाने का फैसला करे तो क्या चीन के पैसे वाली बीआरआई सड़क परियोजनायें आगे बढ़ सकती हैं? चीन ने पहले ही ईरान व पाकिस्तान को 400 बिलियन तथा 62 बिलियन डालर देने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। यदि चीन यूक्रेन के मुद्दे पर रूस का समर्थन जारी रखता है तो उसके खिलाफ भी जवाबी वित्तीय कदम उठाए जा सकते हैं। दूसरी ओर अस्थिर आर्थिक स्थिति व वर्तमान राजनीतिक असंतोष को देखते हुए पाकिस्तान में कोई उथल-पुथल उसे एफएटीएफ द्वारा काली सूची में डाल सकती है जिसके वित्तीय प्रभाव होंगे। यदि पाकिस्तान में हजारा शियाओं के मुद्दे पर ईरान के साथ इस्लामाबाद के संबंधों में तनाव आता है तथ बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी-बीएलए भी चीनी निवेशों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। यदि अमेरिका फिलहाल ईरान नाभिकीय समझौता बहाल करने के साथ राजनीतिक रूप से क्रान्तिकारी गार्डों पर आतंकी प्रतिबंध हटाने के संवेदनशील मुद्दे पर समझौता नहीं करता है तो यह समझौता लंबा नहीं चल सकता है। यदि चीन बीआरआई परियोजना आगे बढ़ाता है तो वह जल्द ही ईरान नाभिकीय समझौता टूटने का कारण बन सकता है। बीजिंग के लिए ईरान व पाकिस्तान को वित्तीय रूप से स्थिर बनाना तथा अन्य ओबीओआर परियोजनाओं को चलाना संभव नहीं होगा। अमेरिका, रूस व ईरान तथा पाकिस्तान पर नरमी नहीं बरतेगा। इसके साथ ही अफगानिस्तान में तालिबान अपनी मान्यता, अनुदान व वित्तीय सहायता के लिए बीजिंग को ब्लैकमेल या तोड़फोड़ कर संपर्क योजना को नुकसान पहुंचा सकते हैं। दोनों मामलों में जल्द ही चीन वित्तीय दबाव का अनुभव करेगा।

भू-राजनीतिक अनिश्चिततायें बढ़ने पर चीन अपने समुद्री मार्ग पर निर्भर होगा जो लंबा, ज्यादा खर्चीला तथा उसकी मलक्का सोच से ग्रस्त है। वर्तमान भू-राजनीतिक पहेली कंटेनर परिवहन को भू-राजनीति में फंसा सकती है जिससे दक्षिण एशिया का सुरक्षा ढांचा प्रभावित होगा। इस मोड़ पर पुतिन के शब्दों पर गौर करना चाहिए, 'यदि किसी को सोवियत संघ के विघटन से कोई दु:ख नहीं है तो उसके पास दिल नहीं है। यदि कोई इसे बहाल करना चाहता है तो उसके पास दिमाग नहीं है।'

# उद्योग तथा अकादमिक क्षेत्र सहयोग के परिणाम

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक एक अकादमिक एवं स्तम्भकार हैं)



यूजीसी अध्यक्ष द्वारा हाल ही में उद्योग से सदस्यों को प्रोफेसरों और एसोसिएट प्रोफेसरों के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव, उनकी योग्यता को देखे बिना, अकादमिक समुदाय से संदेह के साथ मिला है। इस प्रस्ताव के गुण-दोषों में जाने से पहले, हमारे राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में वर्तमान शिक्षा परिदृश्य का पता लगाएं। इसकी एक कमी यह है कि शिक्षा में 17 या 20 से अधिक वर्ष बिताने के बाद भी, छात्रों में रोजगार के लिए आवश्यक कौशल की कमी है। एक स्नातकोत्तर छात्र समाज के लिए अपनी विशेषज्ञता के आवेदन की व्याख्या नहीं कर सकता है। शिक्षक भी नहीं कर सकता। अधिकांश कॉलेजों में, स्नातकोत्तर कक्षाएं एक ट्यूशन सेंटर की तरह संचालित की जाती हैं, जहां कैप्सूल नोट वितरित किए जाते हैं।

किसी विशेष विषय में अद्यतन ज्ञान प्रदान करने का यह सही तरीका है, फिर भी सहकर्मी-समीक्षा से शोध या समीक्षा पत्रों को संदर्भित करके शिक्षण की संस्कृति का शायद ही कभी पालन किया जाता है। अधिकांश विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम शिक्षक केंद्रित तरीके से तैयार किया जाता है। पाठ्यक्रम को डिजाइन करते समय एकमात्र चिंता यह है कि आवश्यक कार्यभार को कैसे बनाए रखा जाए ताकि पदों की रक्षा की जा सके। विज्ञान विषयों का व्यावहारिक पाठ्यक्रम ज्यादातर पुराना है। कि पिछले 75 वर्षों के दौरान कोई महत्वपूर्ण संशोधन नहीं हुआ है। कॉलेजों में पढ़ाए जाने वाले उन्नत विषयों को विदेशों में स्कूल स्तर पर पढ़ाया जाता है। अधिकांश कॉलेजों में विभिन्न विभागों के बीच शायद ही कोई संपर्क होता है। ऐसे माहौल से निकलकर स्नातकों को रोजगार कैसे मिल सकता है? यह आश्चर्य की बात नहीं कि एमएससी और पीएचडी डिग्री के बाद भी कई विज्ञान के छात्र, नौकरी पाने के लिए संघर्ष करते हैं। उनके पास रोजगार के लिए आवश्यक आवश्यक कौशल की कमी है और यह नहीं जानते कि पत्र का मसौदा कैसे तैयार किया जाए या बैंकिंग कार्यों को कैसे संभाला जाए। हमारे देश में उच्च शिक्षा में कठोर सुधारों की सख्त जरूरत है। लेकिन ये केवल हमारे विश्वविद्यालयों से शुरू नहीं होने चाहिए, बल्कि हमारे



कॉलेजों में शुरू होने चाहिए, जहां से छात्रों का एक बड़ा वर्ग प्रशिक्षित होता है। उद्योग से लोगों को शिक्षाविदों में शामिल करने का हालिया प्रस्ताव एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इससे सावधानी से निपटा जाना चाहिए। उद्योग जगत के लोग छात्रों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्हें इस बात का व्यावहारिक ज्ञान है कि शुरू से ही उद्योग कैसे बनाया जाए। इस दुनिया में अधिकांश सफल उद्यमी अकादमिक रूप से मेधावी छात्र नहीं हैं। वे या तो विश्वविद्यालय छोड़ चुके थे या औसत दर्जे के छात्र थे। उद्योग से एक संकाय छात्रों को कक्षा में सीखने वाले विषयों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को समझने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, एक फार्मा उद्योग का व्यक्ति नृवंशविज्ञान सीखने वाले छात्रों को पारंपरिक ज्ञान से उत्पाद विकसित करने में मदद कर सकता है। हालांकि, सरकार को ऐसी भर्तियों के लिए एक स्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान करना चाहिए। जबकि शिक्षाविद बड़े पैमाने पर एक खुली ज्ञान संस्कृति का पालन करते हैं, उद्योग एक बंद ज्ञान संस्कृति का पालन करता है। उद्योग हमेशा अपने ज्ञान को गोपनीय रखता है और ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित नहीं करता है। कई उद्योगों में सूचना लीक होने के डर से कर्मचारी को कार्यालय से कागज का एक टुकड़ा भी ले जाने की अनुमति नहीं है। अधिकांश उद्योग अकादमिक डिग्री को महत्व नहीं देते हैं, और वे कौशल और उत्पादकता पर अधिक जोर देते हैं। उद्योग शायद ही कभी नैतिकता या मानवीय मूल्यों का पालन करते हैं। उनका एकमात्र मंत्र मार्केटिंग के माध्यम से सफलता है। लेकिन शिक्षा का उद्देश्य देश के लिए ज्ञान प्रदान करना और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, मूल्य-संचालित नागरिकों का विकास करना है। अनुसंधान एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें सावधानी से चलना चाहिए। अधिकांश उद्योग बुनियादी अनुसंधान का समर्थन या प्रोत्साहन नहीं करते हैं। वे अनुसंधान को बढ़ावा देते हैं जो उत्पादों के रूप में तत्काल परिणाम देता है। विज्ञान के कई क्षेत्रों में यह संभव नहीं हो सकता है। उद्योग के लोगों का प्रभाव अंतत: मौलिक अनुसंधान के महत्व को कम कर सकता है। लंबे समय में, देश प्राथमिक अनुसंधान के बिना जीवित नहीं रह सकता है। उद्योग से लोगों की भर्ती करते समय, यूजीसी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके प्रभाव से हमारे परिसरों में शैक्षणिक वातावरण खराब न हो। हमें उद्योग से केवल सकारात्मक संस्कृति का उपयोग करना चाहिए, जैसे उनके प्रबंधन कौशल, संभावित नए उत्पाद की पहचान करने में उनका कौशल आदि। वे एक शोधकर्ता को अपने शोध उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। नया नियम उन युवा शोधकर्ताओं की संभावनाओं को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है जिन्होंने शोध के लिए अपने जीवन की सबसे अधिक उत्पादक अवधि में परिश्रम किया। यदि उद्योगों से फैकल्टी भर्ती का विकल्प है, तो पीएचडी की डिग्री के लिए 3 से 8 साल खर्च करने का कोई मतलब नहीं है, और उनमें से अधिकांश अनुसंधान के बजाय उद्योग में अपना करियर बनाएंगे। यह अंतत: देश में अनुसंधान परिदृश्य को प्रभावित करेगा।

हमें उद्योग के लोगों को शिक्षा में शामिल करते हुए अपने युवाओं की आकांक्षाओं की रक्षा करने की आवश्यकता है। स्थायी पद देने के बजाय, यूजीसी उद्योगों के लोगों को अतिथि या सहायक प्रोफेसर के रूप में शामिल करने के बारे में सोच सकता है। उद्योगों को भी परिसरों के अंदर अनुसंधान केंद्र शुरू करने की अनुमति दी जा सकती है ताकि छात्रों को लाभ हो, लेकिन शिक्षा को चलाने की कुंजी हमेशा शिक्षाविदों के लोगों के पास होनी चाहिए।

## आप की बात

### समान आचार संहिता

**भारत** का संविधान धर्म, जात-बिरादरी तथा स्त्री-पुरुष या क्षेत्रीय पहचान की परवाह किये बिना प्रत्येक नागरिक को एक समान अधिकार देता है। मगर आजादी के बाद जिस तरह धार्मिक कानूनों को मान्यता दी गई उससे देश की अखंडता व एकता पर सवाल पैदा होता हैं। 72 वर्ष पहले से हि समान नागरिक आचार संहिता पर विचार किया जा रहा हैं मगर कुछ राजनीतिक विषयो की वजह से इसे दबाया जा रहा था। सबसे दुखद यह है कि 1947 में मजहब के आधार पर ही मुसलमानों के लिए अलग राष्ट्र पाकिस्तान बनाया गया फिर भी हमारी राष्टीय निति मे कोई बदलाव नहीं किया गया। देश मे एक मात्र गोवा ही एक राज्य हैं जहां समान आचार संहिता लागु हैं उत्तराखंड मे भी पुन: मुख्यमन्त्री बने श्री पुष्कर सिंह धामी ने इसका प्रयास किया हैं। समाज का राष्ट्र के प्रति जो उत्तरदायित्व होता है, उसकी पूर्ति में अलग-अलग समुदायों के पर्सनल ला बाधक होते हैं। कोई भी देश अलग समाजों का एक समूह है, और इसी समूह को धर्म-जाती के नाम पर बांट जाए तो इनमे कभी एकता का भाव स्थापित नहीं होगा। समान आचार संहिता एक देश एक कानून को साकार करने वाली व्यवस्था है।

- **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### बाल यौन शोषण के मामले

**कहा** जाता है कि बच्चे देश दुनियाभर के व समाज राष्ट्र के भविष्य निर्माता व आन बान शान होते है। बच्चों में ही एक कर्मठ अफसर , मंत्री , सैनिक व राष्ट्र प्रहरी व माता पिता के प्रत्यक्ष सपनों का मुख्य पहलू माने जाते है। परंतु अगर यही बच्चें अमानवीय घटनाओँ के शिकार हो तो चिंता की लकीरें साफ उभर आती है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर दुनियाभर में बाल यौन शोषण के मामले तेजी से बढ़ रहे है। नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लोईड चिल्ड्रन (एन सीएमई सी) के द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 2020 की तुलना में 2021 के दौरान दुनियाभर में बाल यौन शोषण के मामलों में 34 फीसदी की बढ़ोतरी देखने मे आई। सोशल मीडिया में अश्लील फोटो के 2021 में 3 करोड़ मामले आए। अब चिन्तनीय पहलू यह है कि दुनियाभर में बच्चों के यह यौन शोषण के मामले समाज व बुद्धिजीवी वर्ग के लिए चुनोती भरा हो गया। कि आखिर कंहा और केसी चूक हो रही कि बच्चों का स्वर्णिम भविष्य बुरे तरीके से प्रभावित हो रहा। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत मे 24 लाख मामले आए। जिनमे 80 प्रतिशत पीड़ित लड़कियां है जो 14 साल से कम उम्र की हैं।

- **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र


### प्रवेश परीक्षा

**सरकार** ने हाल ही में लिए गए अपने निर्णय के द्वारा विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश के लिए नई एंट्रेंस परीक्षा देना अनिवार्य बना दिया है! हमारे देश में बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटीओं और ख्यातिनाम कालेज होने के बावजूद भविष्य के सफल रोजगार के लिए व प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारियों के लिए महंगे से महंगे ट्यूशन इंस्टिट्यूट ज्वाइन करना तो आवश्यक सा हो गया है। हैरानी तो यह है कि कॉलेजों की फीस से भी ज्यादा इन ट्यूशन इंस्टीट्यूट फीस होती ह जिसे वहन करना निम्न व मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए असंभव सा है। सरकार को 12वीं तक की पढ़ाई में से ही एंट्रेंस परीक्षा के प्रश्न पत्र बनाए जाने चाहिए। साथ ही न्यूनतम फीस वाले ट्यूशन केंद्र खोले जाने जरूरी है। अन्यथा इस एंट्रेंस परीक्षा में भी पैसे वालों का ही बोलबाला रहेगा और गरीब प्रतिभाशाली छात्र आगे नहीं बढ़ पाएंगे। और इन परीक्षाओं में किसी को भी किसी प्रकार का कोई आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए! सभी के लिए समान अवसर पर समान अंक जरूरी हो!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**भाजपा** मतदाताओं को धोखा देने के लिए 137 दिन चुप रही, फिर उसने केवल 6 दिनों में 3.75 रुपये प्रति लीटर लूट लिए।

- **रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस प्रवक्ता

**यूक्रेन** में एक महीने से जारी पुतिन का युद्ध ऐसा बर्बर युद्ध है जिसे वह जीत नहीं सकते हैं।

- **मिरसिया जियोना**
नाटो महासचिव





**रोजगार** बजट दिल्ली की अर्थव्यवस्था को प्रगति और रोजगार सृजन के रास्ते पर ले जाएगा।

- **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री

# टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य डेढ़ लाख करोड़ करें: योगी

● राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राजस्व प्राप्तियों में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी फील्ड विजिट करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वार्षिक टैक्स कलेक्शन के लक्ष्य को पुनरीक्षित कर डेढ़ लाख करोड़ रुपये करने पर विचार किया जाए। उन्होंने टैक्स चोरी रोकने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाने तथा अगले वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व प्राप्तियों के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण तैयार करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोक भवन में राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होने कहा कि जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प तथा निबंधन, परिवहन, भू.राजस्व तथा ऊर्जा जैसे विभागों के प्रमुख राजस्व प्राप्तियों के सम्बन्ध में 100 दिन, 6 माह व 1 वर्ष का लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना बनाएं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अपर मुख्य सचिव वित्त द्वारा राजस्व प्राप्तियों से सम्बन्धित इन प्रमुख 6 विभागों के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प तथा निबंधन, परिवहन, भू.राजस्व तथा ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राजस्व प्राप्तियों के सम्बन्ध में अपने विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान खनन सचिव को खनिजों के मूल्य नियंत्रण के सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को अपनी सभी सेवाएं ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव आबकारी को अगले वित्तीय वर्ष के लिए अपने लक्ष्यों को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव कर विभाग, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव कुमार मित्तल, अपर मुख्य सचिव वित्त श्रीमती एस राधा चौहान, अपर मुख्य सचिव राजस्व संजय भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं निबन्धन वीना कुमारी मीना, सचिव खनन डॉ रोशन जैकब, परिवहन आयुक्त धीरज साहू, यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम देवराज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## साढ़े छह लाख करोड़ का हो सकता है नयी सरकार का पहला बजट

### सीएम योगी की नए बजट को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा

● युवा, किसान, महिला और बुजुर्गो पर होगा को बजट का फोकस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार का नया बजट किसान, युवा, महिलाओं और बुजुर्गों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। यह बजट साढ़े छह लाख करोड़ के आसपास का होने की संभावना है। सत्ता की अपनी दूसरी पारी के पहले बजट को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आबकारी, वित्त और राजस्व विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मुख्य बिंदुओं को ध्यान रखकर बजट को तैयार करें। योगी सरकार का इस बजट में सुशासन, सुरक्षा और विकास को प्रमुखता मिलेगी ताकि यूपी को नई ऊंचाईयां मिलेगी। इस बजट से उत्तरप्रदेश को ढेर सारा लाभ मिलेगा। बजट में महिलाओं, किसानों और युवाओं के सशक्तीकरण पर सर्वाधिक जोर दिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा सम्मान, किसानों की आमदनी बढ़ाने में, शिक्षा के प्रसार में, युवाओं को रोजगार देने में ये बजट कारगर साबित होगा। आगामी बजट संकल्प पत्र पर आधारित होगा।

## भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर विभागों में होमवर्क शुरू, तैयार हो रहे रोडमैप

● पहले से चली आ रही योजनाओं की समीक्षा के साथ ही आगामी योजनाओं को लेकर प्लान पर कार्य शुरू

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**योगी** सरकार के शपथग्रहण के साथ ही भाजपा के संकल्प पत्र को पूरा करने को लेकर विभाग एक्शन में आ गए हैं। पुरानी योजनाओं की समीक्षा के साथ अवधि बढ़ाये जाने से लेकर संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए अधिकारी होमवर्क में जुट गए हैं। जिससे सरकार के उद्देश्यों को जनता तक पहुँचाया जा सके।

विधानसभा परिणाम आने के बाद पिछले दिनों मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों व प्रमुख सचिव के साथ बैठक कर 100 दिन या छह माह का एक्शन प्लान मांगा था। मुख्य सचिव के निर्देश और सरकार के शपथ ग्रहण को देखते हुए समाज कल्याण विभाग से लेकर महिला कल्याण विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज जैसे सभी विभागों ने होमवर्क करना शुरू कर दिया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अनुज झा का कहना है कि पूर्व में चल रही योजनाओं की समीक्षा के साथ ही उन्हें बढ़ाये जाने की दिशा में कार्य हो रहा है। इसके अलावा सरकार के संकल्प पत्र को पूरा करने की दिशा में भी एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। वहीं समाज कल्याण विभाग ने तो भाजपा के संकल्प पत्र को देखते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मिलने वाली राशि को 51 हजार से एक लाख करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। जबकि विधवा पेंशन अथवा वृद्धा पेंशन की राशि को 1000 से बढ़ाकर 1500 करने की दिशा में अभी प्रस्ताव तैयार हो रहा है। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे राम का कहना है कि प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जल्द ही भेज दिया जायेगा। वहीं महिला कल्याण विभाग संकल्प पत्र के मुताबिक कन्या सुमंगला योजना की राशि को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार कर रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग में हर स्कूलों में बच्चों के लिए बेंच की व्यवस्था करने के संकल्प पत्र में जिक्र किये जाने को लेकर जिलों से एस्टीमेट मांगे गये हैं। जिसके आधार पर प्लान तैयार किये जा सके। स्वास्थ्य विभाग में एम्बुलेंस की संख्या को बढ़ाये जाने को लेकर प्लान तैयार किया जा रहा है। जिससे दस मिनट के अंदर पीड़ित मरीज तक एम्बुलेंस पहुँच सके। वहीं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत पिछले कार्यकाल के दौरान हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की सरकार की मंशा को देखते हुए इसे मूर्त रूप देने के लिए एक निश्चित सीमा अवधि के अंतर्गत इसे क्रियान्वित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### समीक्षा का दौर फिर होगा शुरू

**पिछली** सरकार में योजनाओं की समीक्षाओं के दौर को देखते हुए पूर्व से चली आ रही योजनाओं से लाभ-हानि को लेकर भी विभाग फाइल तैयार कर रहे हैं। इनमें कुछ ऐसी योजनाएं हैं जो सरकार के रिपीट होने के चलते बढ़ाई जायेंगी। अधिकारियों का कहना है कि इस समय दोहरी जिम्मेदारी विभागों पर है। एक तो पुरानी योजनाओं की समीक्षा और दूसरे संकल्प पत्र के हिसाब से प्लान तैयार करने की। ताकि जब प्रजेंटेशन के लिए विभागवार बुलाया जाय तो विभाग मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

### अपेक्षित परिणाम न देने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज

**सरकार** के रिपीट होने के चलते ट्रांसफर-पोस्टिंग के व्यापक पैमाने पर शुरू किये जाने पर संशय हैं। पर उन अधिकारियों का ट्रांसफर तय है, जिन्होंने पिछले कार्यकाल के आखिरी दिनों में सरकार की मंशा के अनुरूप रिजल्ट नहीं दिया था। ऐसे में विभाग में एक्शन प्लान अधिकारियों को डर भी है कि कहीं उनके पर स्थानान्तरण का गाज न गिरे।

## संजीव बालियान बने रालोद के नेता प्रतिपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

विधानसभा में विधायकों की शपथ से पूर्व राष्ट्रीय लोकदल की तरफनेता विधानमंडल दल के रूप में बुढ़ाना से निर्वाचित विधायक संजीव बालियान को मनोनीत किया गया है। जबकि उप नेता के तौर पर सिवालखास से विधायक गुलाम मोहम्मद को बनाया गया है। विधानसभा चुनाव के बाद नवनिर्वाचित विधायकों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पिछले दिनों बैठक की थी। बैठक के दौरान उन्होंने विधायकों को जनता की आवाज बनने का मंत्र दिया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष की तरफ से छपरौली से विधायक प्रो अजय कुमार को विधानमंडल दल का मुख्य सचेतक बनाया गया है। उप सचेतक के रूप में मो अशरफ अली को और कोषाध्यक्ष विधानमंडल के रूप में सादाबाद से विधायक प्रदीप गुड्डू को मनोनीत किया है।

**शपथ ग्रहण से पूर्व दी श्रद्धांजलि:** रालोद के नवनिर्वाचित विधायकों ने आज विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण से पूर्व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद पार्टी के सभी विधायक विधानसभा में दाखिल हुए।

## सेना भर्ती पर लगी रोक पर पुनर्विचार करे केन्द्र: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने कोरोना के बाद सेना की भर्ती पर लगी रोक को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला किया है। मायावती ने कहा इससे बेरोजगार परिवारों और सेना में भर्ती का जज्बा रखने वाले युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। मायावती ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया और केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए सभी पहलुओं पर समय रहते विचार करने को कहा है। सोमवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कोरोना के कारण सेना में भर्ती रैलियों के आयोजन पर पिछले दो साल से लगी हुई रोक अभी आगे लगातार जारी रहेगी। संसद में दी गयी यह जानकारी निश्चय ही देश के नौजवानों, बेरोजगार परिवारों व खासकर सेना में भर्ती का जज्बा रखने वाले परिश्रमी युवाओं के लिए अच्छी खबर नहीं है। मायावती ने आगे कहा कि मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इसको लेकर सैन्य अफसर भी चिंतित हैं क्योंकि उनके अनुसार इस आर्मी रिक्रूटमेंट रैलियों पर अनवरत पाबंदी का बुरा प्रभाव सेना की तैयारियों पर नीचे तक पड़ेगा।

## बाबर की मौत पर सीएम ने दिये जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● कुशीनगर में भाजपा की जीत का जश्न मना रहे युवक की पिटाई से हुई मौत का मामला

**विधानसभा** चुनाव में भाजपा की जीत का जश्न मना रहे कुशीनगर के युवक बाबर की पिटाई से मौत की घटना को सीएम योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। पूरे मामले पर मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिये है। उन्होने कहा है कि जांच निष्पक्ष हो और किसी भी दोषी को बख्शा नही जाये। विगत दिनों कुशीनगर में भाजपा की जीत पर जश्न मना रहे बाबर नामक युवक की मौत को संज्ञान में लेते हुये सीएम योगी ने जांच के आदेश दिये हैं। सीएम योगी ने कहा कि महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में बाबर की पिटाई का प्रकरण बेहद ही निंदनीय है। बाबर की पिटाई से मौत पर गहरा शोक व्यक्त करने के साथ मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना भी जताई। उन्होंने कुशीनगर के एसपी को इस प्रकरण की तत्काल तथा निष्पक्ष जांच के लिए निर्देश दिया है। इसके साथ ही शासन तथा पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को जांच पर नजर रखने का निर्देश दिया है। बाबर कुशीनगर के कठघरही गांव के निवासी था। विदित हो कि कुशीनगर में 20 मार्च को मुस्लिम युवक बाबर की भाजपा का प्रचार करने और भाजपा को बहुमत मिलने पर मिठाई बांटने को लेकर पिटाई कर दी गई।

## विपक्ष सदैव सकारात्मक भूमिका निभाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पहली** बार विधायक बने सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोमवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की शपथ लेने के बाद कहा कि विपक्ष सदैव सकारात्मक भूमिका निभाएगा। सदन में सरकार के साथ ही विपक्ष भी अपना काम करेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि मैं पहली बार विधानसभा में आ गया हूं। इससे पहले भी विधान मंडल में था, सिर्फ बेंच बदल गई। अखिलेश यादव ने कहा कि मैं अब विपक्ष में बैठूंगा। विपक्ष सदैव सरकार की जवाबदेही के लिए काम करेगा और विपक्ष की भूमिका सकारात्मक होगी। विधान भवन में सोमवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र की खूबसूरती का नजारा दिखा। विधायक पद की शपथ के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ तथा अखिलेश यादव एक दूसरे से मिले। इन्होंने हाथ मिलाया और मुस्कुराए भी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसी बीच अखिलेश यादव के कंधे पर हाथ रखकर उनकी पीठ भी थपथपाई।

## योगी सरकार के मंत्रियों को आवंटित विभागों की सूची

| नाम | विभाग |
|---|---|
| योगी आदित्यनाथ | नियुक्ति, कार्मिक, गृह, सतर्कता, आवास, राजस्व, खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, खनिज, अर्थ एवं संख्या, राज्य कर एवं निबंधन, सामान्य प्रशासन, सचिवालय प्रशासन, गोपन, सूचना, निर्वाचन, संस्थागत वित्त, नियोजन, राज्य संपत्ति, उप्र पुनर्गठन समन्वय, प्रशासनिक सुधार, कार्यक्रम कार्यान्वयन, अवस्थापना, भाषा, अभाव सहायता एवं पुनर्वास, लोक सेवा प्रबंधन, किराया नियंत्रण, प्रोटोकाल, सैनिक कल्याण, प्रान्तीय रक्षक दल, नागरिक उडड्यन, न्याय, विधायी विभाग |
| केशव प्रसाद मौर्य | ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर एवं सार्वजनिक उद्यम तथा राष्ट्रीय एकीकरण। |
| ब्रजेश पाठक | चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण |
| सुरेश खन्ना | वित्त एवं संसदीय कार्य |
| सूर्य प्रताप शाही | कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान |
| स्वतंत्र देव सिंह | जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण |
| बेबी रानी मौर्य | महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार |
| लक्ष्मी नारायण चौधरी | गन्ना विकास एवं चीनी मिलें |
| जयवीर सिंह | पर्यटन एवं संस्कृति |
| धर्मपाल सिंह | पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा |
| नंद गोपाल गुप्ता नंदी | औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन |
| भूपेंद्र सिंह चौधरी | पंचायती राज |
| अनिल राजभर | श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय |
| जितिन प्रसाद | लोक निर्माण विभाग |
| राकेश सचान | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग |
| अरविंद कुमार शर्मा | नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत |
| योगेंद्र उपाध्याय | उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी |
| आशीष पटेल | प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप |
| संजय निषाद | मत्स्य |
| **राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार** | |
| नितिन अग्रवाल | आबकारी एवं मद्य निषेध |
| कपिल देव अग्रवाल | व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास |
| रवींद्र जायसवाल | स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन |
| संदीप सिंह | बेसिक शिक्षा |
| गुलाब देवी | माध्यमिक शिक्षा |
| गिरीश चंद्र यादव | खेल एवं युवा कल्याण |
| धर्मवीर प्रजापति | कारागार एवं होमगार्डस |
| असीम अरुण | समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण |
| जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर | सहकारिता |
| दयाशंकर सिंह | परिवहन |
| नरेंद्र कश्यप | पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण |
| दिनेश प्रताप सिंह | उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात |
| अरूण कुमार सक्सेना | वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन। |
| दयाशंकर मिश्र दयालु | आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन |
| **राज्यमंत्री** | |
| मयंकेश्वर सिंह | संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण |
| दिनेश खटिक | जल शक्ति |
| संजीव गोंड | समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण |
| बलदेव सिंह ओलख | कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान |
| अजीत पाल | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी |
| जसवंत सैनी | संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास |
| रामकेश निषाद | जल शक्ति |
| मनोहर लाल मन्नू कोरी | श्रम एवं सेवायोजन |
| संजय गंगवार | गन्ना विकास एवं चीनी मिलें |
| ब्रजेश सिंह | लोक निर्माण विभाग |
| केपी मलिक | वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन |
| सुरेश राही | कारागार |
| सामेंद्र तोमर | ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा |
| अनूप प्रधान बाल्मीकि | राजस्व |
| प्रतिभा शुक्ला | महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार |
| राकेश राठौर गुरु | नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन |
| रजनी तिवारी | उच्च शिक्षा |
| सतीश शर्मा | खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति |
| दानिश आजाद अंसारी | अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज |
| विजय लक्ष्मी गौतम | ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विका तथा ग्रामीण अभियंत्रण |

## सरकार बनते ही अपराधियों पर शिकंजा कसने की कवायद फिर शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में फिर से योगी आदित्यनाथ सरकार बनते ही अपराधियों पर शिकंजा कसने की कवायद शुरू हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अपराधियों के खिलाफ पुलिस के स्तर पर की गई निरोधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की गयी। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द व समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत प्रदेश में वर्ष 2021 से अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा के अनुसार 7924 गैंग चार्ट अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए गए जिनमें से जिलाधिकारियों द्वारा 7752 गैंग चार्ट में अनुमोदन प्रदान किया गया है। साथ ही 5150 आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किए गए। अवस्थी ने बताया कि लाईसेंसी शस्त्रों के दुरुपयोग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस वर्ष अब तक 2041 शस्त्र अनुज्ञा के विरुद्व निलम्बन-निरस्तीकरण की संस्तुति की गयी, जिनमें से 1659 वाद दर्ज कर 1439 शस्त्र अनुज्ञा निलम्बित किए गए। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि प्रदेश में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 107/116 दप्रसं के अन्तर्गत इस वर्ष अब तक हुई कार्रवाई की भी गहन समीक्षा की गयी। धारा 116(3),117 के अन्तर्गत 232971 वादों मे 1199828 व्यक्तियों को पाबन्द किया गया। साथ ही 306 व्यक्तियों द्वारा पाबन्द किए जाने के बावजूद भी शांति भंग करने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है तथा 32 व्यक्तियों के मुचलके व बन्धपत्र जब्त कर वसूली प्रमाण पत्र जारी किए गए।

## विदेशी धरती पर बिकेगा यूपी का गेहूं

● रूस-यूक्रेन संकट के चलते योगी सरकार की पहल

**कमल दुबे।** लखनऊ

**यूपी** के किसानों का गेहूं आने वाले दिनों में विदेशी धरती पर अपना जलवा बिखेरेगा। रूस-यूक्रेन संकट के बीच योगी सरकार ने उन देशों में गेहूं का निर्यात करने की संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं, जो अभी तक रूस और यूक्रेन से गेहूं का आयात करते थे। खाद्य एवं रसद ने दिल्ली में निर्यातकों से सम्पर्क साधकर यूपी का गेहूं निर्यात करने की जमीन तलाशने का काम शुरू कर दिया है। योगी सरकार की कोशिशें अगर परवान चढ़ी तो राज्य के किसानों की आय में खासी बढ़ोत्तरी हो सकेगी। योगी सरकार किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को लेकर चल रही है। लक्ष्य को हासिल करने के लिये सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में आनाज की खरीद बढ़ाने सहित अनेक कदम उठाये थे। जिसका किसानों को खासा फायदा भी मिला। इधर रूस-यूक्रेन संकट ने गेहूं का निर्यात में भारत के लिये नये अवसर पैदा कर दिये हैं। जिसका फायदा होगी सरकार यूपी के किसानों को दिलाना चाहती है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के मुताबिक स्थानिक आयुक्त तथा दिल्ली में तैनात अन्य अधिकारियों ने देश के बड़े निर्यातकों से सम्पर्क करके यूपी का गेहूं निर्यात करने की संभावनाएं तलाशने का काम शुरू कर दिया है। इनकी अधिकारियों की रिपोर्ट आने के बाद सरकार इस दिशा में आगे बढ़ेगी। जानकारों के मुताबिक दुनिया के अग्रणी गेहूं आयातक देशों में मिस्त्र, इंडोनेशिया, तुर्की, चीन, नाइजीरिया, इटली, अलजीरिया, फिलीपींस, जापान, मोरक्को, ब्राजील आदि शामिल हैं। इनमें से बांग्लादेश, इंडोनेशिया, फिलीपींस, नाइजीरिया और जापान में ही भारत का गेहूं जाता है। ऐसे में भारत के पास निर्यात का विस्तार करने की व्यापक संभावना है, क्योंकि प्रमुख निर्यातक देश रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के कारण अन्य देश फिलहाल दूरी बनाए हुए हैं।

## कांग्रेस तीन चरणों में शुरू करेगी 'महंगाई मुक्त भारत' अभियान

### 31 मार्च को पार्टी नेता-कार्यकर्ता अपने घरों के बाहर व सार्वजनिक स्थानों पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी महंगाई के मुद्दे पर भाजपा के खिलाफ हमला बोलने की तैयारी कर रही है। इसी के तहत 31 मार्च से 7 अप्रैल तक कांग्रेस तीन चरणों में 'मंहगाई मुक्त भारत' अभियान शुरू करने जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि 31 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता जनता के साथ अपने घरों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थानों पर सिलेंडर, स्कूटर-बाइक, पेट्रोल-डीजल के खाली डिब्बे आदि पर माल्यार्पण कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि जनता का वोट हासिल करने के लिए पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर, पीएनजी, सीएनजी, की कीमतें 137 दिनों तक अपरिवर्तित रहीं। वह कौन सी स्थिति आज पैदा हो गयी कि पिछला सप्ताह घर के बजट के लिए एक बुरा स्वप्न सा हो गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें प्रतिदिन अच्छी खासी बढ़ रही हैं वहीं गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। सच तो यह है कि अच्छे दिनों की लूट ने लोगों का बजट ही बिगाड़ दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी की सरकार पूर्व की भांति पुन: 137 दिनों के बाद जेब काटना शुरू कर दी है। जिससे मध्यम वर्ग, आम लोग, नौकरी पेशा, गृहणीयां, हर कोई परेशान दिखाई दे रहा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने महंगाई मुक्त भारत अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। दो से चार अप्रैल 2022 के बीच पूर्वान्ह 11 बजे जिला मुख्यालयों पर लोगों के साथ जिला-शहर कांग्रेस कमेटियां महंगाई मुक्त भारत, धरना एवं मार्च का आयोजन करेंगीं। 7 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता, फ्रंटल संगठन, विभाग और प्रकोष्ठ, श्रमिक संघों, यूनियनों एवं नागरिक-सामाजिक समूहों के साथ राज्य मुख्यालय पर महंगाई मुक्त भारत धरना एवं मार्च आयोजित होगा जिसमें सभी जिला शहर कांग्रेस कमेटियां, ब्लॉक कांग्रेस, फ्रंटल संगठन, विभाग और प्रकोष्ठों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## सपा की बैठक शामिल होने के बजाए दिल्ली निकल गए शिवपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जसवंत** नगर से विधायक एवं प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव सोमवार को दिल्ली रवाना हो गए। शिवपाल ने दिल्ली में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से मुलकात कर अपनी बात रखी। 26 मार्च को सपा विधायकों की बैठक में न बुलाय जाने के चलते शिवपाल नाराज चल रहे हैं। माना जा रहा था कि सपा द्वारा 28 मार्च को सपा-गठबन्धन की बुलाई गई बैठक में शिवपाल को आमंत्रित किया जाएगा, लेकिन 28 मार्च की बैठक में भी शिवपाल को आमंत्रित न किए जाने से वे नाराज होकर सोमवार को दिल्ली चले गए। वे न तो सपा मुख्यालय पहुंचे और न ही विधायकों के शपथ ग्रहण समरोह में विधान भवन में। वहीं दूसरी ओर विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह के चलते सोमवार को सपा-गठबन्धन की बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक की अभी फिलहाल कोई नई तिथि नहीं आई है। लेकिन जिस तरह से शिवपाल व सामजवादी पार्टी के बीच एक बार फिर तना-तनी का खेल शुरू हुआ है। उससे स्पष्ट हो गया है कि समाजवादियों के बीच कुछ नया होने वाला है। माना जा रहा है कि शिवपाल मंगलवार को विधानसभा में जसवंतनगर से विधायक बनने की शपथ लेंगे।

भाजपा सांसद ने की एमएलसी प्रत्याशी को जिताने की अपील, बोले

# अफसरों ने वोट सपा को दिया, अब कुर्सी बचा रहे

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा सांसद** अशोक रावत ने कहा कि असेंबली चुनाव में कई अधिकारियों ने गड़बड़ किया। बैलेट पर वोट सपा को दिया और सरकार भाजपा की आई है तो अपनी कुर्सी बचाने में जुट गए हैं। ब्लॉक मछरेहटा के बीबीएससी इंटर कॉलेज मिलिक में सोमवार को होली मिलन समारोह व प्रधान, बीडीसी तथा जिला पंचायत सदस्यों के सम्मान समारोह में भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने कहा कि प्रधान, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत

- मछरेहटा में हुआ होली मिलन व प्रधान बीडीसी, डीडीसी सम्मान समारोह का आयोजन

सदस्यों को जितना सम्मान भारतीय जनता पार्टी में अभी तक मिला है उतना पहले कभी किसी सरकार में नही मिला। उन्होंने सीतापुर में विश्वविद्यालय की स्थापना और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मछरेहटा मिथिलेश कुमारी, प्रधान संघ अध्यक्ष मछरेहटा जयपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, राम गोपाल अवस्थी, मंडल अध्यक्ष केपी सिंह, अंजनी शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय भार्गव, सुधीर सिंह, बबलू, जिला पंचायत सदस्य निशा वर्मा, प्रधान मनोज रावत, काजू यादव, सिद्धेश्वर सिंह, गंपू सिंह, सुशील गुप्ता, महेंद्र तिवारी, छन्नू भैया, राजेश शुक्ला, पल्लन सिंह आदि मौजूद थे।

# भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति सदैव पूज्यनीय रही है: आरके बाजपेई

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**महमूदाबाद के** संकटा देवी मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष आरके बाजपेई ने कहा भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति सदैव पूज्नीय रही है। महिलाओं के संघर्ष और उनकी सफ्लता का एक विस्तृत इतिहास है। आज भी महिलाएँ सभी क्षेत्रों में पुरूषों के मुकाबले अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाये हुए हैं। राजनीति में महिलाओं की सक्रियता से समाज को एक सकारात्मक संदेश मिलता है। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा लेखा गुप्ता द्वारा आयोजित सम्मान समारोह का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। मुख्य अतिथि के साथ हियुवा के जिलाध्यक्ष अतुल चित्रांश, भाजपा नगर अध्यक्ष रमाशंकर वर्मा व संजय कुमार वर्मा का स्वागत आयोजकों की ओर से स्मृति चिन्ह व बैज अलंकरण से किया गया। प्रीती वर्मा, किरन यादव, प्रीती यादव, माधुरी राजपूत, चित्रा रावत व पूजा यादव, गुड्डी वर्मा, शिवांगी पोरवाल, शिवानी, लक्ष्मी गुप्ता आदि को स्मृति चिन्ह व आकर्षक पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया।

## प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**लहरपुर के** पाटनदीन चौराहा स्थित एसआर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक प्रमोद मिश्रा द्वारा प्रतिभा अलंकरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम पीएल मौर्य, विशिष्ट अतिथि एचओडी वनस्पति विभाग डीएसएन पीजी उन्नाव डॉ रंजीत सिंह व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एसयू खान रहे। अध्यक्षता एचओडी गणित आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर डॉ आरएस मिश्र ने की। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति गीत व भक्ति गीतों पर सजीव झांकियां तथा नृत्य प्रस्तुत किया। एसडीएम ने बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनुपम श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष, सचिव रानी रमा, समाजसेवी हसीन अंसारी, सभासद सौरभ पुरी, पंकज शुक्ला, विशाल कपूर, रामे बाजपेई आदि मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### कानपुर की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी पर राजस्व टीम का छापा

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर में एचएमएच डिग्री कॉलेज के निकट स्थित कानपुर इलेक्ट्रॉनिक कंपनी पर व्यापार कर बकाया होने से तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी व राजस्व टीम ने छापा मारा। कानपुर इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के प्रोपराइटर महबूब अहमद अंसारी पर 31 लाख रुपए व्यापार कर बकाया था। जिसका समय पर भुगतान नहीं किए जाने पर छापा मारा गया। एसडीएम पीएल मौर्या के निर्देशन पर तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी व अमीन वीरेंद्र कुमार, रमाकांत सहित टीम ने छापा मारकर व्यापार कर के रूप में 11 लाख रुपए की टैक्स वसूल किया। साथ ही एक हफ्ते का समय देते हुए बकाया धनराशि वसूले जाने की चेतावनी भी दी।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ बाईपास के समीप गस्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक रायसाहब यादव अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गस्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर दिलीप कुमार पुत्र स्व0 साहू निवासी ग्राम उधन्नापुर थाना कोतवाली को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार करते हुये न्यायालय भेजा है।

### नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण अब 31 मार्च तक

**फतेहपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना/पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को माह मार्च के प्रथम वितरण चक्र की अवधि को एक बार फिर बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। पिछले दिनों इसे बढ़ाकर 28 मार्च की गई थी। उन्होंने अधीनस्थो से नियमानुसार वितरण सुनिश्चित करवाने की अपील की है।

### मकान मालिक के खाते से रकम निकाल ली बीमा पॉलिसी

**फतेहपुर।** किरायेदार ने धोखाधड़ी कर वृद्ध मकान मालिक के खाते से लाखों रुपये हड़प कर दो बीमा पॉलिसी अपने नाम करा ली। एजेंट से मिलकर किरायेदार ने दो एफडी की रकम भी हड़प ली। वहीं पुलिस कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के कृष्ण बिहारी नगर के रहने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी रामकुमार सोनकर ने बताया कि उनके किराएदार शुभम कुमार निवासी मकनपुर, जिला कौशाम्बी ने धोखाधड़ी कर चेक द्वारा 05 लाख 18 हजार रुपया निकाल कर दो लाइफइंश्योरेंस पॉलिसी अपने नाम करा ली। किरायेदार शुभम और बैंक एजेंट राजेन्द्र कुमार ने उसकी दो फिक्स डिपॉजिट की रकम भी हड़प ली। पीड़ित के रूपया वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की और दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी किंतु कोई वहां पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था। वहां से भी हताश होने के बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। वहीं कार्यवाहक कोतवाल प्रभुनाथ यादव ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई है।

### क्रिकेट ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन 1 अप्रैल से

**फतेहपुर।** यूपी क्रिकेट एसो0 के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो0 द्वारा सत्र 2022-23 के लिये पुरूष व महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के सभी वर्गों में क्रिकेट ट्रायल हेतु पंजीकरण प्रक्रिया आगामी 01 अप्रैल से आरम्भ होने जा रही है। यह प्रक्रिया ऑफलाइन फार्म द्वारा होगी। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो0 के सचिव रियासत अली ने बताया कि मुख्य कार्यालय एवं 40 रेलबाजार स्टेशन रोड स्थित कैंप कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। जो निर्धारित शुल्क 300 सौ रूपये देकर 10 बजे से शाम 05 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। इसके अलावा किसी अन्य जानकारी के लिये दूरभाष पर संपर्क कर प्राप्त कर सकतें हैं।

### संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जीपीटी कम्पनी में कार्यरत कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी गोवर्धन लाल का 42 वर्षीय पुत्र रमेश जो जीपीटी कम्पनी में कर्मचारी के पद पर तैनात था। उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# एमएलसी प्रत्याशी पवन चौहान ने चाय ही नहीं सब्जी भी बेची

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर से** भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान अपने जनसंपर्क अभियान को लगातार गति देते हुए समर्थन तो जुटा ही रहे हैं, इस दौरान अपनी संघर्ष गाथा लोंगो से साझा कर एक सकारात्मक विचार का प्रसार भी कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े पवन सिंह चौहान जब बैठकों में अपना पक्ष रखते हैं तो आपबीती सुनाकर लोगों से जुड़ने का प्रयास करते हैं। ब्लॉक कसमंडा में मतदाता संवाद के दौरान उन्होंने अपने संघर्षो के दिनों का जिक्र करते हुए बताया कि वह भी कभी सब्जी उगाया करते थे और बेचा करते थे। चाय की दुकान भी चलाई है। खेत में हल चलाया है। उनकी संघर्ष गाथा सुनकर हर कोई खासा प्रभावित नजर आया। रविवार की रात एचपी ढ़ाबे पर कसमंडा ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी द्वारा आयोजित मतदाता संवाद

- एमएलसी प्रत्याशी बोले-खेत में चलाते थे हल, उगाते थे सब्जी
- कहा-चाय की दुकान भी चलाई और बेची है सब्जी
- बीजेपी प्रत्याशी ने सुनाई अपनी संघर्ष गाथा

कार्यक्रम में भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने मतदाताओं से समर्थन व सहयोग मांगते हुए कहा कि खुद को नेता नहीं जनता का सेवक बताया। उन्होंने वादा किया कि मौका मिलने पर सीतापुर को शिक्षा के क्षेत्र में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में एक खेल का मैदान व उसमें एक ट्रेनर रखने का वादा किया तथा उससे होने वाले फायदे भी गिनाए। उन्होंने कहा जब बच्चा खेलता कूदता है, तो उसके शरीर का सम्पूर्ण विकास व व्यायाम दोनों होते हैं और वह निरोग्य रहता है। कार्यक्रम में कमलापुर व्यापार मंडल के संरक्षक जेपी सिंह चौहान, मेहुल कुमार यादव, अनुराग जयसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमर बाजपेई, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कसमंडा सतेन्द्र पाल सिंह, जयक्रष्ण पाण्डे, राजीव त्रिपाठी, अरविंद पांडेय, रवी तिवारी, अनुज पांडे, अखण्ड प्रताप सिंह, रवी सिंह, मोनू दिक्षित, देवेश सिंह, आशीष अवस्थी, संदीप शुक्ला, गुड्डू भारती, भोला सिंह, रामू, विपुल बाजपेई आदि सैकड़ों की संख्या में प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

## प्रधान प्रतिनिधि से स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता। ऐलिया सीतापुर

**ब्लॉक ऐलिया** के उमरसा सुजावलपुर में अस्थायी गौ आश्रय स्थल का उपचिकित्साधिकारी सदर डॉ मानव ने पशुचिकित्साधिकारी

- अस्थायी गौ आश्रय स्थल का उपचिकित्साधिकारी ने किया मुआयना

ऐलिया संजय सिंह, सहादतनगर के पशुचिकित्साधिकारी डॉ अजय पाल के साथ मुआयना किया। डॉ मानव ने बीमार पशुओं का समुचित इलाज एवं सही से देखभाल करने का निर्देश दिया। साथ ही भूसा भंडारण हेतु एक कक्ष निर्माण कराने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी से कहा। मौके पर मिली खामियों को देख पशुचिकित्साधिकारी ऐलिया संजय सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा तथा प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार यादव से स्पष्टीकरण तलब किया है।

# पहले दिन आयकर कार्यालय में जमकर गरजे हड़ताली कर्मी

**बरेली ।** 2 दिवसीय देशव्यापी हडताल के पहले दिन आज विभिन्न ट्रेंड यूनियन के हड़ताली कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी कर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की ।सुबह से ही आयकर कार्यालय में हड़ताली कर्मचारियों का जुटना शुरू हो गया था ।केंद्रीय श्रमिक संगठनो ने 2 दिन 28 व 29 मार्च को हड़ताल जारी रहेगी।इसके पहले कुछ हड़ताली कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे कैनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यलय और यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर भी प्रदर्शन कर रोष जाहिर किया , 11 बजे से इनकम टैंक्स कार्यालय में कर्मचारी इकट्ठे होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया । रविन्द्र सिंह ने कहा कि हम माँग करते हैं हड़ताल की प्रमुख मांगे 4 लेबर कोड रदद् करो हायर एन्ड फायर की नीति वापस लो सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण की बात वापस ठेकाकरण समाप्त कर स्थाई प्रदान करो न्यूनतम वेतन 26000 करो समाजिक सुरक्षा प्रदान करो बढ़ती महंगाई पर रोक लगाओ आदि आदि यह हड़ताल जरूरी है , इधर हम निजीकरण के खिलाफतैयारी कर रहे है उधर यह सरकार 2 बैंको के निजीकरण के लिये बैंकिंग अधिनियम बिल में संशोधन में कैबिनेट की मंजूरी के इंतजार में है यही नही बैंको में विदेशी निवेश की वर्तमान सीमा 20: को असीमित रूप से बढ़ाने में सरकार आगे बढ़ चुकी है , ऐसे में केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफहड़ताल ही एक मात्र विकल्प है हड़ताल के दौरान मुख्य वक्ता संजीव मेहरोत्रा रविन्द्र सिंह , सतीश मेहता , दिनेश सक्सेना , शेलेन्द्र आदि मौजूद रहे ।



# कोतवाल की हुई विदाई



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी में तीन महीने के कार्यकाल के बाद गोला कोतवाली का चार्ज मिलने पर निवर्तमान कोतवाल विवेक उपाध्यक्ष का कोतवाली में विदाई समारोह हुआ। उन्हें फूल मालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर विदा किया। विदाई समारोह में बोलते हुए श्री उपाध्यक्ष ने कहा मेरे सभी स्टाफ, मीडिया और जनता ने भरपूर सहयोग और सम्मान दिया। जिसको मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। विदाई समारोह में पुलिस उपाधीक्षक संदीप सिह ने कहा कि कम समय में एक अलग पहचान छोड़ी है। विवेक उपाध्यक्ष ने वहीं प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने कहा कि बड़े मेहनती और जुझारू कार्यशैली और व्यक्तित्व के मालिक है। विवेक उपाध्याय, सीतापुर से हमारा साथ रहा है। विदाई समारोह में कोतवाली का समस्त स्टाफ सभी चौकी इंचार्ज सहित मीडिया के लोग भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पलिया पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों आकाश टोपी उर्फआकाश गुप्ता पुत्र स्व. अशोक गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी व मनोज ढुकला उर्फमनोज गुप्ता पुत्र स्व. बाबानन्द निवासी मोहल्ला बाजार कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी के कब्जे से 720 अवैध टैबलेट व एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर पटिहन रोड से गिरफ्तार किया गया। इसके संबंध में थाना पलिया पर सुसंगतधाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विभाग की मिलीभगत से कट रहे पेड़



**लखीमपुर-खीरी।** जिले के वन विभाग के अधिकारी जहां क्षेत्र में पर्यावरण के बचाव में एक भी पेड़ न कटने का दम्भ भर रहे है वहीं क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं की सक्रियता क्षेत्रवासियों पर भारी पड़ती नजर आने लगी है। हो भी क्यों न इन लकड़ी माफियाओं द्वारा क्षेत्र में खुलेआम बेखौफ़ होकर लगातार हरे भरे पेड़ों की विनाश लीला लगातार जारी रखे हुए है। जिधर भी देखो उधर हरे भरे पेड़ो पर कुल्हाड़ी व आरे चलाये जा रहे है।

ताजा मामला होलागढ़ चौकी कफारा क्षेत्र में सोने लाल वर्मा के पेड़ों को काट डाले तथा जानकारी अनुसार रूद्रपुर कटौली मिश्रीलाल मौर्य पुत्र कालिका मौर्य के पेड़ों का सफाया कर दिया है। खास बात यह है कि इस विनाश लीला में वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी भी सहभागी बने हु, है।इस बाबत जब एक बड़े लकड़ी माफिया से पूछा गया तो नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम लोग क्या करें क्षेत्र में पेड़ो को काटने से पहले वन विभाग के बड़े अधिकारियों से परमीशन लेकर छुटभैया कर्मचारी एक मुश्त मोटी रकम लेने के बाद ही पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाने की अनुमति देते है। इस दौरान ये पेड़ काटने से लेकर उसको सीमा पार करवाने तक कि जिम्मेदारी भी लेते है। अगर कोई शिकायत हो जाती है तो उन्हीं रुपयों में लीपापोती करने के लि, जुर्माना काटने व लकड़ी बचाने का कार्य भी इन्हीं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। इससे वन अधिकारी द्वारा बार बार पेड़ न काटने की सफाई देंने पर भी सवालिया निशान लगने शुरू हो गये है। एक तरफवन क्षेत्राधिकारी हरे भरे पेड़ो का कटान न करने का दावा कर रहे है वहीं दूसरी ओर विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी सुनियोजित ढंग से क्षेत्र में लगातार हरियाली की विनाश लीला जारी रखे हु, है। जिसके चलते धौरहरा तहसील क्षेत्र के अदलीशपुर, विरसिहपुर, रायपुर, लालापुरवा, भव्वापुर खमरिया, कोतवाली क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की तरह खुली आरा मशीन, फर्नीचर (टिम्बर) व प्लाईवुड की दुकानों एवं ईट भट्टा मालिकों द्वारा क्षेत्र में खुलेआम गोरखधंधा चलाकर आम, नीम, शीशम, गूलर शेमल व सागौन के पेड़ों को कटवाकर अपना धंधा चमकाकर लाखों की कमाई का जरिया बनाये हुए है।

# तहसील में आयोजित हुआ भव्य होली मिलन कायक्रम

**मोहम्मदी-खीरी।** बार एसोसिएशन की ओर से तहसील प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ साथ प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी जनप्रतिनिधि और मीडिया के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार संघ के अध्यक्ष गोविंद कुमार खरे ने की।

अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियो को माला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उसके उपरांत वक्ताओं ने होली मिलन कार्यक्रम की भूर भूर प्रशंसा की। उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव पुलिस उपाधीक्षक संदीप सिंह ने प्रकाश डाला तथा कहा कि ऐसे पर्व कोई न कोई संदेश लेकर आते हैं जिनका हमें अनुसरण करना चाहिए एकार्यक्रम को चेयरमैन संदीप मल्होत्रा एब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार वाजपेई, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह, महामंत्री शाहिद बाबा, रमाकांत द्विवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अगर चंद्र त्रिवेदी, पूर्व कोषाध्यक्ष मोहम्मद हाशिम, पूर्व महामंत्री कुलदीप सिंह, राजीव बाजपेई, मो. हसन नकवी, आदित्य प्रकाश सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रदुमन मिश्रा, पुष्पा वर्मा, सुखविंदर सिंह, राजशेखर अग्निहोत्री सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे एसचालन अधिवक्ता वीपी सिह ने किया। कार्यक्रम में होली की गुजियों के साथ-साथ अन्य व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया।

# पेज एक का शेष

### बंगाल विधानसभा में...

मैंने सचिव से कहा है कि वह सदन में हुई घटना के बारे में जायजा लें। विपक्षी विधायकों को निलंबित करने की स्पीकर की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए अधिकारी ने कहा कि हम इस मुद्दे को राज्यपाल के समक्ष उठाएंगे, जो इस सदन के संरक्षक भी हैं। यदि हमे स्पीकर से न्याय नहीं मिला, तो हम हाई कोर्ट जाएंगे। तृणमूल के शासन को सड़कों पर और सदन में गुंडाराज बताते हुए भाजपा ने शाम को उत्तर-मध्य में लंबा जुलूस निकाला। अधिकारी ने कहा कि उनकी पार्टी अप्रैल में नबन्ना (राज्य सचिवालय) मार्च शुरू करेगी।

### आधुनिक तकनीक से...

बसपा के रितेश पांडे ने कहा कि संविधान में नागरिकों को जो मूल अधिकार दिए गए हैं, उनका हनन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत सरकार चाहती है कि लोगों को भय में रखा जाए। इस विधेयक के माध्यम से वर्ष 1920 के कैदियों की पहचान संबंधी कानून में संशोधन का प्रस्ताव किया गया है।

### श्रमिक संगठनों की हड़ताल...

सार्वजनिक उपक्रमों सेल, आरआईएनएल और एनएमडीसी के भी हजारों कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हुए जिससे उनके कामकाज पर बुरा असर देखा गया। इस हड़ताल ने बैंकों के कामकाज पर भी असर डाला। हालांकि, यह असर आंशिक रूप से ही देखा गया क्योंकि तमाम कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे। बैंक कर्मचारी संगठनों का एक हिस्सा ही इस हड़ताल का समर्थन कर रहा है। निजी क्षेत्र के बैंकों का कामकाज इससे लगभग बेअसर रहा। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने कहा कि इस हड़ताल का असर पूर्वी भारत में ज्यादा देखा गया और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तमाम शाखाएं बंद रहीं। अन्य क्षेत्रों में भी बैंक शाखाओं में कर्मचारियों के अनुपस्थित होने से कामकाज पर असर पड़ा। भारतीय बैंक कर्मचारी महासंघ (बीईएफआई) और अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ (एआईबीओआई) भी इस हड़ताल को अपना समर्थन दे रहे हैं। बैंक संगठन दो सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण की सरकारी योजना का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा वे जमा पर ब्याज दर बढ़ाने और सेवा शुल्कों में कटौती की भी मांग कर रहे हैं। कोयला क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों का एक बड़ा तबका भी इस हड़ताल में शामिल है। इससे कोयला खदानों में कोयला उत्पादन और आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका है। हिंद खदान मजदूर महासंघ ने कहा कि कोयला क्षेत्र, खासकर कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के वजूद को खत्म करने वाली सरकार की नीतियों के विरोध में कर्मचारी खुलकर खड़े हुए हैं। महासंघ के अध्यक्ष नाथूलाल पांडेय ने कहा कि कोयला क्षेत्र के कर्मचारी देशभर में इस हड़ताल का हिस्सा बने हैं। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग लिमिटेड और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के तमाम कर्मचारी संगठन इस हड़ताल में खुलकर भाग ले रहे हैं।

### चंडीगढ़ में केंद्रीय सेवा...

उन्होंने बीबीएमबी मुद्दे का भी उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार अब चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के संदर्भ में केंद्र सरकार ने एकतरफा फैसला लिया है और हितधारक पंजाब से संपर्क तक नहीं किया। यह पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 की भावना के विपरीत है। शाह द्वारा रविवार को इस बाबत घोषणा किए जाने के बाद दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी पर यह कहते हुए निशाना साधा था कि भाजपा आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से डरी हुई है। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के कर्मचारी फिलहाल पंजाब सेवा नियमावली के तहत काम कर रहे हैं। शाह के अनुसार, केंद्र सरकार के इस कदम से कर्मचारियों को बहुत फायदा होगा, उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र 58 साल से बढ़कर 60 साल हो जाएगी और महिला कर्मचारियों को दो साल का शिशु देखभाल अवकाश मिलेगा। अभी यह अवधि एक साल है। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने शनिवार को ट्वीट किया था कि चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्र सरकार की नियमावली थोपने का गृह मंत्रालय का निर्णय पंजाब पुनर्गठन अधिनियम की भावना का उल्लंघन है और इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। बीबीएमबी के शीर्ष अधिकारियों के लिए नियुक्ति नियमों में परिवर्तन को लेकर भी पंजाब और हरियाणा के विभिन्न राजनीतिक दलों ने केंद्र सरकार की आलोचना की है।

### योगी आदित्यनाथ सरकार...

योगी के पिछले कार्यकाल में डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा के पास माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, आईटी विभाग था लेकिन इस बार दिनेश शर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह ब्रजेश पाठक को यह जिम्मेदारी दी गई है तो उनके पास यूपी की सेहत का जिम्मा आया है।

इसी प्रकार सूर्य प्रताप शाही के विभाग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार भी शाही के पास कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान था और इस बार भी यही विभाग दिया गया है। सुरेश खन्ना के पास संसदीय कार्य के साथ नगर विकास विभाग था जबकि वित्त का जिम्मा राजेश अग्रवाल के पास था लेकिन बाद में राजेश अग्रवाल के संगठन में जाने की वजह से वित्त विभाग भी खन्ना के पास आ गया था। इस बार सुरेश खन्ना के पास से नगर विकास लेकर पूर्व आईएएस अधिकारी एमएलसी अरविंद शर्मा को दे दिया गया है। उनको नगर विकास के साथ-साथ ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले कार्यकाल में ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी श्रीकांत शर्मा के पास थी। इस बार उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। औद्योगिक विकास विभाग विभाग इस बार नंद गोपाल नंदी के पास गया है। पिछली बार यह विभाग सतीश महाना के पास था। महाना का विधान सभा अध्यक्ष बनना तय हैं। उन्होंने सोमवार को अपना नामांकन इस पद के लिए कर दिया है। नंदी के पास पिछली बार नागरिक उड्डयन और स्टांप शुल्क था, वह सीएम ने अपने पास रखा है और स्वतंत्र प्रभार के रूप में स्टांप एवं न्यायालय शुल्क विभाग का जिम्मा रवीन्द्र जायसवाल को दिया है। उच्च शिक्षा और आईटी योगेन्द्र उपाध्याय को दिया है और माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार के रूप मे गुलाब देवी को दिया है। सपा से भाजपा में आए नितिन अग्रवाल को 17वीं विधान सभा का उपाध्यक्ष बनाया गया था। इस बार उन्हें स्वतंत्र प्रभार के रूप में आबकारी विभाग दिया गया है। भूपेंद्र चौधरी के पास पंचायती राज विभाग यथावत रखा गया है। भाजपा ने अपने सहयोगी दल अपना दल के आशीष पटेल को प्रविधिक शिक्षा और निषाद पार्टी के संजय निषाद को मत्स्य विभाग दिया है। स्वतंत्रदेव सिंह को जल शक्ति, दयाशंकर सिंह को परिवहन, जेपीएस राठौर को सहकारिता, लक्ष्मीनारायण चौधरी को गन्ना-चीनी तथा बेबी रानी मौर्य को महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग दिया गया है।

### मुसीबतों के साथ किराए...

फ्लैट में पानी या बिजली की कोई समस्या है तो हमें बार-बार मेंटेनेंस विभाग को फोन करना पड़ता है, लेकिन वे अपनी सुविधा के अनुसार आते हैं। अपना घर होने के बावजूद हम उनके अनुसार समय का प्रबंधन करना पड़ता है क्योंकि वे धमकी भरे लहजे में कहते हैं कि हम केवल इसी समय आ सकते हैं। नोएडा सेक्टर 46 के गार्डेनिया ग्लोरी के एक निवासी नाम नहीं बताने की शर्त पर कहतीं हैं कि वे अपने तीन बेडरूम-हॉल का फ्लैट के लिए मेंटेनेंस राशि 4100 रुपये प्रति माह देती हैं। सोसायटी द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं हास्यास्पद हैं। सोसायटी के गार्ड बुजुर्ग और आलसी हैं, निवासियों की जरूरतों के अनुसार हाउसकीपिंग स्टाफ कम है। यदि वे किसी भी काम जैसे प्लंबिंग आदि के लिए रखरखाव विभाग को बुलाती हैं, तो वे हमें घंटों इंतजार करवाते हैं। कभी-कभी वे बाद के काम के बारे में झूठ बोलकर अतिरिक्त पैसा कमाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों ने जीवन को बेहद मुश्किल कर दिया है, हमेशा आशंका बनी रहती है कि कोई कुत्ता काट न ले। इस संबंध में कई शिकायतों के बाद कोई भी गार्ड या रखरखाव कर्मचारी समस्या के बारे में कुछ नहीं करता है, बिल्डर्स माफिया की तरह काम कर रहे हैं।

नोएडा सेक्टर 79 के गौर स्पोर्ट्सवुड निवासी योगेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि मैं शांतिपूर्ण माहौल में रहने की उम्मीद से दिल्ली से नोएडा शिफ्ट हुआ था। फ्लैट खरीदने के बाद भी हमें लगभग 6100 रुपये प्रति माह रखरखाव के नाम पर देना पड़ता है। ऐसा लगता है जैसे अपने ही घर में किराए पर रहे हैं। नोएडा एक्सटेंशन के सुपरटेक इको विलेज 2 के सुरेश कुमार फ्लैट में कब्जा लेने के बाद की पीड़ा बयान करते हुए कहा कि वह अभी भी अपार्टमेंट में बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मैंने कई बार बिल्डर से फ्लैट में सीपेज की समस्या को ठीक करने का अनुरोध किया है, लेकिन कई बार याद दिलाने के बाद भी चीजें जस की तस है। निवासियों को शुल्क का भुगतान करने के लिए मजबूर करने के लिए बिल्डरों ने प्रीपेड बिजली मीटर के साथ रखरखाव शुल्क जोड़ दयिा है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी दयनीय स्थिति से निकालने के लिए अधिकारियों को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है।

### विल स्मिथ और सर्वश्रेष्ठ...

उन्होंने इस घटना पर खेद जताते हुए कहा, मैं अकादमी से माफी मांगता हूं, मैं अपने सभी नामित साथियों से भी माफी मांगना चाहता हूं। दलित महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे एक समाचार पत्र के उदय का बखान करने वाली भारतीय डॉक्यूमेंट्री राइटिंग विद फायर 94वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह में समर ऑफ सोल (या व्हेन द रिवोल्यूशन कुड नॉट बी टेलीवाइज्ड) से सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में हार गई। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर और सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेता दिलीप कुमार 94वें अकादमी पुरस्कार के इन मेमोरियम खंड से गायब दिखे। जिसको लेकर प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। सिडनी पोइटियर, बेट्टी व्हाइट, कारमाइन सेलिनास, ओलिविया डुकाकिस, विलियम हर्ट, नेड बीट्टी, पीटर बोगडानोविच, क्लेरेंस विलियम्स तृतीय, माइकल के विलियम्स, जीन-पॉल बेलमंडो, सैली केलरमैन, यवेटे मिमेक्स, सन्नी चिबा, सागिनॉ ग्रांट, डोरोथी जैसे अभिनेता उन नामों में शामिल थे, जिन्हें यहां डॉल्बी थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में इन मेमोरियम खंड में याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# कांग्रेस ने महंगाई पर सरकार को घेरा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा में** सोमवार को कांग्रेस नीत विपक्ष ने पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण आसमान छूती महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि आज देश ही नहीं, हर घर का बजट बिगड़ा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने कहा कि निर्यात, विदेशी निवेश सहित विभिन्न मानकों के अनुसार सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है और पूरी दुनिया में आज भारत की चर्चा हो रही है।

उच्च सदन में वित्त विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि देश का बजट ही नहीं, हर घर का बजट बिगड़ा हुआ है और इससे लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण परिवार के कमाने वाले सदस्यों को गंवाने वालों से जाकर पूछा जाए कि उनके लिए इस महंगाई की क्या पीड़ा है? उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में आयकर छूट में राहत देने की बात कही गई है किंतु इस बजट में ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान वेतनभोगी वर्ग ने सबसे अधिक संकट झेले हैं। गोहिल ने कहा कि जो रसोई गैस सिलेंडर कांग्रेस के जमाने में 400 रुपए का हुआ करता था, वर्तमान सरकार ने उसे 1000 रुपए तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में सौर ऊर्जा से संबंधित कई सामग्री पर सीमा शुल्क को बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार के इस कदम से देश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल पाएगा? उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सेवा आधारित होते हैं ना कि लाभ आधारित। उन्होंने कहा कि आज यदि बीएसएनएल या रेलवे नहीं होता तो छोटे-छोटे गांवों में इनकी सुविधा कैसे पहुंच पाती? उन्होंने कहा कि एक तरफ दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल से

### ● कहा : देश का ही नहीं, हर घर का बजट बिगड़ा हुआ है

कहा जाता है कि वह अपना सारा सामान भारतीय बाजार से खरीदे जबकि निजी कंपनी विदेशी बाजारों से अपना सामान खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि बीएसएनएल निजी दूरसंचार कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर पाएगी? चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में क्रिप्टो करेंसी पर 30 प्रतिशत कर लगाने का जो प्रस्ताव किया है, वह अपर्याप्त है और इस पर ऊंची दर से कर लगाने पर विचार किया जाना चाहिए। सुशील मोदी ने क्रिप्टो करेंसी को एक जुआ करार देते हुए वित्त मंत्री से अनुरोध किया कि वह इस पर कर दर बढ़ाने के बारे में विचार करें। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार में निवेशक को मालूम होता है कि इस शेयर के पीछे टाटा या अन्य कंपनी है किंतु क्रिप्टो करेंसी के निवेशक को कुछ नहीं मालूम कि इसके पीछे कौन है? उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी कानून बीस साल पुराना है और इसमें बदलाव किया जाना चाहिए ताकि यह वर्तमान चुनौतियों का मुकाबला कर सके। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन लैंडिंग (डिजिटल तरीके से कर्ज देना) पर लगाम कसने एवं वर्तमान चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए आईटी कानून में बदलाव के भी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि देश में जब कोरोना महामारी आई तो 24 मार्च 2020 को लॉकडाउन लगाया गया था एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कानून लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि देश को लंबे लॉकडाउन से गुजरना पड़ा, कई कारखाने बंद हो गए, मजदूरों को अपने गांव लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के कारण कई बंदिशें लगाई गईं और विपक्षी दलों द्वारा गरीब लोगों को भड़काने जाने के बाद भी देश के किसी भी हिस्से में एक भी धरना, प्रदर्शन या बंद नहीं हुआ। भाजपा सदस्य ने कहा कि इसके बाद देश में कोरोना रोधी टीकाकरण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं द्वारा टीकाकरण का मजाक उड़ाए जाने के बावजूद देश में टीके की 181.56 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के विरोध में देश में कोई भी व्यक्ति सड़कों पर नहीं आया। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत फ्रांस, न्यूजीलैंड, अमेरिका, जर्मनी आदि देशों में हजारों लोगों ने सड़कों पर उतर कर टीकाकरण और लॉकडाउन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल बार बार भाजपा की सरकार को पूंजीपतियों की सरकार बताते हैं लेकिन वह ए भूल जाते हैं कि लॉकडाउन के दौरान इसी सरकार ने गरीबों के बीच निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया।



नई दिल्ली में फ्रांस के नेवी चीफ पियरे वैंडियरे को गार्ड ऑफ आनर दिया गया

## नए संघर्षों के बाद, म्यांमा से फिर लोग मिजोरम आ रहे हैं

**आइजोल।** म्यांमा के चिन राज्य से लोगों का मिजोरम पहुंचना जारी है, क्योंकि पड़ोसी देश की सेना और चिन नेशनल डिफेंस फोर्स (सीएनडीएफ) के बीच फिर से संघर्ष शुरू हो गया है। सीएनडीएफ एक हथियारबंद समूह है जो म्यांमा की सेना के खिलाफ लड़ रहा है। ज़ोखावथार ग्राम परिषद के प्रमुख लालमुआनपुइया ने पीटीआई-भाषा को बताया कि म्यांमा की सेना ने सीएनडीएफ के सदस्यों के खिलाफ शनिवार सुबह करीब चार बजे आक्रामक अभियान शुरू किया है जो तुईवाई पुल के पास आव्रजन जांच चौकी पर थे। ज़ोखावथार और खावमावी, तुईवाई नदी से अलग होते हैं जो भारत-म्यांमा सीमा पर बहती है। लालमुआनपुइया ने दावा किया कि खावमावी गांव की पूरी आबादी भागकर जोखावथारी आ गई है। खावमावी गांव की आबादी करीब छह हजार है।

## बिहार सरकार ने द *कश्मीर फाइल्स* देखने के लिए दिए मुफ्त टिकट, विपक्ष हुआ लाल

**भाषा।** पटना

**बिहार विधानसभा** में सोमवार को वैचारिक विभाजन उस समय देखने को मिला जब विपक्षी पार्टियों के सदस्यों ने वर्ष 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर बनी हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स के विशेष प्रदर्शन का बहिष्कार करने का फैसला किया और उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कथित तौर पर भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाने के विरोध में फिल्म की टिकटें फाड़ दीं। उप मुख्यमंत्री ताराकिशोर प्रसाद द्वारा सदन में घोषणा की गई कि सभी सदस्यों के लिए फिल्म का शो आयोजित किया गया है और इसके बाद सदस्यों को टिकटों का वितरण किया गया। लेकिन प्रसाद की घोषणा करने के साथ ही राज्य में विपक्षी महागठबंधन के दूसरे सबसे बड़े घटक भाकपा (माले) के सदस्यों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। सदन में जब शून्य काल शुरू हुआ तो विपक्षी सदस्यों का विरोध और तेज हो गया और मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सदस्यों ने भी भाकपा (माले) सदस्यों के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी और आसन के सामने आए गए और इस दौरान उन्होंने टिकटों को फाड़ कर हवा में उछाल दिया। इसपर विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने नाराजगी जताई और सदस्यों से सदन की गौरवमई विरासत का सम्मान करने को कहा और सदन की कार्यवाही एक बजे होने वाले भोजनावकाश से करीब आधे घंटे पहले ही स्थगित कर दी। सदन के बाहर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए। भाकपा (माले) के विधायक अजीत कुशवाह ने कहा, यह भाजपा की सांप्रदायिक एजेंडे को और आगे बढ़ाने की चतुर कोशिश है। भूतकाल में सभी तरह के मुद्दों पर कई फिल्में बनी हैं। लेकिन पहले कभी सरकार की ओर से इस तरह फिल्म को प्रोत्साहित करने की कोशिश नहीं देखी गई। उन्होंने कहा, भाजपा उत्तरप्रदेश चुनाव में मिली जीत के नशे में चूर है जहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर बाबा का उपनाम प्राप्त किया है। अब वह बिहार के गरीबों पर बुलडोजर चलाना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कल हम केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाएंगे।

उल्लेखनीय है कि बेगूसराय से लोकसभा सदस्य ने आरोप लगाया था कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में हिंदू कथित तौर पर उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं और उन्होंने इसके लिए तृष्टिकरण की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया था। सिंह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विरोधी माना जाता है। वहीं, भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल और संजय सरोगी ने भी आरोप लगाया जब भी माफिया द्वारा गौशाला पर कब्जे का मुद्दा उठाया जाता है तो विपक्ष हंगामा करता है।

## गिरफ्तार टीएमसी नेता से सीबीआई की पूछताछ

**बीरभूम हिंसा**

### ● अस्पताल में घायलों के बयान दर्ज किए

**भाषा।** रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)

**बीरभूम हिंसा** मामले की जांच कर रही सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता अनारुल हुसैन और अन्य आरोपियों से पूछताछ की और हिंसा में घायल हुए लोगों के बयान भी दर्ज किए। शुक्रवार को यहां पहुंचे सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) दिल्ली के विशेषज्ञों ने 21 मार्च की रात हुई घटना के बाद से वीरान पड़े बोगतुई गांव में घटनास्थल से नमूने एकत्र किए। सीबीआई अधिकारियों ने यहां पास के गांव का भी दौरा किया, जहां एक स्थानीय टीएमसी पंचायत नेता की हत्या के बाद कुछ घरों में आग लगा दी गई थी, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी।

सीआरपीएफ कर्मियों की एक टीम केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। इससे पहले राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी जांच कर रही थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा निर्देश दिए जाने के कुछ घंटों के भीतर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अनारुल हुसैन को सुबह रामपुरहाट थाने से सीबीआई कैंप कार्यालय ले जाया गया और एजेंसी के अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि रामपुरहाट ब्लॉक-। के पूर्व टीएमसी अध्यक्ष हुसैन से दो अन्य आरोपियों के साथ पूछताछ की गई। सीबीआई दल शुक्रवार देर रात रामपुरहाट पहुंचा था और उसने शनिवार सुबह पुलिस उपमहानिरीक्षक रैंक के एक अधिकारी के नेतृत्व में जांच शुरू कर दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस को मामले के संबंध में सभी गिरफ्तार व्यक्तियों की हिरासत सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था।

## आयुर्वेद चिकित्सक से नेता बने सावंत ने गोवा के राजनीतिक इतिहास में नया अध्याय जोड़ा

**भाषा।** पणजी

**लगातार दूसरे** कार्यकाल के लिए गोवा के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण करने वाले प्रमोद सावंत ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपने नेतृत्व में 20 सीटों पर जीत दिलाकर राज्य के राजनीतिक इतिहास में एक अहम अध्याय जोड़ दिया और यह दिखा दिया है कि पार्टी अपने दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मनोहर पर्रिकर की परछाई से बाहर निकल आई है। आयुर्वेद चिकित्सक एवं उत्तर गोवा की सांखालिम सीट से तीन बार विधायक चुने गए सावंत (48) पर्रिकर को अपना गुरू मानते हैं। सावंत ने सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। भाजपा 2012 से गोवा में सत्ता में है और यह उसकी लगातार तीसरी जीत है।



भगवा दल सत्ता विरोधी लहर और टिकट आवंटन को लेकर पर्रिकर के बेटे समेत कई अहम नेताओं के इस्तीफे के झटकों से सावंत के नेतृत्व में पार पाने में सफल रहा और उसने 40 सदस्ईय विधानसभा चुनाव के लिए हाल में हुए बहुकोणीय मुकाबले में 20 सीटें जीतकर अपना अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सावंत राज्य के विधानसभा चुनाव में खंडित जनादेश की आशंका को धत्ता बताते हुए पार्टी को विजय दिलाने में सफल रहे। मार्च, 2019 में पहली बार मुख्यमंत्री बने सावंत के नेतृत्व में पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल करने में मात्र एक सीट से चूक गई। तीन निर्दलीय विधायकों और महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) के दो विधायकों ने भाजपा को समर्थन दिया है। इससे पहले, भाजपा ने 2012 में 21 सीट जीतकर गोवा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उस समय गोवा के राजनीतिक परिदृश्य में पर्रिकर का दबदबा था। भाजपा ने 2017 में जब पर्रिकर के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनाई थी, उस समय सावंत को विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन मार्च 2019 में पर्रिकर के निधन के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया गया। सावंत को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का करीबी माना जाता है और तस्वीरों में वह मुख्यमंत्री रहते हुए संघ के एक कार्यक्रम में भाग लेते दिखाई दिए थे। सावंत के कार्यकाल के दौरान कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत हुई और उनकी सरकार को राज्य के सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन की किल्लत के चलते आलोचना का सामना करना पड़ा। सावंत की राजनीतिक यात्रा 2008 में आरंभ हुई थी, जब भाजपा ने उन्हें सांखालिम (तत्कालीन पाले) सीट से टिकट दिया था, लेकिन उस चुनाव में उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी प्रताप गौंस से पराजय का सामना करना पड़ा था।

## महाराष्ट्र कांग्रेस ने गडकरी की *मजबूत कांग्रेस लोकतंत्र के लिए अहम* टिप्पणी का स्वागत किया

**भाषा।** मुंबई

**कांग्रेस की** महाराष्ट्र इकाई के नेता सचिन सावंत ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उस कथित टिप्पणी का स्वागत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र के लिए मजबूत कांग्रेस अहम है। हालांकि सावंत ने इसके साथ ही उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विपक्ष को नष्ट करने की भारतीय जनता पार्टी की कोशिश के बारे में बात करने का आह्वान भी किया। उल्लेखनीय है कि गडकरी ने शनिवार को पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि लोकतंत्र के लिए मजबूत कांग्रेस अहम है और यह उनकी ईमानदारी से इच्छा है कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बने।

उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र दो पहियों के सहारे चलता है जिनमें से एक पहिया सत्ताधारी पार्टी है जबकि दूसरा पहिया विपक्ष है। लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष की जरूरत है और इसलिए मै हृदय से महसूस करता हूं कि कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होना चाहिए। गडकरी ने कहा कि चूंकि कांग्रेस कमजोर हो रही है, अन्य क्षेत्रीय पार्टियां उसका स्थान ले रही हैं। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है कि अन्य क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस का स्थान लें। वहीं, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव सावंत ने गैर भाजपा शासित राज्यों में, वहां की सरकारों का उत्पीड़न करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, गडकरी जी ने जो चिंता जताई हम उसकी प्रशंसा करते हैं लेकिन उन्हें अपने नेता मोदी जी से भी भाजपा की, विपक्षी पार्टियों और लोकतंत्र को केंद्रीय जांच एजेंसियों के जरिए नष्ट करने की कोशिश के बारे में बात करनी चाहिए। सावंत ने दावा किया, उच्चतम न्यायालय भी असहाय प्रतीत हो रहा है। आप जांच एजेंसियों का इस्तेमाल गैर भाजपा पार्टियों की सरकारों को प्रताड़ित करने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की राजनीति गत आठ सालों से हो रही है जो अभूतपूर्व है। कांग्रेस नेता ने कहा, यह लोकतंत्र और देश के हित में होगा अगर वह (गडकरी) विपक्ष को नष्ट करने और लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की भाजपा की मनोस्थिति के बारे में मोदी से बात करें। उन्होंने कहा कि हालांकि गडकरी द्वारा व्यक्त की गई भावना अच्छी है। सावंत ने कहा कि वह इस बात से अनजान नहीं हैं कि कैसे मोदी सरकार देश में लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश कर रही है।

## पसंद का आदेश नहीं होने का यह मतलब नहीं कि यह अतार्किक है : शीर्ष अदालत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को कहा कि प्रत्एक आदेश में कुछ न कुछ तर्क होता है और महज अपनी पसंद का नहीं होने का मतलब यह नहीं होता कि वह आदेश अतार्किक है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब एक याचिकाकर्ता ने न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति ए. एस. ओका की पीठ से अनुरोध किया कि उसकी याचिका की सुनवाई किसी अन्य पीठ द्वारा की जाए, क्योंकि उसकी पुरानी याचिका पर तार्किक आदेश पारित नहीं किया गया था। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि शायद वह (याचिकाकर्ता) गलत अवधारणा के शिकार हैं। पीठ ने टिप्पणी की, महज इसलिए कि आदेश आपकी पसंद का नहीं था, इसका यह मतलब नहीं होता कि यह अतार्किक है। हर आदेश कुछ तर्क के आधार पर दिया जाता है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता का आग्रह अस्वीकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई उचित कारण सामने नहीं लाया गया है कि उनके अनुरोध पर क्यों विचार किया जाए। न्यायालय अपने पूर्व के आदेशों पर प्रतिवादियों द्वारा अमल नहीं किए जाने को लेकर उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्वाई करने संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ता ने दलील दी, मैं अपनी इच्छा के अनुरूप आदेश नहीं चाहता हूं। लेकिन मेरी इच्छा है कि तार्किक आदेश हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्होंने पहले भी याचिकाएं दायर की थीं, जिन पर आदेश पारित किए गए। लेकिन उन आदेशों में तार्किक कारण नहीं दिए गए थे। इसके बाद न्यायालय ने अपने एक आदेश का उल्लेख करते हुए कहा, आप जो कह रहे हैं वह गलत है, फैसला 20 पन्नों में है और आप कहते हैं कि यह बगैर तर्कशक्ति का है। न्यायालय ने कहा कि उसे इस याचिका को सुनने का कोई कारण नजर नहीं आता। इसके साथ ही इसने याचिका खारिज कर दी।

## देश में कोविड के 1270 नए मामले, 31 की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 1,270 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,20,723 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,859 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 31 और लोगों की मौत के बाद, संक्रमण की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,21,035 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,859 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 328 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है।



अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.29 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। देश में अभी तक 78.73 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 4,32,389 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई। देश में अभी तक कुल 4,24,83,829 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 183.26 करोड़ से अधिक खुराक दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 31 मामले सामने आए, जिनमें से 25 मामले केरल के थे। आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक कुल 5,21,035 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के l,47,780 लोग, केरल के 67,797 लोग, कर्नाटक के 40,050 लोग, तमिलनाडु के 38,025 लोग, दिल्ली के 26,151 लोग, उत्तर प्रदेश के 23,494 लोग और पश्चिम बंगाल के 21,197 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

## पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा को आयकर नोटिस

**बेंगलुरु।** आयकर विभाग ने पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा को उनकी प्रॉपर्टी के सिलसिले में नोटिस जारी किया है। यह जानकारी देवेगौड़ा के बेटे एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच. डी. रेवन्ना ने सोमवार को दी। रेवन्ना ने कहा, उन्हें (आईटी विभाग) हमें नोटिस जारी करने दीजिए। अब वे मेरी मां को नोटिस तामील कर रहे हैं। हम अपनी जमीन में गन्ना पैदा करते हैं। उन्हें आकर देखना चाहिए। होलेनरसीपुरा के विधायक रेवन्ना ने कहा, वे पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को नोटिस जारी कर रहे हैं। उन्हें नोटिस जारी करने दीजिए। मैं यह नहीं कह रहा कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। यहां तक कि उन्होंने आईटी अधिकारियों से यह देखने को कहा कि वे हर एकड़ भूमि में फसल कैसे उगाते हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (एस) के दूसरे शीर्ष नेता एच. डी. कुमारस्वामी अपनी मां को आयकर विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस के बारे में अनजान हैं।

## क्विक न्यूज

### सरकार से उर्दू के विकास पर ध्यान देने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में एक सांसद ने देश में उर्दू भाषा के विकास पर ध्यान देने की मांग सरकार से की। सदन में एक अन्य सदस्य कोविड के समय बंद हुई ट्रेनों का परिचालन बहाल करने की जरूरत बताई। एआईएमआईएम के इम्तियाज जलील ने शून्यकाल में दावा किया कि इस देश में उर्दू की अनदेखी की जा रही है और उर्दू के स्कूल बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विज्ञापन नहीं मिलने से उर्दू अखबार बंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उर्दू जुबान को मजहब के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए और इसके विकास पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बरण े ने केंद्रीय विद्यालयों में सांसदों का कोटा 10 से बढ़ाने अन्यथा इसे पूरी तरह खत्म करने की मांग की। कांग्रेस की राम्या हरिदास ने कहा कि कोविड के मामले कम होने के साथ सब क्षेत्रों में स्थिति सामान्य हो रही है लेकिन महामारी के दौरान प्रतिबंधों के बीच बंद हुई सभी यात्री ट्रेनें अब तक बहाल नहीं हुई हैं जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने तत्काल सभी ट्रेने फिर से चलाने और सभी स्टेशनों पर उनका ठहराव करने की मांग की। बीजू जनता दल के अनुभव मोहंती ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलग शौचालयों के निर्माण की जरूरत को रेखांकित किया।

### बीरभूम हिंसा में झुलसी महिला की मौत, मृतकों की संख्या नौ हुई

**रामपुरहाट (प बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बोगतुई गांव में हुई हिंसा में झुलसी एक महिला की सोमवार को एक अस्पताल में मौत हो गई। इसके साथ ही इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नौ मृतकों में से सात महिलाएं और दो बच्चे हैं। अधिकारी ने कहा, महिला नजमा बीबी 65 प्रतिशत तक जल गई थी। उसकी हालत कल रात बिगड़ गई, जिसके बाद उसे रामपुरहाट सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया। आज सुबह उसकी मौत हो गई। उसी अस्पताल में एक बच्चे समेत तीन लोगों का इलाज चल रहा है। मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारी रविवार को नजमा का बयान नहीं दर्ज कर पाए क्योंकि उसकी हालत नाजुक थी। सीबीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम उससे बात नहीं कर पाए क्योंकि उसकी हालत ठीक नहीं थी।

### कर्नाटक में मदरसों पर प्रतिबंध लगाया जाए: भाजपा विधायक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा विधायक एवं मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव एम पी रेणुकाचार्य ने सोमवार को राज्य सरकार से मदरसों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया और आरोप लगाया कि वहां पर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से संबंधित मामलों के बारे में पढ़ाया जाता है। रेणुकाचार्य ने मदरसों की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा दी जा रही है तो इनकी क्या जरूरत है। उन्होंने कहा, मदरसों में, वे हमारे ऐसे दूरदर्शी नेताओं के बारे में नहीं पढ़ाते, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। वे वहां केवल इस्लाम (शिक्षा) के बारे में पढ़ाते हैं। भाजपा विधायक ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि मदरसों में राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को प्रतिबिंबित करने वाले मामलों के बारे में पढ़ाया जाता है, जिसका मासूम बच्चों के दिमाग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने मदरसों को वित्तीय सहायता जारी किए जाने को लेकर सिद्धरमैया नीत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनके पास हिंदू धार्मिक संस्थानों और मठ के लिए धन उपलब्ध नहीं था।

### प्रधानमंत्री आज मतुआ धर्म महा मेला को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मतुआ समाज के धर्मगुरु हरिचंद ठाकुर की 211वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को अखिल भारतीय मतुआ महासंघ की ओर से आयोजित किए जाने वाले मतुआ धर्म महा मेला को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मार्च को शाम 4.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पश्चिम बंगाल के ठाकुरबाड़ी के श्रीधाम ठाकुरनगर में आयोजित मतुआ धर्म महा मेला-2022 को संबोधित करेंगे। हरिचंद ठाकुर ने देश की आजादी से पहले के दौर में अविभाजित बंगाल में उत्पीड़ित, समाज के दबे-कुचले और बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। पीएमओ ने कहा, उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलन वर्ष 1860 में ओरकांडी (अब बांग्लादेश में) से शुरू किया था और फिर इसकी परिणति मतुआ धर्म की स्थापना के रूप में हुई थी। मतुआ धर्म महा मेला 2022 का आयोजन अखिल भारतीय मतुआ महासंघ द्वारा 29 मार्च से 5 अप्रैल, 2022 तक किया जाएगा।

### आठ डीम्ड विश्वविद्यालय सीयूईटी के इच्छुक : यूजीसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोमवार को कहा कि आठ डीम्ड विश्वविद्यालयों ने अपने स्नातक कोर्सों में छात्रों को दाखिला देने के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) अंकों का इस्तेमाल करने में रुचि दिखाई है। इनमें सीयूटी में शामिल होने की इच्छा जताने वाले टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टिस) और जामिया हमदर्द भी शामिल हैं। कुमार ने सोमवार को उन आठ डीम्ड विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों और निदेशकों के साथ बैठक की जिन्हे यूजीसी की तरफ से रखरखाव खर्च मिलता है। मुंबई स्थित टिस और दिल्ली स्थित जामिया हमदर्द के अलावा सीयूईटी में शामिल अन्य छह विश्वविद्यालय हैं-गांधीग्राम स्थित गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, आगरा स्थित डिडीगुल दयालबाग शैक्षणिक संस्थान, हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी, अहमदाबाद में गुजरात विद्यापीठ, कोयंबटूर में अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट ऑफ होम साइंसेज और कोलकाता स्थित रामकृष्ण विवेकानंद शैक्षणिक अनुसंधान संस्थान। कुमार ने कहा, सभी विश्वविद्यालयों के पास यह मौका है कि वह सीयूईटी को अपनाएं और 12वीं में बहुत ज्यादा अंक लाने या एक से अधिक प्रवेश परीक्षा देने के तनाव से विद्यार्थियों को राहत प्रदान करें। कुमार ने पिछले सप्ताह कहा था कि सीयूईटी 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों के स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिहाज से अनिवार्य होगा। सीयूईटी के जरिए आवेदन करने की शुरुआत दो अप्रैल से होगी, जबकि आवेदन की अंतिम मारीख 30 अप्रैल होगी।

### भाजपा विधायक मंदिरों में आयोजित मेलों में गैर हिंदू व्यापारियों पर प्रतिबंध के खिलाफ

**बेलगावी।** कर्नाटक के कुछ हिस्सों में मंदिरों के सालाना मेले और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में मुस्लिम व्यापारियों को अनुमति देने से इनकार के मद्देनजर भाजपा विधायक अनिल बेनाके ने असहमति जताई है। बेनाके ने सोमवार को कहा कि हर व्यक्ति अपना कारोबार कर सकता है और यह फैसला लोगों को करना है कि वह कहां से क्या खरीदते हैं। बेलगावी उत्तर से विधायक ने इस संबंध में संविधान का जिक्र किया। बेनाके ने कहा, मंदिर में मेले के दौरान किसी तरह की पाबंदी लगाने का सवाल ही नहीं उठता, हम प्रतिबंध लगाने की अनुमति नहीं देंगे, लेकिन यदि लोग ऐसा करते हैं, तो हम कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि लोगों से यह कहना गलत है कि वह कौन सी चीज कहां से खरीदें। विधायक ने कहा कि संविधान सबको समान अवसर प्रदान करने की वकालत करता है। शुरू में उडुपी जिले में सालाना कौप मारिगुडी महोत्सव में इस तरह के बैनर लगाए गए थे, जिसमे कहा गया था कि गैर हिंदू व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 मार्च, 2022



# यूक्रेन बातचीत में विलंब किए बिना शांति चाहता है: जेलेंस्की



**ल्वीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन बिना विलंब किए शांति स्थापित करने के लिए तटस्थता की घोषणा कर सकता है रूस को सुरक्षा गारंटी की पेशकश कर सकता है। यह घोषणा दोनों देशों के बीच अगले दौर की होने वाली संभावित वार्ता से पहले की। जेलेंस्की ने दोहराया कि केवल रूसी नेता से आमने सामने की वार्ता से ही युद्ध समाप्त हो सकता है। एक स्वतंत्र रूसी मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन की प्राथमिकता अपनी संप्रभुता को सुनिश्चित करने और मॉस्को को उनके देश के हिस्से को अलग करने से रोकना है जिसके बारे में कुछ पश्चिमी देशों का कहना है कि यह रूस का लक्ष्य है। सुरक्षा गारंटी और तटस्थता, हमारे देश का गैर परमाणु दर्जा कायम रखने के लिए हम तैयार हैं। जेलेंस्की ने पहले भी इन उपायों का सुझाव दिया था लेकिन इतने पुख्ता तरीके से अपनी बात नहीं की थी। जेलेंस्की की यह टिप्पणी तब आई है जब दोनों पक्षों ने कहा है कि मंगलवार को वार्ता बहाल होगी।

रूस लंबे समय से मांग कर रहा है कि यूक्रेन पश्चिम के नाटो गठबंधन में शामिल होने की उम्मीद छोड़ दे क्योंकि मॉस्को इसे अपने लिए खतरा मानता है। जेलेंस्की ने कहा कि तटस्थता का मुद्दा, जिसमें यूक्रेन को नाटो या अन्य सैन्य गठबंधनों से अलग रखने का सवाल है, रूसी सैनिकों की वापसी के बाद यूक्रेनी जनता के सामने जनमत संग्रह के लिए रखा जाना चाहिए। जेलेंस्की ने यह भी जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में उसे सुरक्षा की गारंटी चाहिए। इस साक्षात्कार को रूस ने प्रकाशित करने पर रोक लगा दी है जिसमें जेलेंस्की ने कहा, हम रूसी संघ के राष्ट्रपति के साथ समझौता करेंगे और इस समझौते पर पहुंचने के लिए उन्हें बाहर आना होगा...और मुझसे मिलना होगा। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रपति मिल सकते हैं लेकिन तभी जब संभावित समझौते के अहम बिंदुओं पर बातचीत हो जाए। बैठक आवश्यक है लेकिन पहले हमें एक बार सभी अहम मुद्दों के समाधान के बारे स्पष्ट हो जाएं। लावरोव ने सर्वियन मीडिया को दिए साक्षात्कार में आरोप लगाया कि यूक्रेन केवल अनुसरण वार्ता करना चाहता है जबकि रूस को ठोस नतीजे की जरूरत है। जेलेंस्की ने अपने देश के लोगों के लिए रात को जारी वीडियो संदेश में कहा कि यूक्रेन वार्ता में विलंब किए बिना शांति चाहता है जो इस सप्ताह तुर्की के इस्तांबुल में होने वाली है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के कार्यालय ने बताया कि तुर्की के नेता ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की और दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि रूस और यूक्रेन के अधिकारियों की इस्तांबुल में वार्ता होनी चाहिए। इससे पहले वीडियो कांफ्रेंस तथा आमने-सामने की वार्ताएं युद्ध को रोकने के मुद्दे पर प्रगति करने में असफल रही थीं। इस युद्ध में अबतक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 40 लाख यूक्रेनी नागरिकों को विस्थापित होना पड़ा है। यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग के प्रमुख किरिलो बुदानोव ने आरोप लगाया है कि रूस यूक्रेन को उत्तर और दक्षिण कोरिया की तरह दो हिस्सों में बांटना चाहता है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बुदानोव ने कहा, कब्जा करने वाले कब्जाए गए इलाके को एक अर्ध राज्य सरंचना बनाना चाहते हैं और इसका इस्तेमाल स्वतंत्र यूक्रेन के खिलाफ करना चाहते हैं। पूर्वानुमान लगाया कि यूक्रेनियों द्वारा किए जा रहे छापमार युद्ध से ऐसी योजना पटरी से उतर सकती है। यूक्रेन ने सैनिकों और उनके साजोसमान की आवाजाही की खबर देने पर रोक लगा दी है। इसका उल्लंघन करने पर संवाददाता को आठ साल कैद की सजा हो सकती हैं। इस मामले में यूक्रेन का कानून यूक्रेनी और विदेशी पत्रकार में फर्क नहीं करता।

## नेपाल के प्रधानमंत्री देउबा शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच दशकों पुराने बहुआयामी दोस्ताना संबंधों को और मजबूत बनाने के उपायों पर अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी व कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। यह जुलाई 2021 में रिकॉर्ड पांचवीं बार नेपाल का प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद देउबा की पहली विदेश यात्रा होगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर देउबा आगामी एक से तीन अप्रैल के बीच अपनी पत्नी आरजू राणा देउबा के साथ भारत के आधिकारिक दौरे पर जाएंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री नारायण खडका के अलावा अन्य वरिष्ठ मंत्रियों, सचिवों और शीर्ष सरकारी अधिकारियों (वाला एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी देउबा के साथ भारत जाएगा। यह यात्रा नेपाल और भारत के बीच दशकों से मौजूद बहुआयामी दोस्ताना रिश्तों को और मजबूत करेगी।



लॉस एंजल्स में जोसेफ पटेल, डेविड डिनर्सटिन, राबर्ट फाइवोलेन्ट को समर ऑफ सोल के लिए बेस्ट डाक्यूमेन्टरी अवार्ड दिया गया।

# उत्तर कोरिया के नेता किम ने हमले के और शक्तिशाली माध्यम विकसित करने का संकल्प लिया

**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया** द्वारा चार साल से अधिक समय में पहली बार अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किए जाने के कुछ दिन बाद देश के नेता किम जोंग उन ने हमले के और शक्तिशाली माध्यम विकसित करने का संकल्प लिया। इस बयान से ऐसा लगता है कि उत्तर कोरिया अपने शस्त्रागार के आधुनिकीकरण तथा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए और हथियारों का परीक्षण कर सकता है या परमाणु से जुड़ा अन्य कोई परीक्षण जल्द ही कर सकता है।

उत्तर कोरिया ने गत बृहस्पतिवार को अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम)का समुद्र की ओर परीक्षण किया था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि ह्वासोंग-17 (आईसीबीएम) 6,248 किलोमीटर (3,880 मील) की अधिकतम उंचाई पर पहुंची और उत्तर कोरिया तथा जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले उसने 67 मिनट में 1,090 किलोमीटर (680 मील) का सफर तय किया। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल अमेरिकी मुख्यभूमि तक पहुंच सकती हैं। अगर मिसाइल को एक टन से कम वजन वाले आयुध के साथ सामान्य प्रक्षेप-पथ पर दागा जाए, तो यह 15,000 किलोमीटर (9,320 मील) तक के लक्ष्य को निशाना बना सकती है। केसीएनए ने बताया कि ह्वासोंग-17 के परीक्षण में शामिल वैज्ञानिकों एवं अन्य लोगों के साथ तस्वीर खिंचवाने के दौरान किम ने खतरों से निपटने के लिए देश की हमला करने की क्षमता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# यूएई के ऊर्जा मंत्री ने ओपेक के रूस के साथ गठबंधन का समर्थन किया

**भाषा।** दुबई

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) के ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को तेल की कीमतों को संभालने के लिए ओपेक के रूस के साथ गठबंधन का समर्थन किया। बता दे कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और इसकी वजह से बाजार को झटका लगा है तथा उपभोक्ता बाजार में कीमतों में वृद्धि हो रही है। यूएई के ऊर्जा मंत्री सुहैल अल मजरोई ने कहा कि रूस रोजाना एक करोड़ बैरल का तेल उत्पादन करता है और वह वैश्विक ओपेक प्लस ऊर्जा गठबंधन का अहम सदस्य है। उन्होंने कहा, राजनीति को अलग रख दें तो इस तेल की आज जरूरत है। जब तक कोई एक करोड़ बैरल तेल उत्पादन का इच्छुक नहीं होता, हमें नहीं लगता कि रूस का विकल्प हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व वाले इस गठबंधन के पास उत्पादन बढ़ाकर तेल की कीमतों में कमी लाने की क्षमता है जो बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। अमेरिका, यूरोपीय देश, जापान और अन्य देश खाड़ी के अरब देशों से तेल उत्पादन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि इनकी कीमतों में कमी लाई जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए इस महीने के शुरुआत में स्वयं सऊदी अरब, यूएई की यात्रा की थी।

## ऑस्कर पुरस्कार समारोह में दिखा यूक्रेन के प्रति समर्थन

**लॉस एंजिलिस ( अमेरिका )।** ऑस्कर पुरस्कार समारोह में रूसी हमले का सामना कर रहे यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए 30 सेकेंड का मौन रखा गया। यूक्रेन में जन्मी मिला कुनिस ने रविवार रात आयोजित अकादमी पुरस्कार समारोह की शुरुआत में यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाते हुए एक भावुक भाषण दिया। वहीं, पुरस्कार समारोह के बीच में अचानक स्क्रीन काली हो गई और उस दौरान स्क्रीन पर एक संदेश आया, जिसमें युद्धग्रस्त देश में मदद भेजने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की गई। स्क्रीन पर लिखा था, हम यूक्रेन के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कुछ क्षण के लिए मौन रखना चाहते हैं, जो वर्तमान में अपनी सीमाओं के भीतर आक्रमण का सामना कर रहा है।

# इजराइल ने अमेरिका तथा चार अरब देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की

**स्डे बोकर ( इजराइल )।** इजराइल ने पश्चिम एशिया के तेजी से बदलते परिदृश्य में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने के लिए सोमवार को अमेरिका तथा चार अरब देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी की। इस बैठक में इजराइल के साथ रिश्ते सामान्य करने वाले अरब देशों में से एक को छोड़कर सभी के विदेश मंत्री शामिल हुए। इजराइल के संस्थापकों में से एक डेविड बेन गुरियन की कब्र के पास नेगेव रेगिस्तान स्थित एक रिजॉर्ट में हुई बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अलावा अन्य देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए और उन्होंने ऊर्जा, पर्यावरण और सुरक्षा के मसले पर सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया। ब्लिंकन ने कहा, कुछ साल पहले तक इस बैठक की कल्पना करना असंभव था। उन्होंने कहा, अमेरिका ने हमेशा इस क्षेत्र में परिवर्तन का समर्थन किया है और करता रहेगा। इस बैठक से पहले रविवार को मध्य इजराइल में इस्लामिक स्टेट समूह के दो आतंकवादियों ने दो पुलिस कर्मियों की मौत के घाट उतार दिया। इस बीच विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने से इनकार करने वाले जॉर्डन के राजा पश्चिमी तट पर फलस्तीनियों से एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए उनसे मिलने गए। इजराइल के विदेश मंत्री याईर लपिड ने कहा कि यह बैठक हर साल आयोजित होगी।

# जर्मनी के चांसलर, अमेरिकी अधिकारियों ने बाइडन की टिप्पणी पर सफाई दी

**भाषा।** बर्लिन

**जर्मनी** के चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने कहा है कि रूस में शासन परिवर्तन न ही उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का लक्ष्य है और न ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का। बाइडन ने शनिवार को अपने एक भाषण में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बारे में कहा था कि यह शख्स सत्ता में नहीं रह सकता। व्हाइट हाउस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने तुरंत यह स्पष्ट किया कि बाइडन वास्तव में पुतिन को सत्ता से हटाने की बात नहीं कर रहे थे। एआरडी टेलीविजन पर रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह पूछे जाने पर कि क्या पुतिन को हटाना वास्तविक उद्देश्य है, शॉल्त्स ने जवाब दिया, यह नाटो का उद्देश्य नहीं है और न ही अमेरिकी राष्ट्रपति का।

शॉल्त्स ने कहा, हम दोनों पूरी तरह से सहमत हैं कि शासन परिवर्तन उस नीति का उद्देश्य नहीं है जिसका हम पालन कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या बाइडन ने यह टिप्पणी कर कोई भारी भूल की है, इस पर शॉल्त्स ने जवाब दिया, नहीं। जर्मन चांसलर ने कहा, उन्हें (बाइडन) जो कहना था उन्होंने कह दिया , विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी स्पष्ट किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति शासन परिवर्तन के बारे में बात नहीं कर रहे थे।

शॉल्त्स ने पिछले महीने जर्मनी के रक्षा खर्च में बड़ी वृद्धि की घोषणा की थी। उन्होंने रविवार को बिल्ड एम सोनटैग अखबार की एक रिपोर्ट की पुष्टि की कि सरकार इजरायल के आयरन डोम की तर्ज पर एक मिसाइल रक्षा कवच प्राप्त करने पर विचार कर रही है।

# शेयर शुरुआती गिरावट से उबरे, सेंसेक्स 231 अंक चढ़ा



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए कारोबार के अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी के साथ बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 0.40 की मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 537.11 अंक लुढ़ककर 56,825.09 अंक तक आ गया था। लेकिन दोपहर के कारोबार में इसमें तेजी आई और यह 231.29 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,593.49 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 20 लाभ में और 10 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 69 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,222 अंक पर बंद हुआ। एनएसई के 50 शेयरों में से 29 लाभ में रहे। सेंसेक्स के तीस शेयरों में भारती एयरटेल सर्वाधिक 3.4 प्रतिशत मजबूत हुआ। एक्सिस बैंक (2.13 प्रतिशत), आईसीआईसीआई बैंक (1.59 प्रतिशत), और एसबीआई (1.44 प्रतिशत) में भी तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज करीब एक प्रतिशत जबकि इंडसइंड बैंक 1.33 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा बजाज फिनसर्व (1.09 प्रतिशत), आईटीसी 1.54 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनिलीवर एक प्रतिशत मजबूत हुए। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में नेस्ले (1.83 प्रतिशत), एचडीएफसी (1.58 प्रतिशत), एचसीएल टेक (1.41 प्रतिशत), डॉ. रेड्डीज (1.4 प्रतिशत), एशियन पेंट्स (0.64 प्रतिशत) और विप्रो (0.59 प्रतिशत) शामिल हैं। आइनॉक्स लेजर और पीवीआर के शेयरों में सोमवार को जोरदार उछाल आया। सिनेमाघर श्रृंखला का परिचालन करने वाली कंपनियों के विलय की घोषणा के बाद दोनों के शेयर चढ़े हैं। आइनॉक्स लेजर का शेयर बीएसई में 11.33 प्रतिशत उछलकर 522.90 रुपए पर पहुंच गया। पीवीआर का शेयर भी बीएसई में 3.06 प्रतिशत के लाभ के साथ 1,883.50 रुपए पर बंद हुआ।

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, सकारात्मक वैश्विक रुख के साथ मानक सूचकांक शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, हालांकि, यूक्रेन युद्ध और उसके कारण कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार पर शुरू में असर हुआ। लेकिन अब युद्ध बाजार को बहुत प्रभावित नहीं कर रहा है। अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख को कड़ा किए जाने से इस साल बाजार के लिए चुनौतियां जारी रहेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के साथ घरेलू स्तर पर किसी संकेतक के अभाव में बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हालांकि, बाद में कुछ चुनिंदा शेयरों में लिवाली से बाजार लाभ के साथ बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.46 प्रतिशत घटकर 116.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने शुक्रवार को 1,507.37 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखेगा रिजर्व बैंक: एक्सिस बैंक अर्थशास्त्री

मुंबई। भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अगले सप्ताह मौद्रिक समीक्षा बैठक में नीतिगत दरों को यथावत रख सकती है। एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री सौगत भट्टाचार्य ने सोमवार को यह राय व्यक्त की। भट्टाचार्य ने कहा कि पहले उनका मानना था कि केंद्रीय बैंक 6-8 अप्रैल के दौरान होने वाली मौद्रिक समीक्षा बैठक में अपने नीतिगत रुख को सख्त कर सकता है। लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने और इसके जिंस कीमतों पर प्रभाव के मद्देनजर अभी केंद्रीय बैंक संभवत: इस तरह कोई कदम नहीं उठाएगा। उन्होंने कहा कि एमपीसी वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही में नीतिगत दरों में आधा प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। भट्टाचार्य ने कहा, हालिया घटनाक्रमों की वजह से वृद्धि कुछ कमजोर हुई है और मुद्रास्फीति बढ़ी है। नए वित्त वर्ष में दोनों मोर्चों पर रिजर्व बैंक के अनुमानों पर विश्लेषकों की निगाह रहेगी।

### सरकार की कुल देनदारी दिसंबर तिमाही में दो प्रतिशत बढ़कर 128.41 लाख करोड़ रुपए रही

नई दिल्ली। सरकार की कुल देनदारी दिसंबर तिमाही में बढ़कर 128.41 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई। जबकि इससे पहले, सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही में यह 125.71 लाख करोड़ रुपए थी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन रिपोर्ट में यह कहा गया है। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर वित्त वर्ष 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 2.15 प्रतिशत बढ़ी। निरपेक्ष रूप से कुल देनदारी दिसंबर, 2021 में उछलकर 1,28,41,996 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इसमें सरकार के सार्वजनिक खाते के तहत आने वाली देनदारी शामिल है। 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कुल देनदारी 1,25,71,747 करोड़ रुपए थी। वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर तिमाही में कुल बकाया देनदारी में सार्वजनिक ऋण की हिस्सेदारी 91.60 प्रतिशत रही। जबकि सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में यह 91.15 प्रतिशत थी। कुल देनदारी में करीब 25 प्रतिशत दिनांकित प्रतिभूतियां (लंबी अवधि की प्रतिभूतियां) हैं,

## शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे कमजोर रहा

मुंबई। विदेशी निवेशकों की निकासी का सिलसिला फिर से शुरू होने से बढ़ी चिंताओं के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे कमजोर होकर 76.35 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया।

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल डॉ रेणु बिंद्रा धर्मपत्नी डॉ रवि प्रकाश निवासी फ्लैट क्रमांक 611, सरगोधा विहार सी.जी.एच.स. लिमटेड, प्लॉट-13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली जो कि फ्लैट क्रमांक 611, सरगोधा विहार सी.जी.एच.स. लिमटेड, प्लॉट-13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली के मालिक है और उक्त संपति का मूल शेयर प्रमाणपत्र खो गया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन अपराध शाखा, दिल्ली के ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्राथमिकी/एनसी आर दर्ज की गई है (एलआर संख्या 213154/2022 दिनांक 12.03.2022) किसी भी अधिकार, हित का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति (ओं) को कोई आपत्ति है या मूल शेयर प्रमाण पत्र के कब्जा धारक है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते/फोन 9979893981 पर उपरोक्त नामित व्यक्ति से संपर्क करे अन्यथा धारक उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा

PREM PRAKASH-ADVOCATE
207, Plot-1, MLU Sector-10 Dwarka, New Delhi-110075 (M)9871268399

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Credit Company Limited. That Mrs. Sudesh Yadav is owner of Property /Plot No.B-42A, area measuring 157 sq. yds, out of Khewat / Khata No.2989/2832, Rect No.52, Kila No.12/25, in the residential colony known as Sai Kunj Phase-III, New Palam Vihar, Sector-110A, Situated at Revenue Estate of Village Chauma, Tehsil & Distt. Gurgaon (Haryana) (the said property), by virtue of Sale deed dated 02.05.2019, having registration No. 1294, executed by Mr. Mohan Singh and Mr. Gopal Singh through attorney Mr. Diwan Sinh Yadav. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take Loan facility from Fullerton India Credit Company Limited against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner of the said property, its sale /Mortgage /litigation, & any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

Public Notice

This is to inform general public that Mr. Ashwani Kumar is owner of Entire Built-up property no. RZ-A-3/96 (plot no.22), Land area measuring 50 Sq. yds. i.e. 41.81 Sq. mtrs. Out of khasra no. 41, Situated in the revenue estate of village Nasirpur, Delhi State Delhi, area abadi known as Colony Block A-3, Gali no. 3, Durga Park, New Delhi 110045 vide Relinquishment deed dated 02.03.2022, executed by 1. Mrs. Sapna D/o Late Sh. Ram Khilawan 2. Mrs. Mamta D/o Late Sh. Ram Khilawan 3. Ms. Anjali D/o Late Sh. Ram Khilawan and Now, Mr. Ashwani Kumar S/o Late Sh. Ram Khilawan is intending to sell the above said property/Floor to Mr. Ram Ekbal Kumar. Further Mr. Ram Ekbal Kumar is mortgaging the above said property/floor with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr.Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates) ,Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. Gauri Shankar is claiming owner /attorney holder of Property bearing land measuring 50 sq., Yds., out of Khasra No. 325, Situated in the area of Village Garmri Ghonda Gujran Khadar, Delhi, (the said property) by virtue of GPA, Agreement and will all dated 07.03.1997, executed by Mr. Hans Raj. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mr. Sandeep Kumar who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, & any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या एफ-52, सेक्टर-56, नोएडा जिसका मूल आवंटी प्रकाश नारायण महरोत्रा पुत्र बिशन नारायण महरोत्रा निवासी 6, जागृति इन्कलेव विकास मार्ग, दिल्ली है आवंटी के द्वारा उक्त सम्पत्ति निम्नलिखित व्यक्ति को मुख्तारनामा खास के आधार पर बेचा गया था।

1. सोम नाथ गुलाटी पुत्र श्री जीवन दास गुलाटी निवासी 1397-बी3, पारा मोहल्ला रोहतक हरियाणा के पक्ष में दिनांक 22-5-1987 (बुक सुख्या 4 जिल्द संख्या 483, पेज-16-17 दस्तावेज संख्या 5142 दिनाक 22-5-1987) को मुख्तारनामा आम नोएडा में निष्पादित किया गया जिसका इकरारनामा अपंजीकृत है।
2. अब उक्त सम्पत्ति का अंतरण आवेदन पत्र मोनिका डेमवाल पत्नी श्री राकेश डेमवाल निवासी 36 पाकेट-ई मयूर विहार फेस-2 दिल्ली-110091 के पक्ष में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल राकेश कुमार गुप्ता (आर.के.गुप्ता) पुत्र हरि शंकर गुप्ता निवासी फ्लैट क्रमांक 165, सरगोधा विहार सी.जी.एच.स. लिमटेड, प्लॉट-13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली जो कि फ्लैट क्रमांक 165, सरगोधा विहार सी.जी.एच.स. लिमटेड, प्लॉट-13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली के मालिक है और उक्त संपत्ति का मूल शेयर प्रमाणपत्र खो गया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन अपराध शाखा, दिल्ली के ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्राथमिकी/एनसी आर दर्ज की गई है (एलआर संख्या 226364/2022 दिनांक 16.03.2022) किसी भी अधिकार, हित का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति (ओं) को कोई आपत्ति है या मूल शेयर प्रमाण पत्र के कब्जा धारक है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते/फोन 7011313127 पर उपरोक्त नामित व्यक्ति से संपर्क करे अन्यथा धारक उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा

PREM PRAKASH-ADVOCATE
207, Plot-1, MLU Sector-10 Dwarka, New Delhi-110075 (M)9871268399

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल राम गोपाल पुत्र स्वर्गीय सतपाल बिंद्रा निवासी फ्लैट क्रमांक 431, सरगोधा विहार सी.जी.एच.स. लिमटेड, प्लॉट-13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली जो कि फ्लैट क्रमांक 431, सरगोधा विहार सी.जी.एच.स. लिमटेड, प्लॉट-13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली के मालिक है और उक्त संपति का मूल शेयर प्रमाणपत्र खो गया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन अपराध शाखा, दिल्ली के ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्राथमिकी/एनसी आर दर्ज की गई है (एलआर संख्या 213179/2022 दिनांक 12.03.2022) किसी भी अधिकार, हित का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति (ओं) को कोई आपत्ति है या मूल शेयर प्रमाण पत्र के कब्जा धारक है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते/फोन 9811075524 पर उपरोक्त नामित व्यक्ति से संपर्क करे अन्यथा धारक उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा

PREM PRAKASH-ADVOCATE
207, Plot-1, MLU Sector-10 Dwarka, New Delhi-110075 (M)9871268399

सार्वजनिक नोटिस

विषय: आबंटिती श्री रवि भूषण चोपड़ा की मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित संपत्ति प्लॉट संख्या 1178, सेक्टर- 37, फरीदाबाद (हरियाणा) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। श्री रवि भूषण चोपड़ा पुत्र श्री तारा चंद चोपड़ा, जो रिकॉर्ड के अनुसार उद्धत संपत्ति के आबंटित थे, श्री रवि भूषण चोपड़ा की मृत्यु 04.06.2021 को हो गई है और उन्होंने 20.03.2021 को एक वसीयत छोड़ दी थी, जो 18.02.2022 को पंजीकृत है, वह निम्नलिखित कानूनी वारिसों को पीछे छोड़ गए हैं:- (1) श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा (पत्नी) (2) श्री राजन चोपड़ा (पुत्र) (3) श्रीमती विभा भुल्लर (बेटी), श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा पत्नी स्वर्गीय श्री रवि भूषण चोपड़ा निवासी 71-डी, ब्लॉक-एसी, शालीमार बाग, दिल्ली - 110088, कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करने का इरादा रखती है और श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा के नाम पर हस्तांतरण/पुन: आवंटन के लिए अनुरोध करती है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लॉट/मकान के उपरोक्त हस्तांतरण पर कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी, सेक्टर-12, फरीदाबाद को लिखित रूप में सहायक दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करा सकता है। अन्यथा सम्पदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुन: आवंटन की अनुमति प्रदान कर सकते है। उक्त समय के बाद के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। सम्पदा अधिकारी की ओर से कानूनी वारिस श्रीमती विजय लक्ष्मी चोपड़ा।

# घर खरीदारों को कीमतों में छूट और लचीली भुगतान योजनाओं की चाहत

**नई दिल्ली।** घर खरीदने की योजना बना रहे करीब आधे लोगों का मानना है कि निर्माण लागत बढ़ने से अगले छह महीनों में आवासीय इकाइयों की कीमतें बढ़ सकती हैं। 73 फीसदी लोग घरों की खरीद पर छूट और लचीली भुगतान योजनाएं भी चाहते हैं। आवासीय पोर्टल हाउसिंग डॉट कॉम और रियल एस्टेट संगठन नारेडको के एक साझा सर्वेक्षण में यह रुझान सामने आया है। यह सर्वेक्षण 2022 की पहली तिमाही में 3,000 से अधिक लोगों से ली गई राय पर आधारित है। हाउसिंग डॉट कॉम ने सोमवार को जारी आवासीय उपभोक्ता धारणा परिदृश्य जनवरी-जून 2022 रिपोर्ट में कहा कि सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत लोग निवेश के अन्य साधनों शेयर, सोना एवं सावधि जमा के बजाय रियल एस्टेट में निवेश करना चाहते हैं। 2020 की दूसरी छमाही में यह अनुपात सिर्फ 35 प्रतिशत था। हाउसिंग डॉट कॉम के अलावा मकान डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के समूह सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने कहा, कोविड महामारी ने हरेक व्यक्ति के लिए अपने घर की जरूरत बढ़ा दी है। अब लोग बड़ा और बेहतर घर चाहते हैं। 2021 में घरों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़ गई। 2022 में घरों की बिक्री कोविड-पूर्व स्तर पर पहुंच जाएगी। इस सर्वेक्षण में शामिल रियल एस्टेट संगठन नारेडको के अध्यक्ष राजन बंदेलकर भी कहते हैं कि लोग भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ अपनी आमदनी बढ़ने को भी लेकर आशांवित हैं। इससे घरों की मांग मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

## कल्याण ज्वेलर्स ने पूर्व कैग विनोद राय को चेयरमैन नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वेलर्स इंडिया लि. ने भारत के पूर्व नियंत्रक और कैग विनोद राय को कंपनी का चेयरमैन और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। कल्याण ज्वेलर्स ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि अभी इस नियुक्ति के लिए नियामकीय तथा शेयरधारकों की मंजूरी ली जानी है। टी.एस कल्याणरमन कंपनी के निदेशक मंडल में प्रबंध निदेशक के रूप में बने रहेंगे।

## पेट्रोल, डीज़ल की कीमत में फिर से बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल की कीमतों में 30 पैसे प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत में सोमवार को 35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। पिछले एक सप्ताह में छठी बार कीमत में बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य संबंधी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.11 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 99.41 रुपए प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत 90.42 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 90.77 रुपए प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल और डीज़ल के कीमतों में देश भर में वृद्धि की गई है, लेकिन इनके दाम स्थानीय कर के आधार पर अलग-अलग राज्यों में भिन्न हैं। पेट्रोल तथा डीज़ल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। इसके बाद 23 मार्च को भी इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। तब से छह बार कीमतों में वृद्धि की गई है। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही पेट्रोल एवं डीज़ल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही ।

# एनसीएलटी के समक्ष लगाए गए आरोप पूरी तरह गलत: मैक्स समूह चेयरमैन

**नई दिल्ली।** मैक्स ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनलजीत सिंह ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के समक्ष दायर की गई एक अर्जी में लगाए गए आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। मैक्स की तरफ से बीएसई को सोमवार को भेजे गए बयान में सिंह ने कहा कि वह एनसीएलटी में होने वाली सुनवाई के दौरान इन आरोपों को चुनौती देंगे। सिंह ने कहा, मामला अदालत में विचाराधीन होने की स्थिति में एनसीएलटी के समक्ष लगाए गए ये आरोप पूरी तरह गलत होने के साथ ही एक एजेंडा को भी दर्शाते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि अनलजीत सिंह की पत्नी नीलू अनलजीत सिंह ने एनसीएलटी के समक्ष एक अर्जी लगाकर अपने पति पर होल्डिंग कंपनी से फंड दूसरी जगह भेजने के आरोप लगाए हैं। नीलू ने मैक्स वेंचर्स इंवेस्टमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के कामकाज की जांच कराने की भी मांग की है। अपने पति अनलजीत सिंह को कंपनी का निदेशक एवं शेयरधारक होने के अयोग्य घोषित करने की भी एनसीएलटी से मांग की है। एनसीएलटी इस आवेदन पर इस हफ्ते सुनवाई कर सकता है। प्रतिक्रिया देते हुए अनलजीत सिंह ने कहा, ये आरोप गलत तथ्यों एवं गलत प्रस्तुतिकरण पर आधारित हैं। हम इन्हें एनसीएलटी की सुनवाई के दौरान चुनौती देंगे।

## बेंगलुरु में नई परियोजना से गोदरेज प्रॉपर्टीज को 2,000 करोड़ रुपए राजस्व की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म गोदरेज प्रॉपर्टीज लि. ने कहा कि उसे बेंगलुरु में 33 एकड़ इलाके में विकसित होने वाली एक आवासीय परियोजना से करीब 2,000 करोड़ रुपए का राजस्व आने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि साउथ बेंगलुरु में स्थित इस आवासीय परियोजना के तहत 34 लाख वर्ग फुट क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

## टाटा एआईए की कुल प्रीमियम आय 14,000 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद: सीईओ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस को चालू वित्त वर्ष में अपनी कुल प्रीमियम आय में 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 14,000 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नवीन तहिल्यानी ने भाषा के साथ बातचीत में यह संभावना जताई। वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 10 महीनों में बीमा उद्योग की वृद्धि मुख्य रूप से आधार प्रभाव के कारण लगभग 20 प्रतिशत रही है जबकि टाटा एआईए के लिए यह नए व्यापार प्रीमियम पर 32 प्रतिशत रही है। इस जीवन बीमा कंपनी ने 2020-21 में कुल 11,105.09 करोड़ रुपए की प्रीमियम आय अर्जित की थी। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में हम 32 प्रतिशत और वर्ष के पहले दस महीनों में 40 प्रतिशत के करीब बढ़े। मुझे उम्मीद है कि वर्ष के अंत तक नए कारोबार प्रीमियम में लगभग 35 प्रतिशत वृद्धि होगी और कुल प्रीमियम में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि रहेगी।

# टॉकटाइम

## जय भानुशाली

*अभिनेता और प्रस्तुतकर्ता, जो डीआईडी लिटिल मास्टर्स एस5 की मेजबानी करने के लिए वापस आ गये हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में बता रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में मेजबानी कैसे बदल गई है, उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उनकी भविष्य की योजनाएं क्या हैं*

# मैं अपनी समूची सफलता यात्रा के लिए डीआईडी का शुक्रगुजार हूं



**■ आप डांस शो की मेजबानी करने के लिए वापस आ गए हैं। सालों बाद वापसी करना कैसा लगता है?**

डीआईडी के साथ, और वह भी डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीजन 5 के साथ फिर से जुड़कर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

एक एंकर के रूप में यह शो मेरा पहला रियलिटी शो था क्योंकि इस शो ने मुझे होस्ट करने का मौका दिया है और इस मंच पर मेरी यात्रा अद्भुत रही है। मुझे मेरे दर्शकों व प्रशंसकों ने इस शो को होस्ट करने के लिए प्यार किया है और मैं अपनी सफलता की यात्रा का श्रेय डीआईडी को देता हूं। इस शो ने मुझे मेरी असली पहचान दी है और मैं बच्चों के शो में वापस आने के लिए आभारी हूं क्योंकि मुझे उनके आसपास रहने में मजा आता है।

**■ आपके अनुसार समय के साथ होस्टिंग कैसे बदली है?**

समय के साथ होस्टिंग निश्चित रूप से बदल गई है, और मेरा मानना है कि मैं वो था जिसने होस्टिंग की नियम पुस्तिका को रूपांतरित करने और बदलने का पहला कदम आगे बढ़ाया था। मुझे आज भी याद है कि एंकर वो हुआ करता था जो सिर्फ टेली-प्रॉम्प्टर से पढ़कर अपनी स्क्रिप्ट सुनाया करता था।

लेकिन जब मिथुन दा और मैं डीआईडी के लिए एक साथ आए, और उन्होंने मेरी टांग खींचनी शुरू की, तो वहीं एंकर की पूरी प्रोफाइल बदल गई।

अब दर्शक न सिर्फ एंकर को अपनी लाइनें प्रस्तुत करते हुए बल्कि उनका मनोरंजन करते हुए भी देखना चाहते हैं ।

**■ दर्शकों के लिए शो को मनोरंजक बनाने हेतु होस्ट की कुछ जिम्मेदारी होती है। आपके लिए यह कितना चुनौतीपूर्ण रहा है?**

यह निश्चित रूप से हर साल चुनौतीपूर्ण हो जाता है, लेकिन मैं मंच पर और मंच के इतर बहुत अलग व्यक्ति हूं। मुझे वो ध्यानाकर्षण पसंद है जो मुझे मिलता है और मुझे प्रतियोगियों व आसपास के बच्चों को चिढ़ाने में मजा आता है। वे मेरे वाइब्स के अनुसार प्रतिक्रिया करते हैं, अगर मैं गंभीरता से व्यवहार करता हूं, तो वे भी मेरे साथ गंभीर होते हैं और अगर मैं उनके साथ हल्के फुल्के ढंग से व्यवहार करता हूं या बात करता हूं, तो मुझे बदले में वही मिलता है। मुझे लगता है कि यह उन तरीकों में से एक है जिससे सामग्री अपने आप बन जाती है, और बच्चों के साथ मेरा संबंध स्थापित हो जाने के बाद, वे मुझे बेहद अनौपचारिक हो जाते हैं। मैं प्रतियोगियों के साथ-साथ उनके परिवार के साथ भी काफी समय बिताने की कोशिश करता हूं, जिससे उनके परिवार को भी शो में बात करने में मदद मिलती है। मुझे उनके साथ बातचीत करना अच्छा लगता है और मुझे उनसे जिस तरह की प्रतिक्रिया मिलती है वह बहुत उत्साहजनक है। वे जानते हैं कि अगर वे किसी चीज के बारे में बात करना चाहते हैं, तो वे मेरे पास आ सकते हैं, या तो बच्चे या माता-पिता।

**■ डीआईडी लिटिल मास्टर्स के पांचवें सीजन में रेमो डिसूजा, सोनाली बेंद्रे और मौनी रॉय के साथ आपका तालमेल कैसा चल रहा है?**

मैं रेमो सर को लंबे समय से जानता हूं, और हम तब तक इतने करीब रहे हैं, हम गोवा में भी एक साथ छुट्टियां बिताते हैं और क्रिकेट खेलते थे। वह दिल के बहुत अच्छे इंसान हैं और बहुत महान कोरियोग्राफर और निर्देशक हैं, लेकिन वे बहुत ही डाउन-टू-अर्थ हैं। वह कभी सम्मान की मांग नहीं करते हैं, और यह एक ऐसी चीज है जो मुझे सचमुच बहुत पसंद है। मौनी के साथ, हमने अपना टेलीविजन करियर एक साथ शुरू किया है, इसलिए हम तब से एक-दूसरे को जानते हैं, इसलिए मुझे उनके साथ बहुत जल्दी घुलने-मिलने का यकीन था क्योंकि वह खुद भी संवाद करने के मामले में बहुत खुशमिजाज व्यक्ति हैं। सोनाली मैम के बारे में बात करते हुए, मेरा मानना है कि आपको उनके व्यक्तित्व में एक खिंचाव प्राप्त होता है

> मेरा मानना है कि मैं वो था जिसने होस्टिंग की नियम पुस्तिका को रूपांतरित करने और बदलने का पहला कदम आगे बढ़ाया था। मुझे आज भी याद है कि एंकर वो हुआ करता था जो सिर्फ टेली-प्रॉम्प्टर से पढ़कर अपनी स्क्रिप्ट सुनाया करता था।

जब भी आप उनसे पहली बार बात करते हैं या मिलते हैं, और जब हम पहली बार डीआईडी के मंच पर मिले थे, तो मुझे पता था कि मैं उनके साथ घुलने-मिलने में ज्यादा समय नहीं लूंगा और अब, हम चारों की, आन स्क्रीन के साथ साथ आफ स्क्रीन भी , बहुत अच्छी केमिस्ट्री है।

**■ आपकी भविष्य की क्या योजनाएं हैं?**

मैं वास्तव में कुछ अच्छे काम, दिलचस्प शो की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं अपने अभिनय की ओर वापस आना चाहता हूं और एक अभिनेता के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाना चाहता हूं। मेरे प्रशंसकों ने मुझे एक अभिनेता के रूप में प्यार किया है, और इसलिए मुझे जल्द ही अभिनय में वापस करने और उनका मनोरंजन करने की जरूरत है। मुझे हमेशा उनसे संदेश मिलते रहते हैं कि वे मुझे शो में अभिनय करते देखना चाहते हैं और मुझे लगता है कि मुझे उनके लिए अपने अभिनय क्षेत्र में वापस आने की जरूरत है।

**■ अपने प्रशंसकों या दर्शकों के लिए आपका कोई संदेश?**

मैं उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि वे मुझ पर और शो डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीजन 5 पर हमेशा की तरह अपना प्यार बरसाते रहें। इसके अलावा, डीआईडी अभी ऑन-एयर है और मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि मेरे लिए इसे एक बार देखें और मुझे पता है कि उन्हें पछतावा नहीं होगा।

> **डॉ मुकेश क्वात्रा** का कहना है कि आने वाली पीढ़ियों का यह नैतिक दायित्व है कि वे ऐसी गतिविधियों से बचें जो पर्यावरणीय क्षरण की ओर ले जाती हैं और वे ऐसी एक स्थायी जीवन शैली अपनाएं जो मनुष्यों, पौधों और अन्य जीवित प्राणियों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है









# अभी या कभी नहीं

पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को अंधाधुंध मानव गतिविधियों द्वारा नष्ट होने बचाना बहुत आवश्यक है। यह दरअसल आने वाली पीढ़ियों के प्रति इंसान का नैतिक दायित्व है कि वह ऐसी गतिविधियों से बचें जो

पर्यावरणीय क्षरण की ओर ले जाती हैं और वे एक ऐसी स्थायी जीवन शैली अपनाएं, जो मनुष्यों, पौधों और अन्य जीवित प्राणियों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।

वायु और जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, कुछ ऐसे पर्यावरणीय मसले हैं जो हमारे सामने हैं। हमें बदलाव लाने के लिए केवल दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, अपनी जीवनशैली में कुछ समायोजन करना कार्बन पदचिन्ह को कम करने व पृथ्वी पर जीवन की आधारशिला वाले पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में मदद करने के लिए आवश्यक है।

भारत में छह विभिन्न प्रकार के पर्यावरण संरक्षण कानून व नीतियां हैं जिनसे नागरिकों को अवगत होना चाहिए : वन संरक्षण अधिनियम, 1980, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981, वायु व भारतीय वन अधिनियम, 1927 और जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974।

इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण एवं वनों व अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संदर्भ में मामलों के त्वरित एवं न्यायिक निपटान के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की स्थापना के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 का कानून बनाया गया है।

**पर्यावरण-रक्षा के उपाय :-**

अपशिष्ट कम करें और कम उपभोग करें

लक्ष्य अपनी उपभोग की आदतों व उनके पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में अधिक जागरूक होना है।

प्रत्येक उत्पाद का पर्यावरणीय प्रभाव होता है और अंततः डंपिंग ग्राउंड में तब्दील हो सकता है। हमारे महासागरों पर प्लास्टिक प्रदूषण का प्रभाव और समुद्री जीवन पर इसके व्यापक प्रभाव बहुत स्पष्ट हैं।

कम करने, पुनः उपयोग करने और पुनर्चक्रण के अलावा, हमें मना करने की भी आवश्यकता है। अपने जीवन में अनावश्यक चीजों को स्वीकार करने से इंकार करने से व्यक्ति को पैसे बचाने, अव्यवस्था को कम करने और पर्यावरण के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

यह सिर्फ उत्पाद नहीं हैं जिन्हें हम खरीदते हैं। यहां तक कि हम जो खाना खाते हैं वह भी व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। थाली में खाना न छोड़ें, केवल वही खाएं या खरीदें जो खाया जा सकता है।

**कम्पोस्ट**

जैविक और हरे कचरे को कम्पोस्ट करें। अपने भोजन के स्क्रैप और यार्ड कचरे को खाद बनाने के दो फायदे हैं: यह लैंडफिल से महत्वपूर्ण मात्रा में कचरे को हटा देता है और आपके बगीचे के लिए मुफ्त, पोषक उर्वरक बनाता है।

**पुनः उपयोग**

सिंगल यूज प्लास्टिक से पूरी तरह बचना चाहिए क्योंकि इससे हमारे इको-सिस्टम के लिए विनाशकारी परिणाम होते हैं। पुनः प्रयोज्य चीजों को अपनाना शुरू करें । आपके पास कचरे का ढेर कम होगा, और आप पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**स्थानीय खरीदें**

ताजा, पैकेज-मुक्त भोजन के लिए स्थानीय किसान बाजार में टैप करें, फार्म-टू-टेबल रेस्तरां में खाने का प्रयास करें, और स्थानीय कलाकारों, फैशन निर्माताओं एवं दुकानों से खरीदारी करें।

**अक्षय ऊर्जा को अपनाएं**

अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा खपत के 56 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद से, उन उत्सर्जन उद्देश्यों को पूरा करना अप्राप्य होगा यदि हम केवल मौजूदा जीवाश्म ईंधन पर निर्भर हैं। शहरी क्षेत्रों में सौर पैनल और ग्रामीण क्षेत्रों में पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की शरण लें।

**पर्यावरण अनुकूल सफाई उत्पादों का प्रयोग करें**

हमें पारंपरिक सफाई उत्पादों के बजाय, जो बड़े पैमाने पर सिंथेटिक रसायनों से बने होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद हानिकारक होते हैं, यथासंभव पर्यावरण अनुकूल सफाई उत्पादों का उपयोग करने की आवश्यकता है।

**जल संरक्षण**

जल सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक है और हमें अपने दैनिक जीवन में स्थायी प्रथाओं को अपनाकर इसका संरक्षण करना चाहिए। उदाहरण के लिए, ब्रश या शेविंग या सब्जी आदि धोते समय नल को चालू न रखें।

वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस तरीके से एकत्रित पानी का उपयोग बागवानी, धुलाई और सिंचाई सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

**ऊर्जा सरंक्षण**

आप थर्मल पावर प्लांटों द्वारा उत्पन्न खतरनाक गैसों की मात्रा को सीमित कर सकते हैं, प्राकृतिक संसाधनों को बचा सकते हैं, और कम ऊर्जा का उपयोग करके पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा कर सकते हैं।

बिजली के स्विच व उपयोग में न आने वाले गैजेट्स को बंद करके, कम एयर कंडीशनर का उपयोग करके, एलईडी जैसी ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था का उपयोग करके, आदि अन्य बहुत कुछ करके अपनी ऊर्जा खपत को कम करें।

**स्थायीत्वपूर्ण खाएं**

मांस आधारित आहार से अधिक पौधे आधारित आहार की ओर बढ़ने से पर्यावरण पर आपके प्रभाव को कम किया जा सकता है। मांसाहार से वन्यजीव विलुप्त होते हैं, जैव विविधता का नुकसान होता है। मांस और डेयरी हेतु पशुओं की खेती के लिए जगह की आवश्यकता होती है और साथ ही बड़ी मात्रा में पानी और चारे की भी आवश्यकता होती है। इसके अलावा, मांस के उत्पादन से सब्जियों, अनाज आदि जैसे पौधों की तुलना में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड होता है। इतना ही नहीं, मांस और डेयरी उत्पादों में कटौती करने से आपके साप्ताहिक खाद्य बिल भी कम हो सकते हैं।

**जिम्मेदारी से यात्रा करें**

परिवहन सर्वाधिक प्रदूषण फैलाने वाले क्षेत्रों में से एक है और इसलिए अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के सबसे कुशल तरीकों में से है - जिम्मेदारी से यात्रा करना। जब भी आप कर पाएं तो एक अधिक टिकाऊ तरीका चुनें, पैदल चलें या साइकिल चलाएं। घर के करीब छुट्टियां बिताने से आपके कार्बन फुटप्रिंट पर बड़ा असर पड़ सकता है। स्मार्ट ट्रैवल ऐप्स का उपयोग करने का प्रयास करें जो किसी विशेष गंतव्य के लिए यात्रा के विभिन्न तरीकों के पर्यावरणीय प्रभाव को दर्शाते हैं।

दुनिया को भावी पीढ़ियों को सौंपने के लिए एक बेहतर व स्वस्थ जगह का निर्माण करने में मदद करने हेतु एक स्वस्थ, हरित और टिकाऊ जीवन शैली को अपनाएं और उसमें ढलें।

**- लेखक स्माइलिंग ट्री के संस्थापक हैं।**

# टेली कथा

## अशरद वारसी दोहरी भूमिका में




अरशद वारसी कॉमेडी शैली में मास्टर हैं और उन्होंने अक्षय कुमार, कृति सेनन और जैकलीन फर्नांडीज के साथ अपनी हालिया रिलीज फिल्म बच्चन पांडे के जरिए अपने दर्शकों को इसकी याद दिलाई। और अब ऐसा लगता है कि अभिनेता चीजों को एक पायदान ऊपर ले जाने के लिए तैयार है क्योंकि अरशद अपने करियर में पहली बार अपनी अगली फिल्म जीवन भीमा योजना में दोहरी भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म एक विचित्र अपराध कॉमेडी है और डॉली की डोली के निर्देशक अभिषेक डोगरा द्वारा निर्देशित है, जो फिल्म-निर्माता के रूप में भी अपनी शुरुआत कर रहे हैं। अरशद फिल्म में दो बिलकुल भिन्न मगर एक जैसे दिखने वाले व्यक्तियों - जीवन और भीमा - की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। और जब उनके रास्ते टकराते हैं तो जो होता है वही कहानी का मूल है

## हर चीज का एक अंत है



सोनी सब का युवा-आधारित शो जिद्दी दिल माने ना अपनी रोमांचकारी स्टोरीलाइन के साथ प्यार, दोस्ती और सभी चीजों के एक्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। इस हफ्ते, शो एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गया है जो शो की दिशा को हमेशा के लिए बदलने के लिए तैयार है। जबरदस्त भावनाओं व जानलेवा दुर्घटना से भरपूर, नवीनतम ट्रैक दर्शकों को हैरान व संशय की स्थिति में छोड़ने का वादा करता है। क्या करण का अंत हो गया है? क्या मोनामी और बल्ली इमारत से सुरक्षित बच निकलने में सफल होंगे?




## डेयर डेविल का खतरनाक एक्शन ड्रामा

ये हैं बॉलीवुड के अल्टीमेट एक्शन हीरो, ये हैं विद्युत जामवाल! इस डेयरडेविल के नवीनतम एक्शन ड्रामा जुनून को देखने के लिए तैयार हो जाइए, जहां जब एक अस्पताल को हाईजैक कर लिया जाता है, तो एक आम आदमी लोगों को बचाने के लिए हीरो बन जाता है। हमेशा की तरह दिल जीतते हुए, विद्युत के स्लीक किक, पंच और बैकफ्लिप इस एक्शन भरपूर ड्रामा में दिलचस्पी बढ़ा देते हैं। 27 मार्च को दोपहर 12 बजे जी सिनेमा पर सनक के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ - वन-मैन आर्मी के शानदार जुनून, सस्पेंस, ड्रामा व रोमांच का सही मिश्रण तथा प्यार की ताकत आपको किस हद तक आगे बढ़ा सकती है - इसके गवाह बनें।

## एक्शन पैक्ड ट्रिपल रोल

27 मार्च को दोपहर 12 बजे वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में डांस नंबर कुसु कुसु में भव्य नोरा फतेही की डांस प्रस्तुति एक दिलचस्प ध्यानाकर्षण है।

सोनी मैक्स इस गर्मी में सीजन की सबसे हॉट फिल्म सत्यमेव जयते 2 के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ तापमान बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पावरपैक्ड एक्शन एंटरटेनर्स के पर्याय जॉन अब्राहम ने मिलाप द्वारा निर्देशित हिट एक्शन-ड्रामा में प्रसिद्ध सत्या के रूप में वापसी की है। जावेरी और दिव्या खोसला कुमार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं जिन्होंने 17 साल बाद कैमरे के सामने वापसी की है।

इस फिल्म में जॉन वर्सेस जॉन हैं, क्योंकि अनुभवी अभिनेता अपनी पसंदीदा एक्शन शैली में एक अत्यंत रोमांचकारी ट्रिपल भूमिका में लौटते हैं जो विशेष रूप से सिनेमा के पिछले दशक में दुर्लभ है। 2018 सत्यमेव जयते का सीक्वल, सत्यमेव जयते 2 एक जॉन अब्राहम शो है, जिसमें एक्शन हीरो ने एक जासूस, एक पुलिस अधिकारी और एक पिता की आकर्षक तिहरी भूमिका निभाई है, क्योंकि वह भ्रष्टाचार मुक्त भारत देखने के मिशन पर निकलता है।




हालांकि, भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दृष्टि बाधाओं से भरी हुई है क्योंकि दुश्मन और गलत काम करने वाले समाज में पुलिस से लेकर राजनेताओं, उद्योगपतियों और यहां तक कि आम लोगों तक में फैले हुए हैं। क्या सत्या भ्रष्टाचार व सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ अपनी लड़ाई में सफल साबित होंगे? शुरुआत में पिता की तीसरी भूमिका निभाने से हिचकिचाने वाले, जॉन अब्राहम न्याय करते हैं और हमें एक अलग युग में लेकर जाते हैं क्योंकि वह वास्तविक जीवन के लोगों से बेहद अलग अति शक्तिशाली किसान का किरदार निभाते हैं, जिन्हें वह स्क्रीन पर चित्रित करने के लिए जाने जाते हैं।

# लखनऊ के पदार्पण मैच में नहीं चले केएल राहुल

- बदोनी व हुड्डा की पारी से खड़ा किया सम्मानजनक स्कोर
- गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 158 रन बनाए







**भाषा। मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग में पदार्पण कर रहे आयुष बदोनी (54) और दीपक हुड्डा (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 87 रन की शानदार साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 158 रन बनाए। हुड्डा ने 41 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और छह चौके जड़े तो वहीं बदोनी ने इतनी ही गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए। लखनऊ की टीम ने पांचवें ओवर में 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद बदोनी और हुड्डा ने शानदार साझेदारी कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कृणाल पंड्या ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में नाबाद 21 रन बनाकर टीम के स्कोर को 158 तक पहुंचने में योगदान दिया। दो नई टीमों के बीच आईपीएल के पहले मैच में टॉस जीतने के बाद मोहम्मद शमी (25 रन पर तीन विकेट) ने पावर प्ले में तीन विकेट झटककर गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर लखनऊ के कप्तान लोकेश राहुल को खाता खोले बगैर पवेलियन भेजने के बाद क्विंटन डिकॉक (सात) और मनीष पांडे (छह) को बोल्ड किया। इस बीच दूसरे छोर से गेंदबाजी कर रहे वरुण आरोन (45 रन पर दो विकेट) की गेंद पर शुभमन गिल ने शानदार कैच लपक कर एविन लुईस की पारी खत्म किया। उन्होंने 10 रन बनाए। पावर प्ले के छह ओवर के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स का स्कोर चार विकेट पर 32 रन था। पावर प्ले के बाद हार्दिक (बिना सफलता के 37 रन) खुद गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने दो साल के बाद गेंदबाजी की और अपने पहले ओवर में सिर्फ एक रन खर्च किए। अनुभवी दीपक हुड्डा ने इसके बाद बदोनी के साथ लखनऊ की पारी को संवारना शुरू किया। हुड्डा ने गुजरात के कप्तान हार्दिक के खिलाफ 11 ओवर में दो चौके लगाने के बाद रन गति को तेज करना शुरू किया। आरोन के द्वारा किए गए 13वें ओवर में उन्होने दो चौके और एक छक्का लगाने के बाद अगले ओवर में राशिद खान (27 रन पर एक विकेट) का स्वागत छक्के से किया। इसी ओवर की दूसरी गेंद पर एक रन लेकर उन्होंने 36 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। अब तक संभल कर बल्लेबाजी कर रहे बदोनी ने 15वें ओवर में हार्दिक के खिलाफ शुरुआती तीन गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़ कर टीम के रनों के शतक को पूरा किया। इस ओवर से लखनऊ ने 19 रन बटोरे। बदोनी ने राशिद खान के खिलाफ 16वें ओवर में शानदार छक्का जड़ा लेकिन इस स्पिनर ने ओवर की पांचवीं गेंद पर हुड्डा को पगबाधा कर पांचवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बदोनी को कृणाल पंड्या का अच्छा साथ मिला और दोनों ने आखिरी ओवरों में 40 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 150 के पार पहुंचाया। शुरूआती स्पैल में तीन ओवर में सिर्फ 10 रन देने वाले शमी ने मैच के 18वें ओवर में 15 रन लुटा दिए। इस दौरान हालांकि लॉकी फर्ग्यूसन (बिना किसी सफलता के 24 रन) ने बदोनी का कैच टपकाया। बदोनी ने फर्ग्युसन के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर 38 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन पारी के आखिरी ओवर में आरोन की गेंद पर हार्दिक को कैच थमा बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**लखनऊ सुपर जायंट्स पारी** : लोकेश राहुल का वेड बो शमी 00, डिकॉक बो शमी 07, लुईसका गिल बो आरोन 10, मनीष बो शमी 06, हुड्डा पगबाधा राशिद 55, बदोनी का हार्दिक बो आरोन 54, कृणाल नाबाद 21, चमीरानाबाद 01, **अतिरिक्त**: (वाईड: 04) 04, **कुल योग**: 20 ओवर में छह विकेट पर 158 रन, **विकेट पतन**: 1-0, 2-13, 3-20, 4-29, 5-116, 6-156, **गेंदबाजी**: शमी 4-0-25-3 आरोन 4-0-45-2, फर्ग्युसन 4-0-24-0, हार्दिक 4-0-37-0, राशिद 4-0-27-1।

# राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की निगाह जीत से शुरुआत करने पर

**भाषा। पुणे**

**कई मैच विजेता** खिलाड़ियों की मौजूदगी वाला राजस्थान रॉयल्स दो पूर्व चैंपियन टीम की जंग में सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा जिसमें दोनों टीम की निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र की शुरुआत जीत से करने पर टिकी रहेंगी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी हद तक कप्तान संजू सैमसन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी जो पिछले कुछ वर्षों से टीम के साथ बने हुए हैं लेकिन अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। रॉयल्स ने दिवंगत शेन वार्न की अगुवाई में 2008 में पहले आईपीएल का खिताब जीता लेकिन उसके बाद टीम कभी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई। सैमसन ने हर साल एक या दो मैचों में अच्छा खेल दिखाया लेकिन अगर रॉयल्स को अपना दूसरा खिताब जीतना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। इससे सैमसन को इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह पक्की करने का मौका भी मिलेगा। जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल रॉयल्स की पारी का आगाज कर सकते हैं। बटलर किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में सक्षम हैं। वह पडिक्कल के साथ रॉयल्स को मजबूत शुरुआत दे सकते हैं जिससे सैमसन सरीखे खिलाड़ियों के लिए आसानी होगी। मध्यक्रम में रॉयल्स के पास पावर हिटर शिमरोन हेटमायर, रासी वान डेर डूसेन, जिमी नीशाम और रियान पराग जैसे खिलाड़ी हैं। उनका योगदान टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की मौजूदगी में रॉयल्स के पास एक मजबूत गेंदबाजी इकाई है। इन दोनों का अंतिम एकादश में खेलना निश्चित है और उनके आठ ओवर काफी अहम होंगे। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिसमें उनका साथ देने के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज हैं। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो उसके बल्लेबाजी क्रम में कप्तान केन विलियमसन सबसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के उनके साथी ग्लेन फिलिप्स पारी का आगाज कर सकते हैं जबकि मध्यक्रम की जिम्मेदारी निकोलस पूरण, प्रियम गर्ग और राहुल त्रिपाठी पर होगी। यदि विलियमसन तीसरे नंबर पर उतरते हैं तो फिर रविकुमार समर्थ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं जबकि अब्दुल समद की भूमिका फिनिशर की होगी। भुवनेश्वर कुमार सनराइजर्स के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे लेकिन उन्हें और उमरान मलिक को अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन वापसी कर रहे हैं और उनकी यार्कर विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए घातक साबित हो सकती है।

### हमारे पास पर्याप्त विकल्प हैं : सैमसन

**पुणे।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार उनके पास मजबूत टीम है जिसमें खेल के हर विभाग में पर्याप्त विकल्प मौजूद है और इसलिए टीम खिताब के 13 साल के इंतजार को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। आईपीएल 2008 के चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में सैमसन के अलावा जोस बटलर, देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल जैसे कुछ नामी खिलाड़ियों को अपनी टीम में लिया है। सैमसन ने कहा कि जल्द से जल्द आपस में सामंजस्य बिठाना टीम की जीत के लिए महत्वपूर्ण होगा। सैमसन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को होने वाले रॉयल्स के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमारा ध्यान जल्द से जल्द आपसी तालमेल स्थापित करना है। इस बार हमारे पास एक अलग टीम है।

### टोक्यो पैरालंपियन मनोज सम्मानित

**लखनऊ।** टोक्यो पैरालंपिक में कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार को आज एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस आयोजन में कोच गौरव खन्ना व एजिस के सीएमओ कार्तिक रमन ने उनको पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पैराअलंपिक के अन्य खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कोच गौरव खन्ना ने कहा कि धीरे-धीरे पैराअलंपिक खिलाड़ियों को सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई। अब सारे खिलाड़ी अगले पेरिस में होने वाले पैरालंपिक के लिए तैयार हो रहे हैं , सभी की नजर कम से कम दस पदकों पर है। मनोज सरकार ने कहा कि वह अब अपने पदक का रंग पीला करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। एजिस के सीएमओ कार्तिक रमन ने कहा कि हम हर उस खिलाड़ी की मदद करने को तैयार हैं जो आगे बढ़ना चाहते हैं।

### आई लीग : नेरोका और आइजोल जीते

**कोलकाता।** मणिपुर की नेरोका एफसी ने आई लीग फुटबॉल में इंडियन एरोज को 1-0 से हराकर सोमवार को शीर्ष तीन में जगह बना ली। वही एक अन्य मैच में पूर्व चैम्पियन आइजोल एफसी ने मुंबई के केंकरे एफसी को 1-0 से हराया। उसके लिए रामलुंछुंगा ने 75वें मिनट में गोल किया। आइजोल की यह आठ मैचों में तीसरी जीत थी और वह आई लीग के पहले चरण में शीर्ष सात में रहने के करीब है। वही नेरोका गोल औसत के आधार पर श्रीनिधि डेक्कन को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उसने इंडियन एरोज के बृजेश गिरि के 73वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल के दम पर जीत दर्ज की।

### अभिजीत गुप्ता को शतरंज में संयुक्त बढ़त

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन अभिजीत गुप्ता ने ईरान के पूरमोसावी सैयद कियान को हराकर 19वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढत बना ली। लगातार छह जीत के साथ गुप्ता के अर्जुन एरिगेसी, डी गुकेश और हर्षा भारतकोटी के समान 7 . 5 अंक हो गए है। वहीं एस पी सेतुरमन ने रूस के पावेल पोंक्रातोव को हराकर इन चारो की बराबरी कर ली।

### महाराष्ट्र बना चैंपियन, कर्नाटक रहा उप विजेता

**उदयपुर।** महाराष्ट्र ने सीनियर और जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करके यहां आयोजित 21वीं पैरा तैराकी चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि कर्नाटक की टीम दूसरे स्थान पर रही। महाराष्ट्र 386 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा जबकि कर्नाटक ने कुल 317 अंक अर्जित किए। पश्चिम बंगाल तीसरे और हरियाणा चौथे स्थान पर रहा।

### वर्सटाप्पन ने सऊदी अरब ग्रां प्री जीती

**जेद्दा।** मौजूदा चैंपियन मैक्स वर्सटाप्पन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कार्टिंग दिनों के अपने प्रतिद्वंद्वी चार्ल्स लेक्लर को पीछे छोड़कर सऊदी अरब ग्रां प्री में पहला स्थान हासिल किया जो उनकी फार्मूला वन के वर्तमान सत्र में पहली और करियर की कुल 21वीं जीत है।

# आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श चोटिल

- आईपीएल में खेलना संदिग्ध

**भाषा। लाहौर**



आस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श कूल्हे की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं और उनका दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में भी खेलना संदिग्ध है। दिल्ली कैपिटल्स ने मार्श को आईपीएल नीलामी में 6.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला समाप्त होने के बाद छह अप्रैल को दिल्ली की टीम से जुड़ना था लेकिन अब उनकी उपलब्धता चोट की स्थिति पर निर्भर करेगी। आस्ट्रेलिया के वनडे कप्तान आरोन फिंच ने सोमवार को यहां कहा कि मार्श रविवार को क्षेत्ररक्षण का अभ्यास करते समय चोटिल हो गए थे। उनका स्कैन कराया गया है जिसे जांच के लिए भेजा गया है। फिंच ने पत्रकारों से कहा, उसके (मार्श) कूल्हे में चोट लगी है। हमें लगता है कि वह अभ्यास के दौरान चोटिल हुआ। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि उसकी स्थिति कैसी है लेकिन कल जिस तरह से उसकी स्थिति थी मुझे नहीं लगता कि वह इस श्रृंखला में खेल पाएगा। उसे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी थी। वह गेंद को उठाने के लिए झुका और एक हाथ से उठाकर फेंकने में उसे चोट लगी। आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन वनडे मैचों की श्रृंखला मंगलवार को शुरू होगी।

### पंजाब किंग्स की महिला आईपीएल फ्रेंचाइजी रखने में काफी दिलचस्पी: वाडिया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के सह मालिक नेस वाडिया ने सोमवार को कहा कि उनकी फ्रेंचाइजी को महिला आईपीएल टीम रखने में काफी दिलचस्पी है। आईपीएल संचालन समिति की पिछले सप्ताह हुई बैठक के बाद से अगले साल से पांच से छह टीमों के साथ महिला आईपीएल करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें मौजूदा फ्रेंचाइजी टीमों को प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए पहली वरीयता दी जाएगी। वाडिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारी इसमें (महिला आईपीएल) काफी दिलचस्पी है। महिलाओं के लिए आईपीएल लंबे समय से लंबित है और जब ऐसा होगा तो यह बहुत खास होगा। पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट वास्तव में विकसित हुआ है। उन्होने कहा, अभी विश्व कप चल रहा है और महिलाओं के खेल मे काफी दिलचस्पी है। कल हमारी टीम को हारते हुए देखना दिल तोड़ने वाला था।

# एशियाई खेलों में जगह बनाने से चूकने से दुखी तीरंदाज दीपिका

- अतनु ने दमदार वापसी का भरोसा दिया

**भाषा। कोलकाता**



**तीन बार की** ओलंपियन दीपिका कुमारी एशियाई खेलों और तीन विश्व कप के लिए तीरंदाजी स्पर्धा के ट्रायल में झटका लगने के बाद अपनी भविष्य को लेकर आशंकित है। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज दीपिका के साथ उनके पति अतनु दास भी इस ट्रायल में सफलता नहीं पा सके लेकिन दोनों ने पेरिस ओलंपिक से पहले मजबूत वापसी का भरोसा दिया। राष्ट्रमंडल खेलों (2010) में स्वर्ण पदक जीतने के बाद लगातार भारतीय टीम की सदस्य रही दीपिका ने कहा, पूरे एक साल के लिए छुट्टी हो गई है। पूरे साल भर के लिए कुछ भी नहीं है हमारे पास। इस 27 साल की खिलाड़ी ने कहा, हम नहीं जानते कि हम बैठे-बैठे क्या करेंगे और एक साल तक घर पर कुछ नहीं करेंगे। हम ऐसी स्थिति के अभ्यस्त नहीं हैं। हम पूरी तरह से टूट चुके हैं। दीपिका के साथ साथ उनके पति अतनु भी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे। अतनु पुरुषों के ट्रायल में आठवें तो वही दीपिका महिलाओं में पांचवें स्थान पर रहीं। टीम में चुने हुए किसी खिलाड़ी का प्रदर्शन अगर काफी खराब रहता है तो इन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। अतनु ने कहा, कोई कट-ऑफ स्कोर नहीं है, लेकिन प्रमुख तीरंदाज से 10 अंक पीछे रहकर आप टीम से बाहर हो सकते हैं। लेकिन मुझे पता है कि ए तीरंदाज कितना स्कोर कर सकते हैं, इसलिए हम इस साल अपने मौके के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं।

# ललित ने अपनी मैच विजेता पारी का श्रेय अक्षर और पंत को दिया

**भाषा। नई दिल्ली**



**दिल्ली कैपिटल्स** की इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज ललित यादव ने अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय साथी खिलाड़ी अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत को दिया। ललित और अक्षर ने रविवार को मुंबई में खेले गए मैच में तब पांच ओवर में 75 रन की अटूट साझेदारी निभाकर दिल्ली को लक्ष्य तक पहुंचाया जबकि उनकी टीम छह विकेट पर 104 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। ललित ने 38 गेंदों पर नाबाद 48 जबकि अक्षर ने 17 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की यहां जारी विज्ञप्ति में ललित ने कहा, जब क्रीज पर दूसरे छोर पर अक्षर होता है तो मैं बहुत सहज महसूस करता हूं। वह मेरे खेल को जानता है और यह भी जानता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर सकता हूं। हम दोनों ने तय किया था कि विकेट बचाने हैं। हम जानते थे कि अगर हम खेलते रहेंगे तो आखिरी ओवर से पहले मैच ज़रूर जीत लेंगे। खेल के बीच में कप्तान पंत ने भी अपने बल्लेबाजों को केवल अपने खेल पर ध्यान देने की सलाह दी।

# इंग्लैंड क्रिकेट का संकट गहराया

- पिछले 17 में से सिर्फ एक टेस्ट जीत पाया

**भाषा। लंदन**

**ऑस्ट्रेलिया दौरे** पर एशेज श्रृंखला में हार के बाद वेस्टइंडीज के हालिया दौरे पर टेस्ट श्रृंखला में मिली निराशा से इंग्लैंड की टीम और क्रिकेट प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया है। टीम पिछले 17 टेस्ट मैचों में से सिर्फ एक बार जीत का स्वाद चखने में सफल रही है। एशेज में करारी शिकस्त के बाद मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और अब वेस्टइंडीज दौरे के बाद इस तरह की अटकलें लग रही है कि कप्तान जो रूट को भी यह जिम्मेदारी छोड़नी होगी। आने वाले दिनों ने इंग्लैंड को न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की तीन-तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए मेजबानी करनी है और इस बीच भारत के खिलाफ श्रृंखला का बचा हुए एक टेस्ट मैच भी खेलना है। भारतीय टीम पांच मैचों की इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। रूट ने हालांकि कहा है कि वह टीम का नेतृत्व करना जारी रखना चाहते है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे मैच में 10 विकेट की हार के बाद कहा, इस टीम को आगे ले जाने के लिए मैं काफी जुनून से भरा हूं। रूट रिकॉर्ड 64 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके है। पिछले कुछ समय में टीम की सबसे बड़ी कमजोरी लचर बल्लेबाजी रही है। रूट को छोड़कर किसी भी बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है। 2021 में इंग्लैंड के बल्लेबाज 50 बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए और इस दौरान उनका औसत महज 24.80 का रहा। वेस्टइंडीज दौरे पर भी तीसरे टेस्ट में बल्लेबाजी हार का कारण बनी। गेंदबाजी में भी वेस्टइंडीज दौरे पर अनुभवी जिमी एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम से बाहर करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। जोफ्रा आर्चर लंबे समय से टीम से बाहर है और मार्क वुड तथा ओली रोबिनसन अक्सर चोट से परेशान रहते है। ऐसे में फौरी तौर पर टीम को एक साथ 34 साल का अनुभव और 1,177 विकेट साझा करने वाली एंडरसन और ब्रॉड की जोड़ी की ओर लौटना होगा। इंग्लैंड की घरेलू क्रिकेट प्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है।

# कनाडा ने 36 साल बाद विश्व कप में जगह बनाई

**टोरंटो।** कनाडा ने साइले लारिन, टाजोन बुकानन और जूनियर होइलेट के गोल की मदद से जमैका को 4-0 से हराकर 36 साल में पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई। कनाडा इससे पहले केवल एक बार 1986 में विश्व कप में खेला था। मिडफील्डर जोनाथन ओसोरियो ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं। सपना सच हो गया। हम सभी बचपन से इसका सपना देखते थे और कनाडाई होने के कारण यह असंभव था। आज असंभव हुआ। यह अविश्वसनीय अहसास है। कनाडा पिछले सप्ताह कोस्टारिका से 1-0 से हारने के कारण विश्व कप में जगह बनाने से चूक गया था। यह उसकी विश्व कप क्वालीफाईंग में छह जीत के बाद पहली हार थी। जमैका के खिलाफ उसकी टीम ने हालांकि शुरू से दबदबा बनाए रखा और आसान जीत हासिल की। जमैका पहले ही विश्व कप में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है।

### पुलिसिच की हैट्रिक से अमेरिका की बड़ी जीत, विश्व कप में जगह बनाने के करीब पहुंचा



**ओरलैंडो।** क्रिश्चियन पुलिसिच की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पहली हैट्रिक की मदद से अमेरिका ने पनामा को 5-1 से करारी शिकस्त देकर इस साल के आखिर में कतर में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अमेरिका ने पहले हॉफ में चार गोल किए जिसमें से पुलिसिच ने दो पेनल्टी को गोल में बदला। उनके अलावा पॉल एरियोला और जीसस फेरेरा ने भी गोल किए। पुलिसिच ने इसके बाद 65वें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल करके स्कोर 5-0 किया। पनामा के लिए एकमात्र गोल एनिबेल गोडोइ ने 86वें मिनट में किया। अमेरिका 2018 में विश्व कप में जगह नहीं बना पाया था लेकिन वह अभी क्वालीफाई करने की अच्छी स्थिति में है। वह कोस्टारिका के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में छह गोल के अंतर से हारने पर ही विश्व कप में जगह नहीं बना पाएगा। उत्तरी एवं मध्य अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र से तीन टीमें सीधे विश्व कप में जगह बनाती हैं।

### जोर्डन में दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम अगले महीने मिस्र और जोर्डन के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार ए मैच पांच और आठ अप्रैल को जोर्डन में खेले जाएंगे। एआईएफएफ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम मिस्र और जॉर्डन से दो मैत्री मैच खेलेगी। टीम पांच अप्रैल को मिस्र और आठ अप्रैल को जोर्डन का सामना करेगी। इसके बाद खिलाड़ी इंडियन्स वूमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए अपने अपने क्लबों से जुड़ जाएंगे। भारत की 30 सदस्यीय टीम अभी मुख्य कोच थॉमस डेनरबी की देखरेख में गोवा में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है। भारतीय टीम दो अप्रैल को जोर्डन के लिए रवाना होगी।

### नीरज चोपड़ा, प्रमोद भगत को पद्मश्री मिला

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा को सोमवार को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से नवाजा गया। 24 वर्ष के भालाफेंक खिलाड़ी चोपड़ा को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने यह सम्मान प्रदान किया। पैरालम्पिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को भी चोपड़ा के साथ यह सम्मान दिया गया। चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में भारत को पहला ओलंपिक स्वर्ण दिलाया था। वह अभिनव बिंद्रा के बाद व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। भगत पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय हैं।

# बजरंग के लेग डिफेंस में कोई कमी नहीं, यह उनके खेलने का तरीका : कोच सुजीत

**भाषा। नई दिल्ली**



**बजरंग पूनिया** को लेकर कुश्ती जगत में आम धारणा है कि उनका लेग डिफेंस (प्रतिद्वंद्वी द्वारा पैर पकड़ने के बाद बचाव का तकनीक) कमजोर है लेकिन भारत के शीर्ष पहलवान के नए निजी कोच सुजीत मान का मानना है कि इस खिलाड़ी की आक्रमण शैली के कारण ऐसा दिखता है।

मान ने कहा कि बजरंग को बस अपनी चाल को अंक में बदलने की जरूरत है। बजरंग का लेग डिफेंस पिछले तीन वर्षों से सुर्खियों में रहा है, खासकर तोक्यो ओलंपिक में जहां उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। बजरंग को इसी वजह से तोक्यो में जापान के उनके चिर प्रतिद्वंद्वी ताकुतो ओटोगुरो के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था। उनके पूर्व कोच शाको बेंटिनिडिस ने भी इस पर काम किया, लेकिन 28 वर्षीय बजरंग वांछित प्रगति नहीं कर सके। इससे निराश होकर राष्ट्रीय महासंघ जॉर्जिया के उनके सहयोगी स्टाफ से हटा दिया था। इस साल जनवरी से बजरंग के साथ काम करना शुरू करने वाले मान ने कहा कि उनका लेग डिफेंस उतना कमजोर नहीं है जितना समझा जाता है। मान ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, बहुत से लोगों का मानना है कि उनका लेग डिफेंस कमजोर है लेकिन ऐसा नहीं है। यह एक तरीका है। क्रिकेट में, आक्रामक बल्लेबाज अपने शॉट्स खेलता है और इस प्रक्रिया में अपना विकेट गंवाने का जोखिम उठाता है। बजरंग के मामले में, जब वह आक्रामक खेल खेलता है, तो उसका लेग डिफेंस कमजोर दिखाई देता है।

### बोपन्ना-शापोवालोव मियामी ओपन के युगल क्वार्टर फाइनल में

**मियामी (अमेरिका)।** भारत के रोहन बोपन्ना और कनाडा के उनके जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव ने यहां मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में निकोला मेक्टिच और मेट पाविच की शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रोएशियाई जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और शापोवालोव की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने रविवार को दूसरे दौर के मैच में मेक्टिच और पाविच को 6-3 7-6 (3) से पराजित किया। बोपन्ना और शापोवालोव को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूप्स्की की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ना होगा।